आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी 07:19 उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 21 जून 2025

वर्ष 3, अंक 301, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





2024 में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा 14

सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान 12


## एक्सिओम-4 मिशन के लिए प्रक्षेपण फिर टला

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई बार टलने के बाद रविवार को किया गया था निर्धारित

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन के लिए रविवार को निर्धारित प्रक्षेपण स्थगित करते हुए कहा कि हाल में रूसी खंड में मरम्मत कार्यों के बाद कक्षीय प्रयोगशाला के संचालन का आकलन करने के लिए उसे अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के बूस्टर में रिसाव, प्रक्षेपण पथ में खराब मौसम और ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के सबसे पीछे वाले भाग में रिसाव के कारण कई बार टाले जाने के बाद एक्सिओम-4 मिशन के तहत प्रक्षेपण 22 जून को करने का लक्ष्य रखा गया था।

एक्सिओम स्पेस ने एक बयान में कहा कि नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) ने रविवार यानी 22 जून की निर्धारित तारीख पर प्रक्षेपण नहीं करने का निर्णय लिया है तथा प्रक्षेपण की नई तारीख आगामी दिनों में तय की जाएगी।

# देश के तीसरी अर्थव्यवस्था बनने में बिहार की बड़ी भूमिका : मोदी

सिवान (बिहार), एजेंसी



लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

- सिवान में 5,900 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- राजद पर निशाना, कहा- बिहार दलितों के आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने में बिहार की बड़ी भूमिका होगी। दुनिया भारत की प्रगति से बहुत प्रभावित है। वे देख रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। इसमें बिहार निश्चित रूप से बड़ी भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री ने सिवान में 5,900 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने और वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद लगभग 45 मिनट के संबोधन में आगामी विधानसभा चुनावों में राजद नीत विपक्ष द्वारा बिहार के आर्थिक संसाधनों पर फिर से कब्जा करने के प्रयासों के प्रति लोगों को आगाह किया। बाबा साहब भीम राव आंबेडकर का कथित रूप से अपमान करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की आलोचना की और कहा कि बिहार के लोग दलितों के इस आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। सिवान पहुंचे मोदी ने कहा कि आंबेडकर वंशवाद के खिलाफ थे, लेकिन उन्हें (राजद और उसके सहयोगियों को) यह पसंद नहीं है। इसलिए उन्होंने अपने पैरों के पास उनकी तस्वीर रख ली है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे दलितों का तिरस्कार करते हैं। इसके विपरीत, मोदी बाबासाहेब को अपने दिल में रखता है और उनकी तस्वीर को अपने सीने से लगाकर रखना चाहता है। मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद का नाम लिए बगैर कहा कि 70 वर्षीय बीमार व्यक्ति के पैरों के पास आंबेडकर का चित्र रखा गया था, जिसका विरोध राजग कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद-कांग्रेस के लोगों में वंचित जातियों, दलितों, ओबीसी के लोगों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। वे खुद को बाबासाहेब आंबेडकर से ऊपर समझते हैं।

### ओडिशा में की 18,600 करोड़ के 105 प्रोजेक्ट की शुरुआत

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा की अपनी यात्रा के दौरान 18,600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 105 विकास परियोजनाओं की शुरूआत की, ओडिशा दृष्टि दस्तावेज का अनावरण किया और नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। लखपति दीदी सहित कई लोगों को सम्मानित भी किया। जून 2024 में राज्य में भाजपा नीत सरकार बनने के बाद से छठी बार ओडिशा आए मोदी ने यहां जनता मैदान में सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में परियोजनाओं की शुरुआत की, तिरंगा यात्रा में शामिल हुए, रोड शो किया।

## एक नजर

### तटरक्षक बल ने पांच घुसपैठियों को पकड़ा

**विशाखापत्तनम।** भारतीय तटरक्षक बल ने आंध्रप्रदेश में एक जहाज में अवैध रूप से सवार होकर घुसपैठ वाले पांच लोगों को काकीनाड़ा तट से गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने शुक्रवार को बताया कि घुसपैठिए कथित तौर पर मछली पकड़ने वाली नाव से आए थे और काकीनाडा के पास वकालपुडी लाइट हाउस से करीब 2.5 समुद्री मील दूर सहायक जहाज एमवी जीएच पाथफाइंडर में घुस गए थे। उन्होंने बताया कि जहाज के नाविकों ने काकीनाडा स्थित तटरक्षक स्टेशन से सहायता मांगने के लिए एक संदेश भेजा। स्टेशन ने अपनी नियमित गश्ती इंटरसेप्टर नाव को भेजा गया। तटरक्षक बल को आते देख घुसपैठियों ने अपनी नाव से भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।

### मदुरै के मंदिर तोड़ने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मदुरै में विस्तारा रेजीडेंसी अपार्टमेंट परिसर में बिना अनुमति के बनाए गए मंदिर को तोड़ने पर शुक्रवार को रोक लगा दी और मदुरै निगम को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने विस्तारा वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। याचिका में मंदिर को गिराने का निर्देश देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

# डी-कंपनी से साझेदारी करती थीं पिछली सरकारें : मुख्यमंत्री

## योगी ने आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों साइड से किया लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण

- कहा-पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ आज बन गया अदम्य साहस का गढ़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



आजमगढ़ के सलारपुर में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार आजमगढ़ और गोरखपुर दोनों तरफ से 7,283 करोड़ की लागत से बने 91.352 किलोमीटर गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण किया। इस मौके पर अपने संबोधन में पिछली सरकारों पर हमला करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे विकास कार्य करने की बजाय डी-कंपनी (दाऊद गिरोह) के साथ साझेदारी करती थीं। कहा कि कभी पहचान के संकट से जूझने वाला आजमगढ़ जिला आज अदम्य साहस का गढ़ बन गया है। प्रदेश में आम आदमी की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले के लिए यमलोक का टिकट कट जाता है।

लोकार्पण के बाद आजमगढ़ के सलारपुर, फूलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि यह एक्सप्रेसवे आजमगढ़ के साथ अंबेडकर नगर, संत कबीर नगर और गोरखपुर को विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। इसके बनने से नेपाल समेत पटना से दिल्ली की यात्रा आसान होगी। कहा कि 2017 में केवल दो एक्सप्रेसवे (यमुना और आगरा-लखनऊ) थे, जिसमें आगरा-लखनऊ अधूरा था, जिसे डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया। अब 340 किलोमीटर का पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, 300 किलोमीटर का बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और 91 किलोमीटर का गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे चालू हो चुके हैं। इसके अलावा, गंगा एक्सप्रेसवे (600 किलोमीटर), लखनऊ-कानपुर, बलिया लिंक सहित छह एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन हैं। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे ने 3 घंटे की दूरी को 40-45 मिनट में सिमटने का गौरव हासिल किया है।

योगी ने कहा कि इस वर्ष के अंत तक गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण प्रधानमंत्री करेंगे। उन्होंने आठ साल के कार्यकाल की तमाम उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि यूपी बीमारू और जंगलराज से बाहर निकल कर अब सुरक्षा-सुशासन समेत एक्सप्रेसवे से लेकर प्रगति के हर क्षेत्र में नई इबारत गढ़ रहा है। सपा सरकार के घोटाले गिनाते हुए कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के नाम पर भी करीब 4 हजार करोड़ की डकैती की योजना थी। 15,200 करोड़ में 110 मीटर चौड़ा एक्सप्रेसवे बनाना चाहते थे, हमने उसे 120 मीटर चौड़ा करके 11,800 करोड़ में बनवाया।

### भर्ती में वसूली पर निकलते थे चाचा-भतीजा

गोरखपुर की तरफ से लोकार्पण समारोह में भगवानपुर टोल प्लाजा पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब प्रदेश में सरकारी नियुक्तियों पर प्रश्न नहीं उठते हैं। अब जाति, क्षेत्र का भेद नहीं होता बल्कि भर्तियां मेरिट के आधार पर और आरक्षण के नियमों के अनुरूप होती हैं। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि भर्तियां 2017 के पूर्व में होती तो चाचा-भतीजा की जोड़ी वसूली पर निकल गई होती।

## एयर इंडिया की दिल्ली-पुणे उड़ान से टकराया पक्षी





- कंपनी ने रद्द की वापसी की फ्लाइट

**मुंबई।** दिल्ली से पुणे के लिए रवाना हुए एयर इंडिया के विमान से शुक्रवार को एक पक्षी के टकरा जाने के बाद विमानन कंपनी को इसकी वापसी की यात्रा रद्द करनी पड़ी।

विमानन कंपनी ने कहा कि विमान पुणे में सुरक्षित उतर गया और उसके बाद ही पक्षी के टकराने की बात पता चली। एयर इंडिया ने कहा कि विमान को खड़ा कर दिया गया है और इंजीनियरिंग टीम विस्तृत जांच कर रही है। विमानन कंपनी ने कहा कि 20 जून को पुणे से दिल्ली की उड़ान संख्या एआई2470 को पक्षी के टकराने के कारण रद्द कर दिया गया है। फंसे हुए यात्रियों को ठहराने की सुविधा प्रदान करने समेत समस्त इंतजाम कर रही है। यात्रा रद्द करने या पुनर्निर्धारण का विकल्प चुनने वाले यात्रियों को राशि वापस करने की पेशकश भी की जा रही है, वहीं यात्रियों को दिल्ली ले जाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

# केंद्र सरकार कराएगी प्रवेश परीक्षाओं की निष्पक्षता की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गठित की 9 सदस्यीय समिति
- कोचिंग पर छात्रों की निर्भरता की भी होगी पड़ताल



कोचिंग संस्थानों और 'डमी स्कूलों' के बढ़ते चलन के साथ-साथ प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता की जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने नौ सदस्यीय समिति गठित की है। अधिकारियों ने बताया कि उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी की अध्यक्षता वाली समिति उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए कोचिंग सेंटरों पर छात्रों की निर्भरता कम करने के उपाय सुझाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि समिति मौजूदा स्कूल शिक्षा प्रणाली में मौजूद उन खामियों की जांच करेगी, जिनके कारण छात्र कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हो जाते हैं। विशेष रूप से यह समिति इस बात पर गौर करेगी कि किस तरह रटने की प्रवृत्ति हावी है और आलोचनात्मक सोच, तार्किक विवेक, विश्लेषणात्मक क्षमता और नवाचार पर सीमित ध्यान दिया जा रहा है।

### पता लगाएंगे डमी स्कूलों के उभरने के कारण

अधिकारी ने कहा कि 'डमी स्कूलों' के उभरने के पीछे के कारणों की जांच की जाएगी और समिति औपचारिक स्कूली शिक्षा की कीमत पर पूर्णकालिक कोचिंग को प्रोत्साहित करने में उनकी भूमिका का अध्ययन करेगी तथा उन्हें कम करने के उपाय सुझाएगी। समिति स्कूल शिक्षा प्रणाली के संदर्भ में प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता तथा कोचिंग उद्योग के विकास पर उनके प्रभाव का अध्ययन करेगी।

# प्रदेश में मानसून ने पकड़ी रफ्तार, 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी



लखनऊ में शुक्रवार की सुबह हुई बरसात के चलते केजीएमयू के मुख्य गेट पर भरा पानी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पूर्वी-दक्षिणी 58 जिलों में वज्रपात का अलर्ट जारी
- प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर व भदोही में भारी बारिश का अलर्ट

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में मानसून ने तेजी पकड़ ली है। राज्य के दक्षिणी भाग से शुरू होकर मानसून का प्रभाव शुक्रवार को तराई, मध्य और पश्चिमी इलाकों में भी नजर आया। प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मध्यम से अच्छी बारिश हुई। प्रयागराज, मिर्जापुर, अमेठी, उन्नाव आदि में बादल जमकर बरसे। राजधानी लखनऊ में भी बारिश हुई।

इस बीच मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जबकि, चार जिलों प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर और भदोही में भारी से अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। लगभग 58 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है। शनिवार से प्रदेश के दक्षिणी इलाकों समेत विंध्य क्षेत्र और बुंदेलखंड में भी अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, उत्तर प्रदेश में मानसून उत्तर-पश्चिम के कुछ जिलों और एनसीआर को छोड़कर पूरे राज्य में फैल गया है।

## ईडी ने बंगाल, दिल्ली में जब्त किए बैंक खाते और दस्तावेज

कोलकाता, एजेंसी

- ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी की जांच करते हुए पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तलाशी अभियान चलाकर 12 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए।

ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी से संबंधित धन शोधन जांच के मामले में पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली में सात स्थानों पर छापेमारी की, जहां भोले-भाले निवेशकों को उच्च रिटर्न के झूठे वादों के साथ पैसा निवेश करने के लिए गुमराह किया गया। तलाशी के दौरान, इन गतिविधियों से जुड़े लगभग 203 बैंक खातों को बंद कर दिया गया और 12 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी ने कहा कि अब तक बंद किए गए 147 बैंक खातों में 4.5 करोड़ रुपये राशि जमा हैं। प्रमुख जांच एजेंसी ने रिकॉर्ड, मोबाइल फोन और लैपटॉप भी जब्त किए। एक परिसर से 4.5 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की।

## ईरान ने भारतीयों की निकासी को हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** ईरान ने मशहद से लगभग 1,000 भारतीय नागरिकों को निकालने के वास्ते तीन विशेष उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटा दिए हैं। ईरानी दूतावास में मिशन के उप प्रमुख मोहम्मद जावेद हुसैनी ने कहा कि जरूरत हुई तो भारतीयों को वापस लाने के लिए आने वाले दिनों में और अधिक उड़ानें संचालित की जा सकती हैं। ईरान की राजधानी तेहरान पर इजराइली हमलों के बाद भारतीयों को मशहद शहर ले जाया गया। निकासी उड़ानों का संचालन ईरानी एयरलाइन द्वारा किया जाएगा, जिसका प्रबंध भारत कर रहा है।

# एसीबी की सिसोदिया से 3 घंटे तक पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली के सरकारी स्कूलों के कक्षा निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से यहां सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शुक्रवार को तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

एसीबी ने सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को तलब किया था। जैन 6 जून को एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे। मामला दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कक्षाओं और भवन का निर्माण अत्यधिक लागत में करने से संबंधित कथित अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी), मधुर वर्मा ने कहा कि सिसोदिया पूर्वाह्न 11 बजे एजेंसी के समक्ष पेश हुए। वर्मा ने कहा कि सिसोदिया से पंच गवाह की मौजूदगी में पूछताछ की गई और उनके जवाब दर्ज किए गए। पूछताछ के बाद वह अपराह्न 2.30 बजे एसीबी कार्यालय से चले गए। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ की वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के आधार पर 30 अप्रैल को एसीबी द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद समन जारी किए गए।

### 300 से अधिक पासबुक व सरकारी फाइलें जब्त


**नई दिल्ली।** कक्षा निर्माण घोटाले के संदर्भ में ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने मजदूरों के नाम पर खोले गए बैंक खातों (म्यूल) से जुड़ी 300 से अधिक पासबुक जब्त की हैं, जिनके जरिए पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान कक्षा निर्माण 'घोटाले' से प्राप्त राशि की 'हेराफेरी' की गई थी। जांच एजेंसी ने इस सिलसिले में 18 जून को दिल्ली में 37 स्थानों पर तलाशी ली थी। जिसमें कई फाईलें भी जब्त की थी।

# शहर बनेंगे ग्रीन सिटी, भवन निर्माण पर लागू होंगे हरित मानक

## शहरी हरित नीति को कैबिनेट की मिली मंजूरी, स्मार्ट ग्रीन शहरों में बनेंगे वर्टिकल गार्डन, पार्क और मियावाकी फॉरेस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयास होंगे तेज



**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को शहरी हरित नीति को मंजूरी दे दी है। नगर विकास विभाग से प्रस्तावित इस नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य में निरंतर और संपोषणीय विकास को बढ़ावा देना है। जिसके तहत शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाया जाएगा।

साथ ही ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग प्रणाली को विकसित किया जाएगा, जो शहरों को उनकी हरित पहलों के आधार पर ग्रीन स्टार रैंकिंग प्रदान करेगा। इस कड़ी में शहरों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने को वर्टिकल और रूफटॉफ गार्डेन के अलावा मियावाकी जंगलों को भी विकसित किया जाना है। शहरी हरित नीति के तहत तीन-स्तरीय रणनीति अपनाई जाएगी, जिसमें शहर, मोहल्ला और भवन स्तर पर हरित पहलों को बढ़ावा दिया जाएगा। एक ओर शहरी क्षेत्र में मियावाकी पद्धति का उपयोग करते हुए तीव्र विकास वाले घने मिनी-वनों का निर्माण किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर ग्रीन बेल्ट, निम्न-उत्सर्जन क्षेत्र, स्पॉन्ज पार्क और शहरी हरित मेले आयोजित किए जाएंगे। मोहल्ला स्तर पर, पॉकिट पार्क, सामुदायिक बग़ीचे और पार्क गोद लेने की योजनाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही नए निर्माणों के लिए हरित भवन मानकों को अनिवार्य किया जाएगा। शहरी हरित नीति को तीन चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में ये नीति 2025–2027 तक स्मार्ट शहरों और प्रमुख महानगरों पर ध्यान केंद्रित करेगी। दूसरे चरण में 2027–2030 तक उन शहरों को शामिल किया जाएगा जिनकी जनसंख्या एक लाख से अधिक है। जबकि तीसरे चरण में वर्ष 2030 के बाद ये नीति पूरे राज्य की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में भी लागू की जाएगी।

### कई योजनाओं से धनराशि एकत्रित की जाएगी

प्रदेश में शहरी हरित नीति के संचालन के लिए विभिन्न केंद्र और राज्य की योजनाओं के माध्यम से धनराशि एकत्रित करने का प्रावधान है। जिसमें अमृत 2.0, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग शामिल हैं। शहरी स्थानीय निकाय अपनी आय, सीएसआर फंड और अन्य स्रोतों से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। शहरी हरित नीति के तहत सामुदायिक भागीदारी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। जिसमें स्कूलों, कार्यालयों और संगठनों के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान चलाए जाएंगे। रूफटॉफ और वर्टिकल गार्डन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### शहरों को मिलेंगी ग्रीन सिटी की विविध रैंकिंग

शहरी हरित नीति के तहत ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क स्थापित करने का प्रावधान है। जिसके तहत शहरों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें शहरों को उनके ग्रीन कवर और हरित पहलों के आधार पर रैंक किया जाएगा। इसके तहत शहरों को ग्रीन सिटी, ग्रीन , ग्रीन और ग्रीन की रैंक प्रदान की जाएगी। प्रत्येक शहर की निगरानी स्थानीय, राज्य और तीसरे पक्ष की एजेंसियों द्वारा की जाएगी। सर्वाधिक रैंकिग प्राप्त करने वाले शहर अल्टीमेट ग्रीन सिटी का पुरूस्कार प्राप्त करेंगे।

# समान मुआवजे के लिए किसानों का प्रदर्शन

**लिंक एक्सप्रेस वे**

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाले लिंक एक्सप्रेस वे के निर्माण को लेकर शासन से जमीन का अधिग्रहण का काम चल रहा है। इसमें आने वाले दो गांव के किसानों ने समान मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे को इटावा की ताखा तहसील के गांव कूदरेल से हरदोई में गंगा एक्सप्रेस वे में जोड़ने के लिये लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण होना है। शासन के निर्देश पर इटावा,कन्नौज, मैनपुरी व फर्रुखाबाद, हरदोई जनपद के जिलाधिकारियों ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कन्नौज जनपद की तहसील छिबरामऊ के थाना सकरावा की ग्राम सभा लौहटीकुरिया एवं विजनौरा के गांवों की जमीन हाईवे में आ रही है। किसान रोमन सिंह, सुरेंद्र सिंह, मलिखान सिंह निवासी लौहटिकुरिया ने बताया कि उनकी ग्राम सभाओं का सर्किल रेट सरकार द्वारा साढ़े 10 लाख रुपये प्रति हेक्टर दिया जा रहा है जबकि इटावा जनपद के गांव पुरैला, गुजराती का सर्किल रेट 18 लाख से 28 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर दिया जा रहा है। मैनपुरी की किसनी तहसील के गांव वुले एवं फैतपुर की ग्राम सभा का सर्किल रेट 25 लाख रुपया प्रति हेक्टेयर दिया जा रहा है। इसलिए उन लोगों ने मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव को प्रार्थना पत्र भेजकर समान सर्किट रेट के हिसाब से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। गुरुवार दोपहर किसानों ने लौहटिकुरिया गांव के सामने एकत्र हो कर प्रदर्शन किया।


लौहटिकुरिया गांव के सामने प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

- **मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व जिलाधिकारी से किसानों ने लगाई गुहार**
- **लिंक एक्सप्रेस वे के निर्माण को लेकर शासन से जमीन का अधिग्रहण का काम चल रहा है**


जमीन में लगी खूटी दिखाता किसान।

### इन जिलों से गुजरेगा लिंक एक्सप्रेस

- इटावा जनपद के ताखा तहसील के गांव कुदरेल के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे में जोड़ा गया था। वहीं से गंगा एक्सप्रेस वे के लिए लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण यूपीडा द्वारा कराया जा रहा है। यह 92 किलोमीटर लंबा लिंक रोड इटावा, कन्नौज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद एवं हरदोई के पास गंगा एक्सप्रेसवे में जोड़ा जाएगा। इसमें कन्नौज जनपद की दो ग्राम सभाओं के गांव आ रहे हैं। 6600 करोड़ रुपये से बन रहे लिंक एक्सप्रेसवे बनने से बुंदेलखंड एवं आगरा और मध्य प्रदेश से सीधा गंगा एक्सप्रेस से जोड़ा जाएगा। इससे बरेली उत्तराखंड जाने वाले वाहनों को सुविधा मिल सकेगी।

## एक नजर

### पोल में उतरे करंट की चपेट में आई युवती

**छिबरामऊ, कन्नौज।** हैंडपंप से पानी भरने जा रही नंदपुर निवासी किशोरी को पोल में उतरे करंट की चपेट में आ गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नंदपुर निवासी प्रवेश चंद्र की पुत्री मनीषा (20) घर के पास लगे हैंडपंप से पानी भरने जा रही थी। विद्युत पोल के पास से गुजरते ही उसे जोरदार करंट लगा और वह दूर जा गिरी। स्थानीय लोगों ने उसके परिजनों को सूचित कर सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया।

### शराबी ने पत्नी को पीटा दांत से काटा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के मोहल्ला सिपाही ठाकुर में पत्नी ने शराबी पति के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिपाही ठाकुर मोहल्ला निवासी पूजा मिश्रा पत्नी रोहन मिश्रा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि पति शराबी है। आए दिन शराब के नशे में घर पहुंच कर मारपीट करता है। 19 जून को पति ने पांच बजे शाम उसे शराब के नशे में लात घूसों व डंडों से पीटा। विरोध करने पर हाथों में दांत से काट लिया। गाली गलौज कर घर से निकाल दिया। जानकारी पर पहुंचे पिता सदर कोतवाली लेकर पहुंचे जहां से उसे अपने साथ ले गये।

### बहाने से बुलाकर मारपीट करने का आरोप

**गुरसहायगंज।** थाना तालग्राम के ग्राम गढ़िया बेहटा निवासी विकास पुत्र जलसिंह ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि 18 जून की शाम करीब 04 .20 बजे ग्राम गढ़िया कछ्पुरा निवासी तीन युवकों ने गाड़ी ट्रांसफर कराने के बहाने से उसे गांव में बुला लिया। इसके बाद गांव के अन्य युवक के दरवाजे पर ले जाकर गालीगलौज की। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी।

### मदरसा जाने को निकला किशोर लापता

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के मोहल्ला बजरिया शेखाना निवासी कलीम पुत्र सलीम ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसका पुत्र मोहम्मद तौहीद (14) 18 जून को तीन बजे घर से हरदोई जनपद के बिलग्राम में संचालित मदरसा जाने की बात कह कर निकला था लेकिन वह नहीं पहुंचा। परिजनों ने खोज की पर उसका कोई पता नहीं चल रहा है।

### 154 शिक्षकों को सुबह योग में बुलाया गया

**कन्नौज।** ब्लॉक सदर क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में तैनात 154 शिक्षक-शिक्षिकाओं को 21 जून को सुबह साढ़े 5 बजे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में पुलिस लाइन बुलाया गया है। बीईओ मधुलिका बाजपेयी ने जारी किए पत्र में कहा है कि कार्यक्रम स्थल पर समय से पहुंचे और उपस्थित पंजिका पर हस्ताक्षर जरूर करें।

# 70 ग्राम पंचायतों के 40 सचिवों का वेतन रोकने का फरमान

## कंसल्टिंग इंजीनियरों का भुगतान न होने से दर्पण पोर्टल पर गिरी रैंक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद की करीब 70 ग्राम पंचायतों के 40 ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारियों का वेतन रोकने का फरमान जारी हुआ है। बताया गया है कि ग्राम पंचायतों में कार्य के भुगतान के बाद कंसल्टिंग इंजीनियरों का निर्धारित 2 फीसदी भुगतान न किए जाने के चलते यह कार्रवाई हुई है। साथ ही राज्य वित्त आयोग व केंद्रीय वित्त आयोग की धनराशि खर्च न होने के चलते सीएम डैशबोर्ड यानि दर्पण पोर्टल पर मई की रैंक खराब हुई है।

कंसल्टिंग इंजीनियर ईशान वैश्य ने 24 मई को शिकायत दर्ज कराई थी। डीपीआरओ ने सचिवों को पत्र जारी कर कहा है कि राज्य वित्त एवं केंद्रीय वित्त आयोग से कराए जाने वाले विकास कार्यों में एमबी होने के बाद भी कंसल्टिंग इंजीनियर की धनराशि नहीं दी जा रही है जिससे सीएम दर्पण पोर्टल पर जनपद की प्रगति खराब हो रही है। कहा कि मनमाने तरीके से कार्य करने के आदी हो गए हैं। जबकि कंसल्टिंग इंजीनियरों की ओर से एमबी करते हुए व्यय के लिए कई बार अनुरोध किया लेकिन भुगतान नहीं किया गया है। इससे शासकीय कार्यों के प्रति लापरवाही प्रदर्शित करती है। डीपीआरओ ने सभी सचिवों से स्पष्टीकरण भी मांगा है। न देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी देते हुए मई का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोका दिया है। पत्र मई का बताया जा रहा है जो अब वायरल हो रहा है।

- **राज्य और केंद्रीय वित्त आयोग की धनराशि न खर्च होने पर जताई नाराजगी**
- **कंसल्टिंग इंजीनियरों का निर्धारित 2 फीसदी भुगतान न किए जाने पर कार्रवाई हुई है**

### 10 लाख 68 हजार 778 रुपये बकाया

- ब्लॉक जलालाबाद इलाके में कंसल्टिंग इंजीनियर आकाश दीक्षित का 2 लाख 93 हजार 667 रुपये बकाया है। हसेरन में अनुज कुशवाहा का 1 लाख 32 हजार 588 रुपये, तालग्राम व जलालाबाद में मोहम्मद आरिफ रजा का 1 लाख 80 हजार 555 रुपये, गुगरापुर में घनश्याम का 1 लाख 64 हजार 686 रुपये, छिबरामऊ में आनंद त्रिपाठी का 1 लाख 9 हजार 820 रुपये, अभय वर्मा का छिबरामऊ में ही 1 लाख 15 हजार 77 रुपये, उमंग गुप्ता का उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र में 72,385 रुपये बकाया है।

### इन सचिवों पर कार्रवाई के लिए जारी हुई चिट्ठी

- ग्राम पंचायत अधिकारी अवनीश चंद्र, धर्मेंद्र पटेल, मनोज शर्मा, प्रदीप यादव, राजेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी आरती यादव, संजीव कुमार, नशीमुद्दीन, मदनमोहन, देवेंद्र प्रताप के खिलाफ कार्रवाई हुई है। साथ ही सचिव श्यामेंद्र सिंह, संदीप श्रीवास्तव, सिद्धार्थ राजपूत, विनीत कुमार, पिंकी चक्रवर्ती, सुधीर कुमार, प्रमोद यादव, दिनेश सिंह, सूरज पटेल, राजबहादुर, ओमकार यादव, धीरेंद्र प्रताप, संजय पटेल, प्रियंका सिंह, अजय मिश्रा, विमल दुबे, राकेश चंद्र, दीपक यादव, विनोद गौतम, अश्वनी कुमार, संतोष पाल, राकेश कुमार, आदित्य, मनोज यादव, ललिकांत, पवन यादव, नितेश कुमार, संजीव शर्मा, योगेंद्र सिंह, केके यादव का वेतन रोकने के आदेश हुए हैं। कहा गया है कि सीएम दर्पण पोर्टल पर ए प्लस रैंक होने व अवशेष भुगतान होने के बारे में कंसल्टिंग इंजीनियर की संस्तुति मिलने के बाद ही मई का वेतन आहरित किया जाएगा।

# गैर इरादतन हत्या में युवक को सात साल की हुई कैद

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



- **साढ़े 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया**

**अमृत विचार।** सड़क दुर्घटना में बालिका की मौत के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीसी द्वितीय हरेंद्र नाथ ने युवक को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराया। दोषसिद्ध अभियुक्त को सात साल की जेल तथा साढ़े 15 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि 19 अगस्त 2016 को जगरूप सिंह निवासी हविलिया पोस्ट-बेहटा रामपुर, थाना सौरिख ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 अगस्त की शाम 6 बजे के करबी उसका पुत्र प्रशांत कुमार पाल राजापुर बंबा से बड़ी पुत्री शशी देवी व नातिन हैप्पी (9) को लेकर मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। जैसे ही ये लोग राजापुर बंबा से आगे दौलताबाद रोड पर कबीरपुर पुलिया के पास पहुंचे तो सामने से तेजी व लापरवाही से मोटरसाइकिल लेकर आ रहे नंदू पुत्र राजेस निवलासी खानपुर ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे प्रशांत, शशी व हैप्परी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जहान सिंह पुत्र रामसरन नि. हविलिया व विजेंद्र पुत्र इंद्रपाल नि. हविलिया अन्य लोगों की मदद से सीएचसी ले गए। प्रशांत व शशी को हालत गंभीर होने से तिर्वा मेडिकल कालेज तथा वहां से हैलट के लिए रेफर कर दिया गया। नातिन हैप्पी को सीएचसी ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस की तरफ से विवेचना की गई तो अभियुक्त नंदू नहीं निकला बल्कि सुरजीत यादव उर्फ पुरुषोत्तम पुत्र लल्लू यादव निवासी खानपुर थाना सौरिख का नाम प्रकाश में आया। जब बयान कराए गए तो पता चला कि एक ही मोटरसाइकिल पर सवार युवकों में से एक ने शशी के गले से चेन खींची थी जिससे अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल गिर पड़ी। इसमें बालिका ने अभियुक्त को पहचानने की बात कही जिससे उस पर कई बार मोटरसाइकिल चढ़ा दी गई। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायाधीश ने सुरजीत को गैर इरादतन हत्या का दोषी पाते हुए सजा तथा जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना अदा न किए जाने पर छह माह की जेल और भुगतनी होगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## सार-संक्षेप


पुलिस कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक लेते एसपी व अन्य अधिकारी।

### अपराधों पर अंकुश लगाने को पुलिस प्रयास करे : एसपी

**कन्नौज।** अपराधों पर अंकुश लगाने व कानून व्यवस्था का पालन कराने के लिये पुलिस कार्यालय में अपराध समीक्षा बैठक एसपी ने ली। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने अपराध गोष्ठी में गंभीर अपराधों की विवेचना, लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, गैंगस्टर एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, महिला अपराधों एवं बच्चों के प्रति अपराधों पर चर्चा की गई। सभी थाना प्रभारियों को विवेचना में तेजी लाकर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। आगामी त्योहारों के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये सभी थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने, अधिक पेट्रोलिंग करने, एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर एएसपी अजय कुमार, सीओ सदर अभिषेक प्रताप सिंह, सीओ तिर्वा डॉ. प्रियंका वाजपेई, सीओ छिबरामऊ के अलावा सभी थाना कोतवाली प्रभारी मौजूद रहे।


गिहार बस्ती में पीड़ित परिवार से बात करता सपा प्रतिनिधिमंडल।

### सपा प्रतिनिधि मंडल मृतक के परिजनों से मिला, एक लाख की मदद

**तिर्वा।** गिहार बस्ती में हुई कथित पुलिस ज्यादती के मामले में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अखिलेश यादव के निर्देश पर 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गिहार बस्ती पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने मृतक कुनाल गिहार के परिजनों मिलकर घटना की जानकारी ली। इस दौरान एक लाख रुपये का चेक भी मदद के रूप में सौंपा। पीड़ित परिवार ने बताया कि दिनांक 11 जून की रात करीब 2 बजे भारी संख्या में पुलिस बल गिहार बस्ती में दाखिल हुआ और महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों तक को लाठी-डंडों से पीटा गया। कुनाल गिहार, जो पहले से ही डायरिया से जूझ रहा था की हालत पुलिस की बर्बरता से और बिगड़ गई। समाजवादी पार्टी की ओर से मृतक की मां दीपा गिहार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष कलीम खान, पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव, ताहिर हुसैन सिद्दीकी, कल्याण सिंह दोहरे, वरिष्ठ नेता जयकुमार तिवारी (बउअन), अंशू पाल, अनिल पाल, पीपी सिंह बघेल, हसीब हसन, यश कुमार दोहरे, कुक्कू चौहान और शेखर गिहार शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।


जिला अस्पताल के किचन में खाना चख कर देखते सीएमएस डॉ. शक्ति बसु।

### गंदगी देख भड़के सीएमएस, सफाई सुपरवाइजर को फटकार

**कन्नौज।** सीएमएस ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान गंदगी मिलने पर सुपरवाइजर को फटकार लगाई। रसोई में पहुंच मरीजों को परोसे जाने वाले खाना की गुणवत्ता जांचने को स्वयं चखा। शुक्रवार को सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने ओपीडी से लेकर पूरे अस्पताल की व्यवस्था जांची। वार्ड में गंदगी मिलने पर सफाई सुपरवाइजर को फटकार लगाते हुए सुधार के निर्देश दिये। रसोई के बाद वह वार्ड में पहुंचे और मरीजों से उपचार के बारे में पूछा। कुपोषित वार्ड में पहुंच कर भर्ती बच्चों के उपचार व दवा के संबंधमें जानकारी ली।

# रिक्रूट जवानों ने साप्ताहिक परेड में किया कदमताल

**कन्नौज।** पुलिस लाइन में एक माह की ट्रेनिंग ले रहे रिक्रूटों ने पहली साप्ताहिक परेड देखी और कदमताल मिलाई।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली। परेड की दौड़ लगवाई। एक माह की ट्रेनिंग ले रही महिला रिक्रूट सिपाहियों ने कदम से कदम मिलाया। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई, महिला रिक्रूट सिपाहियों ने ड्रिल को देखा। इस के बाद सभी अधिकारी/कर्मचारियों से शस्त्र अभ्यास करवाया गया। पुलिस अधीक्षक ने पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया। एसपी ने जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, पुलिस कैंटीन, शस्त्रागार, बैरक, स्टोर रूम, भोजनालय आदि को चेक किया।

# नालों की सफाई के लिए शुरू किया अभियान

**खबर का असर**

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** पहली बरसात होते ही शहरी इलाके में पानी की निकासी को लेकर लोगों को खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। खबर छपने के बाद पालिका प्रशासन ने नालियों की सफाई के लिए एक साथ कई टीमें लगाकर अभियान की शुरुआत की।

मानसून की पहली बरसात के बाद शहर के नाला व नालियां उफना गई। बरसाती पानी घरों में घुस गया। अमृत विचार ने इस समस्या को 19 जून के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसका इसर रहा कि शुक्रवार को संबंधित मोहल्लों में सफाई कर्मियों की टीमें लगा कर नालों की सफाई के लिए अभियान की शुरुआत की गई। पश्चिमी बाईपास पर जनता कोल्ड स्टोरेज के पास बस्ती के साथ ही अन्य जगहों पर टीमें लगा कर सफाई कराई। सफाई नायक सूरज कुमार के नेतृत्व मे सफाई कर्मी बाबूराम, उमेश चन्द्र, पंकज कुमार, राजेन्द्र कुमार, अजय कुमार, विक्रम, अंकित, सनी, विकास आदि ने सफाई अभियान चलाया। चेयरमैन मनोज कुमार दुवे ने कहा कि जलभराव को देखते हुए पालिका प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम कर लिए है।


नाला व नालियों की सफाई करते सफाई कर्मी। अमृत विचार

**निर्देश** आंगनबाड़ी केंद्रों पर पहुंचकर सभी लाभार्थियों को कराना होगा ई-केवाईसी-एफआरएस

# पोषण ट्रैकर एप पर दिखेगी फोटो तभी मिलेगा सूखा राशन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिस तरह राशन कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने के लिए ई-केवाईसी हो रही है उसी तरह आंगनबाड़ी केंद्रों से सूखा राशन (पहले पोषाहार) लेने के लिए भी ई-केवाईसी- एफआरएस (फेस रिकग्नाइजेशन सिस्टम) से लाभार्थियों को गुजरना होगा। जो बच्चे पंजीकृत हैं उनके अभिभावकों का चेहरा एफआरएस में स्क्रीन से फीड किया जाएगा। गर्भवती की स्वयं की फोटो फीड होगी। एप पर जिन लाभार्थियों के चेहरे दिखेंगे लाभ उन्हीं को मिलेगा।

नौनिहालों व गर्भवती को लाभ देने के लिए शासन ने सख्ती शुरू कर दी है। इसके लिए ऑनलाइन व्यवस्था पर फोकस किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने बताया कि पहली जुलाई से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण ट्रेकर एप पर पंजीकृत लाभार्थियों को राशन ई-केवाईसी-एफआरएस के जरिए दिया जाएगा। शासनादेश आने के बाद से आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों को बुलाकर फीडिंग की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी का कहना है कि यह प्रक्रिया लाभार्थी स्वयं के पंजीकृत मोबाइल नंबर से भी कर सकते हैं। वर्तमान में जिले के 1615 आंगनबाड़ी केंद्रों पर 1,10,128 लाभार्थी पंजीकृत हैं जिसके सापेक्ष 10,706 ई-केवाईसी हो गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभार्थियों से अपील की है कि ई-केवाईसी-एफआरएस का कार्य करा लें जिससे योजनाओं का बराबर लाभ मिलता रहे।

**कहां कितने हैं केंद्र, प्रगति कितनी हुई**

| परियोजना | आंगनबाड़ी केंद्र | कुल लाभार्थी | ई-केवाईसी |
|---|---|---|---|
| छिबरामऊ | 235 | 17,872 | 2002 |
| गुगरापुर | 57 | 5302 | 446 |
| हसेरन | 132 | 9644 | 723 |
| जलालाबाद | 169 | 9126 | 1058 |
| कन्नौज ग्रामीण | 200 | 15205 | 2114 |
| कन्नौज नगर | 141 | 6406 | 997 |
| सौरिख | 170 | 12634 | 755 |
| तालग्राम | 207 | 16389 | 1362 |
| उमर्दा | 304 | 17550 | 1249 |

- **गर्भवती को खुद का और बच्चों के लिए अभिभावकों का चेहरे की फोटो होगी फीड**
- **शासनादेश आने के बाद से आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों को बुलाकर फीडिंग हो रही**

### गर्भवती महिलाओं को भी किया शामिल

- बताया गया है कि गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना का लाभ मिलता है। इसके लिए गर्भवती नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचकर ई-केवाईसी-एफआरएस का कार्य करा लें।

### कार्यकत्रियों को मानदेय रोकने, सेवा समाप्ति की चेतावनी

- जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए हैं कि 25 जून तक पोषण ट्रैकर एप पर पंजीकृत लाभार्थियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी-एफआरएस का कार्य कर लें। ऐसा न करने पर मानदेय रोकते हुए सेवा समाप्ति कर दी जाएगी।

# कच्चा मकान गिरने से गृहस्थी व दुकान का सामान दबा

**जलालाबाद।** लगातार बरसात से कच्चा मकान व दुकान भर भराकर गिर गई। दुकानदार व मकान में रह रही मां व बेटी बाल बाल बच गए।

जलालाबाद के मोहल्ला पठकाना निवासी श्यामबाबू पाठक का जीटी रोड किनारे कच्चा मकान है। इसमें स्व. वसीर अहमद की पत्नी मुन्नी बेगम, पुत्री शना बानो व पुत्र तालिब, सानू रहते है। लगातार बरसात से शुक्रवार की शाम 06 बजे कच्चा मकान गिर गया। इस दौरान मुन्नी की पुत्री शना बानो कमरे में थी जो बाल बाल बच गई। जीटी रोड पर टेलर की दुकान किए शकील अहमद बाजार गए होने से बच गये। एक सिलाई मशीन व ग्राहकों के कुछ कपड़े दब गए।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं हिमांशी मिश्रा पुत्री विनोद कुमार मिश्रा नि- फैजुल्लागंज, लखनऊ, मेरी उ.प्र. बोर्ड का अंकपत्र क्रम संख्या 1173924 वर्ष 2017 जो कि कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो इस मोबाइल पर संपर्क करें- 9450395629

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल मुख्य वर्ष 2011 अनुक्रमांक 1307881 व इंटरमीडिएट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0892765 रेडियोग्राफर 2017 अनुक्रमांक 164625347 का अंक सह प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **ब्रजेन्द सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पंचायत पिपरावां पोस्ट-मल्लावां हरदोई।**

**सूचना**

मैं **त्रिभुवन वर्मा पुत्र रामकिशन निवासी ग्राम बीबीपुर थाना कोतवाली नगर पोस्ट मटिया तहसील सदर जनपद रायबरेली** बयान करता हूं कि मैने अपने पुत्र हिमांशु पटेल और उसकी पत्नी प्रिया के आचरण से परेशान होकर स्वयं और परिवार से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों, लेनदेन के वह स्वयं उत्तरदाई होंगे। उनका मेरे व परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

पासपोर्ट संख्या H8782110 पर मेरा नाम मोहम्मद इरशाद खान पुत्र मोहम्मद अरशद खान अंकित है। जबकि सही नाम मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद अरशद है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से जाना व पहचाना जाए। **मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद अरशद निवासी 52 किशनपुर राय, नजदीक मस्जिद, अहियापुर रायबरेली**

**सूचना**

मेरा आधार संख्या 246047188693 जिस पर मेरा नाम सतीश अंकित है, किंतु कुछ प्रपत्रों में मेरा नाम सतीश गेरा है। सतीश व सतीश गेरा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मुझे दोनों नाम से जाना वह पहचान जाए। **सतीश पुत्र मदन लाल निवासी- प्लाट नंबर 109 रतनलाल नगर, उद्योग नगर, कानपुर।**

**सूचना**

मेरा पुत्र वीरेंद्र व उसकी पत्नी सुनीता का चाल चलन व कार्य व्यवहार ठीक नही है। यह दोनो अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार है। दोनो के गलत आचरण को देखते हुए संबंध विच्छेद कर लिया है। साथ ही चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर रहा हूं। **विजय शंकर पुत्र मुल्ला ग्राम- ढिकिया,तहसील मैथा, जिला कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित करना है कि मेरे वोटर आईडी कार्ड, परिवार रजिस्टर, राशन कार्ड में मेरा नाम सुनीता पत्नी मुरली निवासी चमरपुरवा इमलिया अंकित है, जबकि आधार में त्रुटिवश सरिता पत्नी मुरली अंकित है जो गलत है। अत: आधार कार्ड में सरिता के स्थान पर सुनीता अंकित किया जाना नितांत आवश्यक है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रूपरानी पुत्री स्व0 बुद्धा निवासिनी- मकान नं0 -485/ 36ख, लकड़मण्डी मोहन मेकिन रोड डालीगंज, थाना- हसनगंज, लखनऊ,** मैने अपने छोटे भाई पुत्ती लाल (आधार नं0-2033 4347 7420 मोबाईल नम्बर- 6307639135) व उनकी पत्नी अर्चना से मेरा कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है। यदि कोई भी कृत्य, कार्य या कर्जा आदि का लेन-देन या कोई भी अपराध अथवा गैर कानूनी कार्य मेरे भाई व उनकी पत्नी द्वारा किया जाता है तो इसके जिम्मेदार वे स्वयं होंगे। मेरा इनके द्वारा किये गये कार्य से किसी भी प्रकार से कोई सम्बन्ध नहीं है। हमारा बटवारा हो चुका है तथा मेरे भाई अपने परिवार के साथ अलग रहते है। मैं अपने परिवार के साथ अलग रहती हूं। हम दोनों का सम्बन्ध विच्छेद हो चुका है।

# 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
## की जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

कन्नौज परिशिष्ट
21 जून 2025

### तनाव से मुक्ति दिलाता है योग

योग एक प्राचीन विज्ञान है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक लाभदायक है। इसके नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन को स्वस्थ, शांत और संतुलित बना सकते हैं। योग हमें तनाव से मुक्ति दिलाता है, मन को शांति प्रदान करता है और आत्म–जागरूकता बढ़ाता है। योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी संकल्प लें कि योग को अपने जीवन में उतारकर सुंदर व स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक बनेंगे। मेरी ओर से जिले के समस्त लोगों को इस दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



**आशुतोष मोहन अग्निहोत्री**
**जिलाधिकारी, कन्नौज**

### प्राचीन भारतीय अभ्यास है योग

योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है जो शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक लाभदायक है। यह व्यायाम, ध्यान और श्वास नियंत्रण के माध्यम से शरीर और मन को संतुलित करने में मदद करता है। योग के नियमित अभ्यास से कई लाभ हो सकते हैं। योग शरीर को मजबूत और लचीला बनाने में मदद करता है, जिससे मांसपेशियों की ताकत और लचीलापन बढ़ता है। यह रक्त प्रवाह को भी बढ़ावा देता है और हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है। योग तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है, और मन को शांत और केंद्रित करता है। यह आत्मविश्वास और आत्म– जागरूकता को भी बढ़ावा देता है। विश्व योग दिवस की जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



**विनोद कुमार**
**पुलिस अधीक्षक, कन्नौज**

### भारत का प्राचीन विज्ञान है योग

योग भारत का अत्यंत प्राचीन विज्ञान हैं। हमारे यहां तो आराध्य भगवान कृष्ण को योगेश्वर कहा गया है। गीता में सबसे बड़ा संदेश कर्मयोग का दिया गया है। इसके साथ ही शारीरिक योग भी उतना ही आवश्यक है। इसके माध्यम से व्यक्ति न सिर्फ तमाम रोग दोष से छुटकारा पा सकता है बल्कि मानसिक तौर पर भी स्वस्थ रहता है। योग के माध्यम से शरीर में स्फूर्ति के साथ दिन भर ताजगी रहती है। नियम के रूप में जीवन में उतारकर पूरी तरह से निरोगी रहने की संकल्पना को साकार किया जा सकता है। यूं तो आज 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है और जहां–तहां सरकारी व गैरसरकारी आयोजन हो रहे हैं। इसके बाद भी ध्यान रहे यह केवल आज का ही अभ्यास न हो। इसे दिन प्रतिदिन के अभ्यास में उतारकर योग दिवस की संकल्पना को साकार कर स्वस्थ व निरोगी रहें। जनपदवासियों को शुभकामनाएं।



**इरा अवस्थी**
**जिला प्रमुख, अमृत विचार, कन्नौज**

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बिजेन्द्र सिंह तोमर
वरिष्ठ अधिवक्ता
व्यापार कर, आयकर
गरिमा तोमर
इनकम टैक्स व जी.एस.टी. अधिवक्ता
रोडवेज स्टेशन के पीछे, सरायमीरा, कन्नौज

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप कुमार गुप्त
समाजसेवी

अन्तर्राष्ट्रीय
योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मानीमऊ कोल्ड स्टोरेज
मानीमऊ, कन्नौज।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनायें
लाला भाई पटेल
प्रदेश महासचिव
अपना दल
प्रतिष्ठान
ब्रांड ऑप्टिकल सेंटर
साक्षी अल्ट्रासाउंट सेंटर
डाक बंगला रोड, सरायमीरा

अन्तर्राष्ट्रीय
योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Supreme® Since 1942
People who know plastics best
Total Piping Solution
जीवन भर का साथ...
एकमात्र अधिकृत वितरक, कन्नौज
(One and only distributor, Kannauj)
सतीश कटियार
ऋषि कटियार
Katiyar Auto Traders
9450692448, 7388970683, 9651605609
Add- Manpur Road Fatuanpur, Kannauj (209727)

समस्त नगर
व क्षेत्रवासियों को
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
आलोक दीक्षित
(कन्हैया भइया)

# परिषदीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास से मिलेगी शिक्षा

## कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को समायोजित करने की प्रक्रिया हुई तेज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- **महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने बैठक कर बीएसए को दिए निर्देश**

**अमृत विचार।** जिन परिषदीय स्कूलों में छात्र संख्या कम होगी उन बच्चों को निकट के सरकारी विद्यालय में पढ़ाया जाएगा। साथ ही स्मार्ट क्लास से आधुनिक शिक्षा दी जाएगी। आईसीटी (कंप्यूटर) लैब की सुविधा भी मिलेगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने कन्नौज समेत अन्य जिलों के बीएसए के साथ ऑनलाइन बैठक की है।

शुक्रवार को महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने कहा कि कम विद्यार्थियों की संख्या वाले स्कूलों को निकट के स्कूलों में समायोजित किया जाएगा। अगर पास में दूसरा विद्यालय नहीं है या उसकी दूरी अधिक है तो उसे समायोजित करने पर रोक रहेगी। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि ऐसे विद्यालयों को मॉडल स्कूल की तरह विकसित किया जाएगा। छात्र-छात्राओं के लिए पढ़ाई की सुविधाएं बढ़ेंगी। कम संख्या वाले जो स्कूल खाली हो जाएंगे, वहां पर बाल वाटिका बनाई जाएगी।

जनपद में कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को चिह्नित करने का काम हो रहा है, हालांकि यह तय नहीं है कि ऐसे स्कूलों में कितने बच्चे होने चाहिए। दूसरी ओर बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार समेत कई अधिकारियों ने इसको लेकर पत्र भी जारी किए हैं। कहा है कि जहां छात्र-छात्राओं का नामांकन अपेक्षाकृत कम है वहां उपलब्ध भौतिक एवं शैक्षणिक संसाधनों जैसे स्कूल भवन, कक्षा-कक्षा, आईसीटी उपकरण का समुचित साझा उपयोग कर शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावशाली बनाया जाएगा।

**जो कर रहे विरोध, उनके ही बच्चे नहीं पढ़ते:** कहा जा रहा है कि जो स्कूलों के समायोजन का विरोध कर रहे हैं उनके ही बच्चे परिषदीय स्कूलों में नहीं पढ़ रहे हैं। पहले वह बच्चों का प्रवेश प्राथमिक, जूनियर या कंपोजिट विद्यालय में कराएं उसके बाद ही विरोध करें। हालांकि प्रधान, सभासद और अभिभावकों को जानकारी देकर ही विद्यालयों के बच्चों को समायोजित किया जाएगा।

## ट्रक में कार टकराई तीन लोग घायल

**सौरिख।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गाजियाबाद से दिल्ली जा रही कार आगे चल रहे ट्रक में टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए।

सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने बताया सकरावा थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 148 पर सुबह 11 बजे एक कार जो गाजियाबाद से लखनऊ जा रही थी आगे चल रहे ट्रक में टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गए। जब वे पहुंचे तो में कोई नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया हादसे के बाद कार से दो पुरुष एक महिला घायल अवस्था में निकले थे जो पीछे से आ रही एक प्राइवेट एंबुलेंस से लखनऊ चले गए।

सुरक्षा अधिकारी ने बताया कार में मरीज की बीमारी का कार्ड मिला जिसमें उसका एवं गाड़ी मालिक का नाम सुनील कुमार श्रीवास्तव निवासी गाजियाबाद मालूम हुआ। दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन से हटाकर पीली पट्टी पर खड़ा कराया गया।

# जिले में 12 नर्सिंगहोम चल रहे बिना लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- **जिलाधिकारी ने कराई जांच तो खुली पोल, 55 को नोटिस**
- **जांच रिपोर्ट में 29 नर्सिंगहोम की स्थिति संतोष जनक बताई**

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य विभाग के रहमोकरम से जिले में निजी अस्पताल मनमाने ढंग से चल रहे हैं। इसका खुलासा जिलाधिकारी की तरफ से कराई गई जांच में हो गया है। जांच रिपोर्ट के अनुसार 84 में से 12 बिना लाइसेंस और अधूरे इंतजामों के साथ चलते मिले। 55 निजी अस्पतालों को विभाग से नोटिस दिया गया है जबकि 29 निजी अस्पतालों की स्थिति संतोषजनक बताई गई है।

जनपद के पंजीकृत निजी चिकित्सालयों के रजिस्ट्रेशन के संबंध में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के आदेश पर एसडीएम, पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी की संयुक्त टीमों ने जिले भर में संचालित निजी अस्पतालों के निरीक्षण कर जांच आख्या सौंपी। इसमें 12 निजी अस्पतालों के गम्भीर प्रकरण मिले, जिनके नाम लाइसेंस न होना या लाइसेंस एक्सपायर होना पाया गया। इस तरह के निजी अस्पताल कन्नौज ब्लाक के चित्रकूट आई हॉस्पिटल, गार्गी हॉस्पिटल, महक हॉस्पिटल, ललिता हॉस्पिटल, न्यू यस हॉस्पिटल एण्ड सर्जिकल सेंटर, न्यू संजीवनी हॉस्पिटल, फार्चून हॉस्पिटल एण्ड मैटरनिटी सेंटर हैं। इसी तरह ब्लाक उमर्दा के रिवेंशी हॉस्पिटल, यूएमएस हॉस्पिटल एण्ड मैटेरनिटी सेन्टर, गीता हॉस्पिटल एण्ड सर्जिकल सेंटर, जनता नर्सिंग होम हैं। इसी प्रकार एवं हसेरन के लाइफ केयर एण्ड मल्टीस्पेशलिस्ट हॉस्पिटल नादेमऊ सामिल हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध रूप से संचालित अस्पतालों का दैनिक नजर रखी जाये।

# शादी के चार दिन बाद ही युवती को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- **सदर कोतवाली में ससुरालियों के खिलाफ दर्ज कराई है।**
- **पति फोन पर गालीगलौज कर मार देने की धमकी देता है**

**अमृत विचार।** अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये नकद व बाइक की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को शादी के चार दिन बाद ही मारपीट कर घर से निकाल दिया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव शरीफापुर निवासी कृष्णा देवी पुत्री परसुराम पाल ने हरदोई जनपद के कोतवाली विलग्राम के गांव रहुला निवासी पति विजयपाल, जेठ अजय पाल, देवर आदित्य, ससुर रामऔतार, सास, जेठानी, तीन ननद, व खाडामऊ बिल्हौर जनपद कानपुर नगर निवासी ननदोई कल्लू पुत्र नन्दलाल के खिलाफ समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कहा कि उसकी शादी 10 मई 2025 को हुई थी।

भाई ने करीव 10 लाख रुपये दान दहेज दिया था। इसके बाद भी ससुरालीजन खुश नहीं थे। उन्होंने पांच लाख रुपये नकद व एक बाइक की मांग करदी।

मांग पूरी न होने पर उक्त लोगों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 14 मई को सास ने दिया गया जेबर छीन लिया। इसके बाद घर से निकाल दिया। फोन पर भाइयों को सूचना दी। भाइयों ने पति व अन्य ससुरालियों से विनती की पर वह लोग नहीं माने। इसके बाद वह भाइयों के साथ मायके आ गई। पति उसे फोन पर गालीगलौज करता जान से मार देने की धमकी देता है। पुलिस में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

## 11 हजार वोल्ट लाइन की चपेट में आकर दो गायों की मौत

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र के सुरसी गांव में शुक्रवार दोपहर हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया और उसकी चपेट में आकर दो गायें मर गईं।

ठठिया थाना क्षेत्र सुरसी गांव निवासी जगदीश शर्मा पुत्र लालाराम शर्मा और रवीश कुमार पुत्र रमेश चंद्र की गायें घर के बाहर बंधी थीं। इसी दौरान ऊपर से निकली 11 हजार वोल्ट की लाइन में फाल्ट हुआ और तार टूटकर गायों पर गिर पड़ा। दोनों गायों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जर्जर तारों और लटकती लाइन की शिकायत कई बार की जा चुकी है, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पशु पालको ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# जिले में प्रशासन ने शुरू की बाढ़ से निपटने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज



राजस्व निरीक्षकों के साथ बैठक करतीं एसडीएम सदर नवनीता रॉय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हर साल पहाड़ों पर बारिश होने के बाद बांध से पानी छोड़ा जाता है और तब क्षेत्र की नदियों में बाढ़ आ जाती है। इसको देखते हुए प्रशासन की तरफ से तैयारी शुरू कर दी गई है। इस क्रम में 26 जून को गंगा के मेहंदीघाट पर मॉकड्रिल भी किया जाएगा।

उपजिलाधिकारी सदर नवनीता रॉय ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में तहसीलदार अभिनव वर्मा, नायब तहसीलदार कन्नौज भारत कुमार मौर्य तथा नायब तहसीलदार जलालाबाद राकेश कुशवाहा की मौजूदगी में राजस्व निरीक्षकों के साथ बैठक की। इस दौरान गत वर्षों में बाढ़ की चपेट में आने वाले क्षेत्रों को लेकर खास चर्चा की। एसडीएम ने बताया कि बाढ़ की चपेट में आने वाले क्षेत्रों का सर्वे कराया जा रहा है। इसके साथ ही 12 बाढ़ चौकियां बनाई जाएंगी जिसके लिए जगह का चिन्हांकन कर लिया गया है। प्रशासन की तरफ से 10 गोताखोरों की व्यवस्था पहले से है। बाढ़ के हालात होने पर उनसे कैसे निपटा जाए इसको लेकर पूर्वाभ्यास 26 जून को कराया जाएगा जिसमें कृत्रिम बाढ़ के हालात पैदा करके उससे विभिन्न विभागों के समन्वय से निपटना सिखाया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, पशु चिकित्सा, पूर्ति, शिक्षा विभागों के अलावा 70 प्रशिक्षित होमगार्ड की टीम भी हिस्सा लेगी। इस समूचे पूर्वाभ्यास की निगरानी राहत आयुक्त कार्यालय की तरफ से की जाएगी।

# सेल्समैन की हत्या में कैंटीन के दो युवकों को किया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



घटना की जानकारी देतीं सीओ सिटी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शराब सेल्समैन की हत्या के मामले में कैंटीन से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने मोहल्ला बंगसपुरा निवासी विनोद यादव एवं मोहल्ला खड़ियाई निवासी प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने कहा कि थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी राकेश कुमार ने 16 जून को थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई शिवसरन पाल मोहल्ला रकाबगंज मार्ग पर स्थित देशी शराब ठेका पर सेल्समैन का काम करता था। शराब ठेका मालिक भगवानदास शिवानी उर्फ मीनू पुत्र ईश्वरदास का है। भाई के सुबह घर न पहुंचने पर जब दुकान पर पता किया गया तो भगवान दास ने कहा कि शिवरतन सो रहा है और घर पर वापस आ आया। घर एवं गांव वालों को इसकी सूचना दी तब तक भाई का शव लोहिया अस्पताल पहुंच चुका था।

अभियुक्त विनोद व प्रदीप द्वारा हत्या के संबंध में बताया गया कि दोनों देशी शराब के ठेके रकाबगंज खुर्द पर साथ मिलकर कैंटीन चलाते हैं। जिसका किराया प्रतिदिन 600 रुपये के हिसाब से ठेका मालिक को दे रहे थे। अप्रैल महीने से ठेके पर सेल्समैन का काम शिवरतन देख रहा था। शिवरतन शराब पीने का आदी था और मन मर्जी से ठेके पर शराब की बिक्री करता था। जब भी शिवरतन से कुछ कहते थे तो वह झगड़े पर उतारू हो जाता था। 14 जून को दोनों ने शिवरतन को धक्का मार दिया तो वह गद्दी के नीचे गिर गया। फिर विनोद ने से मुंह व नाक दबा दी और प्रदीप ने शिवरतन के दोनों हाथ पकड़ लिये। थोड़ी देर बाद वह मर गया।

## सड़क दुर्घटनाओं में 6 घायल, तीन की हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज क्षेत्र में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोंग गंभीर रूप घायल हो गए।

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव वुडनामऊ निवासी अरवीना (30) पत्नी जमान शेर कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव नारायनपुर निवासी अटलू (28) थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी अजय कुमार (22) कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर तिहईया निवासी रवी कुमार (30) कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला भूंड निवासी सधावती (62) पत्नी कृष्ण चंद्र व शिवरई मठ निवासी परवेज (50) घायल हो गए। आसपास के लोगों व एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए अरवीना ,अटलू व रवी कुमार को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# 16 साल से फरार डकैत राजस्थान से गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **डकैत फरुर्खाबाद के मोहम्मदाबाद का निवासी है**
- **भोजीपुरा में 2009 में साथियों संग डाली थी डकैती**

**अमृत विचार :** भोजीपुरा थाना क्षेत्र में वर्ष 2009 में डकैती डालने वाले घुमंतू गिरोह के फरार 50 हजार रुपये के इनामी डकैत को एसटीएफ ने हरसौली फाटक खेरथल अलवर, राजस्थान से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना मोहम्मदाबाद, जिला फर्रुखाबाद निवासी सतीश उर्फ मनीष के रूप में हुई है। एसटीएफ ने उसे भोजीपुरा पुलिस के हवाले कर दिया है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2009 में घुमंतू गिरोह बरेली जिले में डेरा डाल कर रह रहा था। गिरोह ने भोजीपुरा क्षेत्र के पॉवर ग्रिड में मिट्टी डालने वाले चार ट्रैक्टर-ट्राली को डकैती डालकर लूट लिया था। इस मामले में पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन सतीश फरार था। उसकी गिरफ्तारी के लिए बरेली पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस और एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी। इस बीच एसटीएफ को जानकारी हुई कि 16 साल से फरार आरोपी सतीश अपना नाम-पता छिपाकर राजस्थान के खेरथल, अलवर में रह रहा है। एसटीएफ ने सतीश को हरसौली फाटक खेरथल, अलवर से गिरफ्तार कर लिया और उसे भोजीपुरा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

एसटीएफ की पूछताछ में सतीश उर्फ मनीष ने बताया कि वह मूल रूप से बनपोई, थाना मोहम्मदाबाद, जनपद फर्रुखाबाद का रहने वाला है।

## सार-संक्षेप



नर्सिंगहोम, क्लीनिक व पैथोलॉजी संचालकों की बैठक लेते सीएमओ व अन्य।

### नर्सिंगहोम, क्लीनिक, पैथोलॉजी संचालक मानक करें पूरे

**कन्नौज।** बायोमेडिकल वेस्ट समेत अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर रखने के लिये सीएमओ ने नर्सिंगहोम, क्लीनिक, पैथोलॉजी के संचालकों की बैठक ली। निर्देश दिये कि बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारणमें लापरवाही न बरती जाये। शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी केपी त्रिपाठी, डिप्टी सीएमओ डॉ. इरशाद, महेंद्रभान सिंह, अपर सोध अधिकारी वाई के मंजुल की मौजूदगी में बैठक कर नर्सिंगहोम, क्लीनिक, पैथोलॉजी संचालकों से कहा कि आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम किये जाएं। पीले, नीले व लाल बाक्स में मेडिकल कचरे का निस्तारण किया जाये। जानकारी ली कि बायोमेडिकल वेस्ट का सार्टिफिकेट देने वाली कंपनी की गाड़ी कचरा का उठान करने आती या नहीं। इस पर समय पर उठान की जानकारी दी गई। हिदायत दी कि नर्सिंगहोम व क्लीनिक पर डॉक्टर की मौजूदगी हर समय होनी चाहिये।

### कन्नौज में आज आएंगे अखिलेश यादव

**कन्नौज।** सांसद व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने कन्नौज पहुंचेंगे। निजी सचिव गंगाराम की तरफ से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। वे सुबह 11 बजे लखनऊ से चलकर एक बजे दोपहर एफएफडीसी मकरंदनगर के समीप सुनील कुमार गुप्त मुन्ना भइया (पूर्व चेयरमैन) की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

### निर्माणाधीन फ्लोर मिल से लाखों का माल चोरी

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आदमपुर निवासी गौरव कुमार पुत्र शिवनाथ सिंह ने बताया कि वह जीटी रोड स्थित ग्राम लड़ैता में एक फ्लोर मिल का निर्माण कार्य करा रहे है। मिल में लगने वाली कानपुर से लाई गई मशीनों का सामान वहां रखा था। मंगलवार की रात चोरों द्वारा लगभग ढाई लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया है। पीड़ित के द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों को उठा लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है।

### दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**गुरसहायगंज।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय दौलत निवासी अवधेश कुमार (25) पुत्र पंचम सिंह 16 जून की सुबह 10 :40 बजे भतीजी सौम्या (17) के साथ अपने गांव सराय दौलत से सर्विस रोड होते हुए बाइक पर सवार होकर गुरसहायगंज जारहा था। रास्ते में सराय प्रयाग स्थित टेंट हाउस के सामने ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने अवधेश को कानपुर रेफर कर दिया थाजहां इलाज के दौरान गुरुवार की शाम मौत हो गई।

### फसल से निकलने से मना करने पर मारपीट

**गुरसहायगंज।** ग्राम जुनैदपुर निवासी रमेश चंद्र पुत्र रामस्वरूप मिश्रा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव के ही तीन लोग उसके खेत में खड़ी फसल के बीच से अक्सर निकलते हैं। जब उसने मना किया तो आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वही बीच बचाव करने आए उसके पुत्र शिवा को भी पीट दिया।

### गरीब बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ रही संस्था

**गुरसहायगंज।** नगर के तिर्वा रोड स्थित सावरकर हेल्प फाउंडेशन के कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान डा. योगेश शर्मा ने बताया कि संस्था बीते तीन वर्षों से गरीब और जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रही है। संस्था के संचालन संदीप चतुर्वेदी ने समाजसेवा को अपना कर्तव्य मानते हुए शिक्षा के क्षेत्र में यह पहल शुरू की थी। संस्था का उद्देश्य केवल शिक्षा ही देना नहीं, बल्कि उन बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है जो संसाधनों की कमी से पीछे रह जाते हैं। इस दौरान सचिन द्विवेदी, अनुराग पटेल, अमन कुशवाहा, प्रतीक शर्मा, सुनील पाल, आनंद पांडेय, विशाल, अमित कुमार, मंजुल कुमार, आनंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### तबादले की आस टूटी, 5 शिक्षकों के ही नाम स्वीकृत

**कन्नौज।** अंतरजनपदीय तबादले की आस लगाए ज्यादातर शिक्षक-शिक्षिकाओं की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। 63 में से महज 5 नाम की ही सूची जारी हुई है। 58 अध्यापकों को निराशा हाथ लगी है। दरअसल, 15 जून तक गैर जनपदों में स्थानांतरण के लिए कुल 67 आवेदन ऑनलाइन हुए थे, जिसमें 04 अध्यापकों ने फाइलें ही जमा नहीं की। इससे 63 आवेदकों की सूची लॉक कर भेज दी गई। 19 जून की रात बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र तिवारी ने प्रदेशभर के उन 543 शिक्षक-शिक्षिकाओं की सूची जारी की जिनको स्थानांतरण का लाभ मिला है। इसमें महज 5 अध्यापक ही कन्नौज के शामिल हैं। खास बात यह है कि 3 शिक्षक संभल व 2 को बदायूं में जगह मिली है। जलालाबाद, कन्नौज, गुगरापुर, तालग्राम व हसेरन ब्लॉक क्षेत्र से 1-1 शिक्षक का नाम सूची में आ सका है। इसमें गौश अली, रीना चौहान, सोहन वीर, गोपाल दत्त शर्मा व दीपक मनवाल शामिल हैं।

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल में कई लोग शामिल

**फर्रुखाबाद ।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा ने कहा कि जीएसटी का सरलीकरण व्यापारियों के हित में सरकार कर दे तो व्यापारियों की काफी समस्या दूर हो जाएगी। मिश्रा ने अग्रवाल सभा भवन स्टेट बैंक रोड में कहा कि जीएसटी में केवल पांच छूट दी गई है जबकि व्यापारियों को जीएसटी में और छूट दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मिलावट करने वाले व्यापारियों के साथ व्यापार मंडल नहीं है। राजीव अग्रवाल, पूर्ण प्रकाश शुक्ला, डॉ. पीएन सक्सेना को प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन में शामिल किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, प्रदेश मंत्री मुकेश गुप्तासहित कई व्यापारी नेता मौजूद रहे।

### महिला की करंट लगने से मौत

**फर्रुखाबाद ।** एक महिला खेत में शौच के लिए गई हुई थीं तभी तार से चिपक जाने पर उसकी मौत हो गई। थाना मेरापुर ग्राम हमीरखेड़ा निवासी सुनीता देवी पत्नी राजीव कुमार सुबह 6 बजे शौच के लिए खेत पर गई थी। पोल पर तार लिपटा हुआ था जिसमें बिजली का करंट आ रहा था सुनीता पोल के पास से निकली जिसमे वह चिपक गई और उसकी मौत हो गई।

**कार्यक्रम** शहीद स्मारक स्थल पर केंद्रीय कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# अमर शहीद मणीन्द्र नाथ बनर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद



अमर शहीद की प्रतिमा पर वरिष्ठ केंद्रीय अधीक्षक माला पहनाते हुए ।



केंद्रीय कारागार के कार्यक्रम में मौजूद बंदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार को केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ में अमर शहीद मणीन्द्र नाथ बनर्जी की 92वीं पुण्यतिथि को मणीन्द्र नाथ बनर्जी का स्मृति दिवस समारोह के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्मारक स्थल पर मणीन्द्र नाथ बनर्जी की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं शहीद उपवन में स्थित कीर्ति स्तम्भ पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ किया गया। माल्यार्पण के बाद कारागार बैण्ड की धुन पर जेल गार्ड द्वारा सलामी दी गई।

इस दौरान वरिष्ठ जेल अधीक्षक आशीष तिवारी ने कारागार के अन्दर अमर शहीद मणीन्द्रनाथ बनर्जी स्मारक स्थल पर दीप प्रज्जवलन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कारागार में निरूद्ध बन्दियों यथा-बंदी रामधन थापा, बन्दी ध्रुव तिवारी आदि ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों से उपस्थित स्वतन्त्रता सेनानियों के परिजनों, अधिकारियों एवं बन्दियों को भाव विभोर कर दिया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बन्दियों द्वारा दी गयी प्रस्तुतियों पर पुरस्कार स्वरूप सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बन्दियों को 03 दिन का विशेष परिहार दिये जाने की घोषणा की। कार्यक्रम के समापन पर उनके द्वारा मणीन्द्र नाथ बनर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। साथ ही राष्ट्रभक्त मणीन्द्र नाथ बनर्जी द्वारा स्वतन्त्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने पर उन्हें शत-शत नमन एवं वंदन किया गया।इस दौरान स्वतन्त्रता सेनानियों के परिजन प्रेमधन लाल, ओम प्रताप सिंह, अहिवरन सिंह, अजय कुमार, राम आसरे, करुणेन्द्र कुमार यादव कारापाल, रवीन्द्र सिंह कारापाल सुधाकर राव गौतम उपकारापाल, हरेन्द्र राठी उपकारापाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोशन शाह बाबा के उर्स में हुई जवाबी कव्वाली में झूमे श्रोता

संवाददाता गुरसहायगंज



उर्स में मौजूद पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रोशन शाह बाबा की दरगाह पर सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। इसमें अकीदतमंदों ने गागर व चादर चढ़ाकर इबादत की और अमन चैन की दुआ मांगी।

गुरुवार की देर रात रोशन शाह बाबा का 115 वां सालाना उर्स रफाएं आम तंजीम कमेटी के तत्वाधान में मनाया गया। उर्स का शुभारंभ सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद नदवी, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, सपा जिलाध्यक्ष कलीम खां, युवा समाजसेवी उत्कर्ष गुप्ता, राज सिंह उर्फ छोटे ठाकुर, पिंटू यादव ने फीता काटकर किया। रेडियो एंड टीवी आर्टिस्ट दिल्ली कव्वाल आसिफ सुल्तानी व रेडियो एंड टीवी आर्टिस्ट अलीगढ़ गुलाम हबीब पेंटर ने रात भर श्रोताओं को जवाबी कव्वालियां सुना कर तालियां बटोरी। शहर काजी हाफिज जुम्मन, फिरदौस आलम, आफताब आलम, मुनीर कुरैशी, इजहार आलम, शकील, मुस्तकीम, नईम, मन्नू, हसीन, अबरार, सलमान वारसी, अयूब खान, शमशाद खां, मेराज, मुन्ना सहित सुरक्षा व्यवस्था में भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

**आज का मौसम**

सुबह के समय बादल व धूप का मिला जुला असर रहने की संभावना है। शाम के समय बारिश के आसार हैं।

| 31.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:21 | सूर्यास्त 07:11 |

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

### कोर्ट परिसर में योग आज

**इटावा।** जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन ने बताया कि आज 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय में योग दिवस मनाया जायेगा।

# हत्यायुक्त डकैती के पांच दोषियों को आजीवन कैद

## 31 साल बाद आया कोर्ट का फैसला, कोर्ट ने बीस-बीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 12 अशोक कुमार दुबे ने 31 साल पूर्व बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव वसगवां में हत्या युक्त डकैती के मामले की सुनवाई करते हुए पांच आरोपियों को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर बीस-बीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। इस मामले में सात लोगों को आरोपी बनाया गया था, जिसमें दो लोगों की मौत हो चुकी है।



पुलिस बल के साथ आरोपी। अमृत विचार

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि 6 अक्टूबर 1994 को बसरेहर सपा ब्लॉक अध्यक्ष तथा उनके गांव के वृद्ध की सरे शाम फायरिंग करके हत्याएं कर दी गई थीं और ब्लॉक अध्यक्ष की लाइसेंसी रायफल लूट ले गए थे। उस समय कई दिनों तक दोहरा हत्याकांड काफी सुर्खियों में रहा था, इस कांड में सात लोगों को नामजद कराया गया, सुनवाई के दौरान दो आरोपियों की मौत हो गई। बसरेहर ब्लॉक क्षेत्र में गांव बसगंवा में रहने वाले युवा प्रधान अशोक कुमार सिंह यादव को 1993 में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव द्वारा पहला सपा ब्लॉक अध्यक्ष बनाया था। नौ अक्टूबर 1994 की शाम अशोक लाइसेंसी रायफल लिए गांव में थे तभी हमलावरों ने फायरिंग करके हत्या कर दी, विरोध करने वाले गांव के लायक सिंह की भी गोली लगने से मौत हो गई। परिजनों के आने तक हत्यारे रायफल लूटकर फरार हो गए थे। अशोक के भाई डीबीए के पूर्व महामंत्री राजेश यादव ने गांव के रमेश यादव सचिव, मोहर सिंह यादव, सिलेटी सिंह, कुलदीप उर्फ करूआ, उमेश तथा चंदजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। उस समय इस मामले ने काफी तूल पकड़ा था। इसके चलते तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को गांव आना पड़ा था। राजनीति के चलते यह मामला हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। जो आरोप पत्र बसरेहर पुलिस ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ प्रस्तुत किया उसी को माना गया। 2023 में अपर सत्र न्यायाधीश की न्यायालय में इस मामले की सुनवाई शुरू हुई जिसमें विशेष शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेंद्र गुप्ता ने अपनी टीम के साथ जमकर पैरवी करते हुए साक्ष्यों को प्रस्तुत करके कड़ी सजा दिए जाने की अपील की। एडीजे अशोक कुमार दुबे ने दोनों पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद आरोपियों को दोषी करार दिया। इस दौरान मोहर सिंह व सिलेटी सिंह की मौत हो चुकी थी।

सुनवाई के दौरान शुक्रवार को साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने रमेश चंद्र पुत्र कुंजी लाल, सुनील पुत्र नेत्रपाल,कुलदीप उर्फ करूआ पुत्रपूरन लाल, शिवनाथ उर्फ रमेश पुत्र रामेश्वर दयाल व चंद्र जीत उर्फ चहकू पुत्र पूरन लाल को दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने सभी दोषियों पर बीस-बीस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उन्हें एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि जुर्माने की रकम का पचास प्रतिशत प्रतिकर के रूप में वादी को दिया जाएगा।

# हत्या के प्रयास मामले में दो सगे भाइयों को चार साल की सजा

कार्यालय संवाददाता इटावा

- कोर्ट ने दोनों पर दस-दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया
- छह साल पुराना है मामला पेट में बल्लम मार कर किया था जान से मारने का प्रयास

**अमृत विचार।** जिला एंव सत्र न्यायाधीश रजत सिंह जैन ने छह साल पुराने हत्या के प्रयास के एक मामले की सुनवाई करते हुए दो आरोपियों को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें चार चार साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर दस दस हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि वर्ष 2019 में बसरेहर थाना क्षेत्र पत्ता पुरा निवासी अवनीश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसके ही गांव के, योगेन्द्र सिंह व इंदल सिंह पुत्रगण बदन सिंह ने आपसी विवाद के चलते उसके भाई अवनेश कुमार को जान से मारने की नियत से उसके पेट में बल्लम मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पिता उसे बचाने के लिए आए तो उन्हें भी घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। घायलों का उपचार कराया। बाद में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेलभेज दिया। छानबीन के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट में हुई।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला के द्वारा पेश किए साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर कोर्ट ने योगेंद्र व इंदल सिंह को दोषी पाया और उन्हें चार चार साल की सजा व दस दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# वाटर पार्क में करंट लगने से कर्मचारी की गई जान

संवाददाता बकेवर इटावा

- हर्राजपुर के पास वाटर पार्क में हुई घटना, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** भरथना रोड पर स्थित वाटर पार्क में सफाई करते समय कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने संचालक पर हत्या कराने का आरोप लगाया है।

पृथ्वीरामपुर गांव निवासी राम बाबू जोशी का 23 वर्षीय पुत्र सौरभ भरथना रोड पर हर्राजपुर गांव के पास वाटर पार्क पर दो माह से नौकरी कर रहा था। शुक्रवार की सुबह झाडू में एक लंबा पाइप बांधकर बाहर पक्की दीवारों की सफाई कर रहा था। वाटर पार्क के लिए आई 11 हजार बिजली की लाइन में पाइप टच हो गया, जिससे युवक करंट से झुलसकर जमीन पर गिर गया। संचालक युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई गोपाल जोशी ने बताया उन्हें जिला अस्पताल से सौरभ की मौत की सूचना मिली है। आरोप लगाया कि वाटर पार्क संचालक ने भाई की हत्या कराई है, घटना की जानकारी पर सीओ अतुल प्रधान व प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल की जांच पड़ताल की। युवक की मौत की जानकारी मिलते ही पत्नी आराधना रोते-बिलखते जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस ने बताया कि सौरभ के सफाई करते समय करंट की चपेट में आने से मौत हुई है। अभी तहरीर नहीं मिली है।

# ट्रक में पीछे से टकराई बस, दो घायल

संवाददाता जसवंतनगर इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव धौलपुर खेडा के पास शुक्रवार तड़के सुबह लगभग साढ़े चार बजे कानपुर से गुड़गांव जा रही समय शताब्दी ट्रैवलर्स एजेंसी की बस अपने आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर से बस का परिचालक की तरफ का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में परिचालक समेत एक अन्य यात्री सहित घायल हो गए। दुर्घटना बस चालक को सुबह के समय झपकी आने से हुआ।

हादसे के बाद बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना की आवाज से इकट्ठे हो गये ।मौके पर तत्काल थाना निरीक्षक राम सहाय सिंह और जौनई चौकी प्रभारी आशीष कुमार मय पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस व मौके पर मौजूद पुलिस बल।

- कानपुर से सवारियां लेकर गुड़गांव जा रही थी बस

हादसे में गंभीर घायल हुए बस परिचालक राम सरन पुत्र गंगासागर निवासी सोभन जादेपुर थाना चौबेपुर कानपुर व एक यात्री नवनीत पुत्र सुभाष चंद्र मिश्र निवासी नवाबगंज कानपुर को एम्बुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। थाना निरीक्षक राम सहाय सिंह ने बस में बैठी अन्य सवारियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य को भेजा और बाधित हो रहे यातायात को सुचारू कराया।बताया गया है कि बस में करीब 40 सवारियां यात्रा कर रही थी। अधिकांश यात्री कानपुर के थे। वही सीएचसी केंद्र अधीक्षक डॉ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को उनके साथी कानपुर लेकर रवाना हो गए।

# माकपा करेगी भाजपा सरकार का पर्दाफाश

**इटावा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी की बैठक में तय किया गया कि आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर पार्टी के राष्ट्रीय आहवान पर जिले में 25 व 26 जून को आयोजन किए जायेगें। जिसमे इमरजेंसी के समय आरएसएस की भूमिका और वर्तमान समय में भाजपा सरकार की तानाशाही का पर्दाफाश किया जायेगा।

बैठक में फैसला किया गया कि माकपा पहलगांव आतंकी घटना पर 23 से 30 जून तक अभियान चलायेगी। 9 जुलाई को मजदूर वर्ग की देशव्यापी हड़ताल, बिजली कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन किया गया। माकपा ने उ.प्र. सरकार द्वारा रेहडी-पटरी व्यवसाइयों के लिए बनाई गई नई नीति का विरोध किया।

## सार-संक्षेप



धरातल पर निर्माण कार्य की हकीकत दिखाते गांव वाले।

### कागजों में दर्शाई गई इंटरलॉकिंग, धरातल से गायब

**बसरेहर।** ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य दर्शाकर लाखों का भुगतान कर दिया गया। धरातल पर कार्यों का नामो निशा तक नहीं है। क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर राहिन के गांव गुलाबपुरा में ग्राम प्रधान व सचिव ने बाल किशन के घर से शिवराज सिंह दरवाजे तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य दिखाकर दो लाख 39 हजार 625 रुपये का भुगतान कर दिया जबकि धरातल पर कोई काम नहीं हुआ। गांव के बालकिशन , राजेन्द्र सिंह, जवान सिंह, पूर्व प्रधान अशोक कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि शासन द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों का ट्रांसफर हुआ तो उन्होंने अपनी कार्यशैली को छुपाने के लिए गांव बिधूनी में तो लाल गिट्टी को बिछवा दिया लेकिन गुलाबपुरा में कोई कार्य नहीं किया गया। पूर्व प्रधान अशोक कुमार ने ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत सुल्तानपुर राहिन के गांव बिधूनी में धर्म सिंह के मकान से लेकर मोनू के मकान तक को पंचायत द्वारा तीन लाख 34 हजार 871 रुपये का भुगतान किया गया। रामलखन आदि ने बताया कि शिकायत पर दो दिन पहले लाल गिट्टी ऊपर से डाल दी गई लेकिन इंटरलॉकिंग का काम अभी तक नहीं हुआ। ग्राम पंचायत सचिव पंकज ने बताया कि इंटरलॉकिंग का काम गांव गुलाबपुरा व गांव बिधूनी में दो दिन के अंदर करवा दिया जाएगा।

### करंट लगने से सफाई कर्मी घायल

**बकेवर।** लखना कस्बा के ठाकुरान मोहल्ला में ट्रांसफर के नजदीक सफाई कार्य कर रहे संविदा सफाई कर्मचारी के करंट लगने से घायल हुआ। घायल का कस्बे के ही एक निजी हास्पिटल में इलाज चल रहा है। नगर पंचायत का संविदा सफाई कर्मचारी शिवम् बाल्मीकि पुत्र दिलीप शुक्रवार की सुबह कस्बे के ठाकुरान मोहल्ला में सफाई कर रहा था जैसे ही वह ट्रांसफर के नजदीक सफाई करते हुए पहुंचा तभी उसे तेज झटका लगा और दूर जमीन पर गिरकर घायल हो गया। घटना की जानकारी स्वजनों को मिलते ही मौके पर पहुंचे और उसे कस्बे के ही निजी हास्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया।

### रेलवे लाइन के पास मिला घायल युवक

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत काशीराम कालोनी राहतपुरा स्थित रेलवे लाइन के पास नीतू 40 वर्ष पुत्र राजवीर निवासी लौनी गाजियाबाद घायल अवस्था मे पड़ा मिला ऐसा प्रतीक होता है कि वह किसी ट्रेन से गिरकर घायल हुआ है। घटना की सूचना पाकर थाना सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### संचारी रोग नियंत्रण को लेकर ब्लॉक स्तरीय बैठक

**महेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के संयोजन में संचारी रोग नियंत्रण रोग अभियान हेतु ब्लॉक स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक खंड विकास अधिकारी महेवा यदुवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक का संचालन करते हुए अधीक्षक सी एच सी महेवा डॉ गौरव त्रिपाठी ने बताया कि उक्त अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इन अभियानों में पंचायती राज विभाग ,शिक्षा विभाग ,बाल विकास विभाग ,कृषि विभाग ,कृषि रक्षा इकाई ,स्वास्थ्य विभाग ,नगर पंचायत विभाग ,पशु पालन विभाग आदि सभी मिलकर कार्य करेंगे। इस दौरान झाड़ी की कटाई ,नालियों की सफाई ,मुर्गी एवं सुअर पालकों की बस्ती की सफाई ,लार्वा छिड़काव ,मच्छरदानी का प्रयोग आदि कार्य वरीयता में किए जाएंगे। दस्तक अभियान में आशा कार्यकत्री घर घर जाकर लोगों को मक्खी ,मच्छर से फैलने वाले रोगों से बचाव ,पहचान ,उपचार एवं साफ सफाई के बारे में जागरूक करेंगी। बैठक में मुख्य रूप से सहायक विकास अधिकारी पंचायत इंद्र प्रताप सिंह , बी पी एम डॉ दिलीप अग्रहरि ,सहायक विकास अधिकारी कृषि ,हर्ष कुमार , ,बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा पांडेय ,शिक्षा विभाग से दिनेश कुमार , कृषि विभाग से सत्यपाल सिंह ,विश्व स्वास्थ्य संगठन से मुहम्मद इमरान ,नगर पंचायत से सुकृत शरण ,डॉ उपेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# तीसरे दिन भी झमाझम बारिश से सड़कों पर जलभराव की स्थिति

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** शुक्रवार को तीसरे दिन झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी से तो राहत दिलाई लेकिन शहर के लोगों के लिए जल भराव की नई समस्या उत्पन्न करदी। जिसके कारण लोगों का आना जाना भी मुश्किल हो गया। नये और पुराने शहर के कई मोहल्लों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। कई सड़कों पर और मोहल्लों की गलियों में नालों का पानी बहता हुआ दिखाई दिया।

मैनपुरी रेलवे फाटक पर बने अंडर ब्रिज में काफी पानी भर गया। हालांकि यहां सतर्कता के तौर पर बरसात शुरू होते ही वाहनों का आना-जाना बंद करा दिया गया था, ताकि कोई वाहन इस पानी में ना फंस जाए। इस बारिश में कई सड़कों और मोहल्लों में पानी भर गया। लाइन पार क्षेत्र में विजयनगर चौराहे से भरथना चौराहे तक जाने वाली सड़क पर कई स्थानों पर पानी भर गया। इसी तरह भरथना चौराहे से भरथना रोड पर बिना बारिश के ही जल भराव रहता है शुक्रवार को बारिश के बाद यहां घुटनों तक पानी भर गया और यह पानी घरों के अंदर भी जाने लगा, जिससे लोग बेहद परेशान हो गए।



झमाझम बारिश में निकलते लोग।

- गलियों और सड़कों में बहता रहा नालियों का पानी, जल भराव से लोग परेशान

इसी तरह मोहल्ला गांधीनगर की गलियां भी जल भराव से लबालब हो गई। ज्ञान मंदिर से विजयनगर जाने वाली सड़क पर नाले का पानी बहता रहा। इसी तरह शहर के पूर्वी किनारे में एकता कॉलोनी और विकास कालोनी में कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे लोगों को काफी कठिनाई हुई। बारिश बंद होने के डेढ़ से 2 घंटे बाद किसी तरह पानी निकाला गया, तब आवागमन शुरू हो पाया। सुबह 10:30 बजे के करीब कुछ देर तक हल्की बारिश हुई थी लेकिन उससे कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। दिन में कभी धूप निकली तो कभी बादल छाए लेकिन शाम 4.30 बजे आधे घंटे से अधिक की झमाझम बारिश ने शहर को नारकीय स्थिति में तब्दील कर दिया। सती मोहल्ला, घटिया अजमत अली जैसे मोहल्लों में नाले के किनारे जो मकान बने हैं उनमें बरसात का पानी प्रवेश कर गया।

# जहर खाने से युवक की गई जान

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के केस्त गांव के रहने वाले एक युवक ने गृह क्लेश के चलते गुरुवार दोपहर सल्फॉस खा लिया, जिसकी इलाज के दौरान शुक्रवार को सैफई मेडिकल कॉलेज में मृत्यु हो गई। उक्त गांव निवासी आदित्य पाण्डेय (38 वर्ष) पुत्र प्रकाश पाण्डेय जो एक कालेज में लिपिक के पद पर तैनात थे। बताया जा रहा है कि किसी बात से नाराज होकर सल्फास का सेवन कर लिया। उसे पीजीआई में भर्ती कराया गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, भर्ती

**जसवंतनगर।** नगर के मोहल्ला रेलमंडी स्थित जानकीपुरम कॉलोनी निवासी अनिल कुमार (26 वर्ष) पुत्र प्रमोद कुमार ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई।गंभीर अवस्था में परिजनों ने अनिल को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। फिलहाल वहां उसका उपचार जारी है।

# कौशल विकास कार्यशाला में युवाओं ने किया प्रतिभाग



प्रतिमा शंकर दीक्षित एवं आलोक दीक्षित को सम्मानित करते आयोजक।

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** नारायण कालेज सभागार में कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत एमएसएमई जागरूकता के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यशाला में मौजूद विशेषज्ञों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया। कार्यशाला का उद्घाटन स्टेट बैंक आफ इंडिया के सेवानिवृत्त मैनेजर प्रतिमा शंकर दीक्षित एवं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने संयुक्त रूप से सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतिमा शंकर दीक्षित ने बैंकों द्वारा युवाओं की उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रशुक्षियों को दी। जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल आलोक दीक्षित ने युवाओं को ओडीओपी आदि योजनाओं, तथा बैंको से लोन आदि में व्यावहारिक दिक्कतओं के संबंध में जानकारी दी,और उनके समाधान का भरोसा दिया। कौशल विकास मिशन से प्रबल गुप्ता,यूपीकोन से नीरज कुमार, नारायण फार्मेसी कालेज के प्रधानाचार्य राजेश तिवारी सहित कालेज स्टाफ मौजूद रहा।

**योग दिवस आज** | योग दिवस की पूर्व संध्या पर जगह–जगह हुए योग और अन्य कार्यक्रम

# योग कराकर सभी को निरोगी काया का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद तुलसी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग एवं संगीत दिवस की पूर्व संध्या पर योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पानकुंवर इण्टरनेशनल स्कूल में शाखा अध्यक्ष व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ कैलाश चन्द्र यादव की उपस्थिति में किया गया।

उन्होंने लोगों को योग और संगीत का महत्व समझाते हुए कहा कि यह दोनों ही साधना और तपस्या हैं। जिसका उद्देश्य मन और शरीर को एक साथ लाना है। योगाचार्य विश्वबन्धु मिश्रा ने सभी को योग की विभिन्न क्रियाएं कराई। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ सदस्य शमीम बेगम, नीलिमा चौधरी, शशी दीक्षित, संगीता सिंह,का योगदान रहा।



पान कुंअर स्कूल में योग करते तुलसी शाखा के सदस्य। अमृत विचार

**मेरा युवा भारत केंद्र ने कराया योग:** मेरा युवा भारत केंद्र इटावा की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य पर शुक्रवार को योग कराया गया। इसमें मेरा भारत स्वयंसेवक व खेल से जुड़े युवाओ ने भाग लिया। इस योग सत्र में प्रशिक्षुओं ने काफी संख्या में शामिल होकर आसनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षक सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अम्बरीश कुमार वर्मा ने बताया कि योग ही एक ऐसा दिव्य साधन है, जो मनुष्य को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। युवा प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रह कर नशे से दूर रहने की भी प्रतिज्ञा ली। योग प्रशिक्षिक हरीशंकर पटेल योग प्रशिक्षिक , बैडमिंटन कोच ने युवाओ को योग क्रियाओ की जानकारी देते हुए योगाभ्यास कराया गया। ब्रह्मकुमारी आश्रम से वीके नीलम, वीके प्रीति ने युवाओं को अध्यात्म के बारे में जानकारी दी। जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा, कार्यक्रम सहायक श्रवण कुमार बाथम, राजेश कुमार वर्मा, संजीव कुमार अध्यक्ष युवा मंडल कुनेरा , विनीत चौहान ,आशीष यादव रहे।

**महेवा प्रतिनिधि** के अनुसार विश्व योग दिवस के एक दिवस पूर्व ब्लॉक सभागार महेवा में खंड विकास अधिकारी महेवा यदुवीर सिंह की देखरेख में आए जिले के नोडल अधिकारी एवं प्रशिक्षक अनिल सिंह द्वारा योग कराया गया। शुक्रवार की सुबह बीडीओ महेवा यदुवीर सिंह , हर्ष कुमार की मौजूदगी में जिले से नियुक्त नोडल आयुष चिकित्सक डॉ गौरव , प्रशिक्षक अनिल सिंह द्वारा सभी को योगासन कराए गए।

**कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई योग मैराथन :** इटावा। कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज द्वारा शासन के निर्देशानुसार योग मैराथन स्वस्थ समाज की ओर बढ़ते कदम का आयोजन प्रातः काल अधिष्ठाता डॉक्टर एन के शर्मा के कुशल नेतृत्व में दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सामने से किया गया जिसमें तीनों महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मैराथन आयोजक सत्येंद्र पाल,शारीरिक शिक्षा निदेशक द्वारा मैराथन के परिणाम घोषित किए।

# आकाश मिस्टर और दीक्षा को मिस इटावा का खिताब मिला

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** स्टार लाइट प्रोडक्शन के बैनर तले मिस्टर एंड मिस इटावा 2025 के छठवें सीजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि श्रुति रंजन पत्नी एडीएम और विशिष्ट अतिथियों डॉ. वैष्णवी जगदंबा नंदगिरि, मिस्टर यूनिवर्सल क्रमिक यादव, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट निकिता विभानिया, सिविल लाइन एसएचओ विक्रम सिंह एवं संजय कुमार वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर की गई।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को जोधपुरी पारंपरिक परिधान में रैम्प पर उतरने का अवसर मिला, जहां उन्होंने इंट्रोडक्शन, टैलेंट और सवाल-जवाब राउंड में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। निर्णायक मंडल ने आकाश तोमर को मिस्टर इटावा और दीक्षा यादव को मिस इटावा 2025 के खिताब से नवाजा। पीयूष शर्मा और मोहाली यादव फर्स्ट रनरअप रहे, जबकि अंशुल यादव और साक्षी को सेकंड रनरअप रहे। इसके साथ ही प्रतियोगिता में विभिन्न कैटेगरी में 14 सब-टाइटल्स भी दिए गए। इनमें मिस्टर व मिस सिम्पैथिक समीर और मोहिनी, मिस्टर व मिस इंटेलीजेंट दक्षराज और स्वरा, मिस्टर व मिस फेमस सारिफ और प्रिया, मिस गॉर्जियस वैष्णवी, मिस्टर हैंडसम अभिमन्यु, मिस्टर व मिस स्टाइलिश मृदुल और दीक्षा, कैटवॉक अवॉर्ड वैष्णवी, पैंथर वॉक अवॉर्ड अभय, मिस्टर व मिस परफेक्ट राज कुशवाहा और नेहा को सम्मानित किया गया।




मिस्टर आकाश व मिस दीक्षा। अमृत विचार

# उड़ीसा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस की बोगी में धुआं, मचा हड़कंप

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**15** मिनट बाद ट्रेन हो पाई रवाना

**72** सवारी थीं स्लीपर कोच में



ट्रेन को चेक करते रेल कर्मचारी। अमृत विचार



ट्रेन की बोगी से निकलता धुआं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर आनंद बिहार से चलकर भुवनेश्वर की ओर जा रही उड़ीसा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच के पहियों में धुआं उठने से हड़कंप मच गया। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को सिग्नल पर रोक दिया। कोच में सवार 72 यात्री आनन-फानन में बोगी नंबर 194881/सी, एस-2 से नीचे उतरकर जान बचाने के लिए भागने लगे। मौके पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशामक यंत्र से बोगी की चिंगारी को बुझाया, करीब 15 मिनट बाद ट्रेन को कानपुर की ओर रवाना किया गया।

शुक्रवार दोपहर 12:21 बजे ट्रेन की संख्या 12820 के पांच नंबर की बोगी में धुआं निकलने लगा, जिससे पहियों में चिंगारी निकलने लगी। जब धुआं तेज हुआ तो बोगी के अंदर पहुंचने लगा। ट्रेन के अंदर धुआं आते देख यात्रियों में हड़कंप मच गया। बोगी में मौजूद रेल कर्मचारियों ने ट्रेन के चालक को धुआं निकलने की सूचना दी। जिसके बाद चालक ने आनन-फानन में ट्रेन को अछल्दा रेलवे क्रासिंग पर ही रोक दिया। कोच से धुआं निकलते देख एस-2 कोच में सवार 72 यात्री नीचे कूदने लगे। जिसके बाद मौके पर जाकर चालक ने अग्निशामक यंत्र से पहियों से निकली आग की चिंगारी को बुझाया। सभी यात्रियों को ट्रेन में सवार होने के लिए कहा। सब कुछ ठीक होने के बाद चालक ने ट्रेन को

● **रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र से चिंगारी पर पाया काबू**

12:35 बजे गंतव्य की ओर रवाना किया। रेलवे स्टेशन मास्टर अनिल कुमार का कहना है कि कोच के ब्रेक बांडिंग होने के चलते धुआं निकला था। रेल कर्मियों ने अग्निशमन यंत्र से चिंगारी बुझा दी। कोच की जांच पड़ताल के बाद ट्रेन कानपुर की ओर रवाना की गई।

## दो घंटे की देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची ऊंचाहार एक्सप्रेस

**कंचौसी, औरैया।** चंडीगढ़ से दिल्ली होकर प्रयागराज जाने वाली ऊंचाहार एक्सप्रेस शुक्रवार को अपने निर्धारित समय सुबह 4 बजे के बजाय दो घंटे की देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इंतजार में बैठे मुसाफिर स्टेशन पर परेशान रहे। कई दूसरी ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंचीं। ट्रेन की देरी को देखते कई यात्री निजी वाहनों व अन्य साधनों से गंतव्य की ओर रवाना हो गए वहीं कई इंतजार में खड़े रहे और जब ट्रेन आई तब गए। बारिश के मौसम में कानपुर, रूरा, उन्नाव, फतेहपुर, प्रयागराज जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं भटिंडा से चलकर बालुरघाट जाने वाली फरक्का एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 20 मिनट की देरी से कंचौसी रेलवे स्टेशन पहुंची। शिकोहाबाद कानपुर मेमू 15 मिनट की देरी से आई जिससे कानपुर, पनकी धाम, भाऊपुर, रूरा, झीझक आदि स्थानों पर जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार ने ट्रेनों के लेट होने की जानकारी अनाउंस के माध्यम से यात्रियों को दी।

# विस्थापित गांव में सुविधाएं नहीं बरसात में और बढ़ेंगी समस्याएं

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के अयाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजपुर नौरी नया नाम (वीर एकलव्य नगर) में गुरुवार को हिंदू जीपी जिला अध्यक्ष गंगा सिंह के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक की दौरान ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में उत्पन्न विभिन्न समस्याओं पर ध्यानाकर्षण किया। यह गांव पिछले वर्ष विस्थापित घोषित हुआ था। इसे स्थापित करने के लिए प्रशासन ने एक मुहिम चलाई थी जो ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है। गांव में संसाधनों का काफी अभाव है। इसके अलावा गांव में कोई विद्यालय नहीं है। जिससे प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षा के लिए दूर-दराज जाना पड़ता है, जिससे अभिभावकों एवं बच्चों को काफी तकलीफ होती है। ग्रामीण ने समस्याओं से निजात दिलाए जाने के लिए शासन व प्रशासन से मांग की है। जिससे बरसात के दिनों में ग्रामीणों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

विकासखंड अजीतमल क्षेत्र के ग्राम राजपुर नौरी में गुरुवार को एक बैठक हिंदू जीपी जिला अध्यक्ष गंगा सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक के दौरान गांव की विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकर्षण करते हुए ग्रामीणों ने अपने सुझाव साझा किए। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गांव विस्थापित होने से समस्याओं का अंबार हैं। ग्रामीण ने बताया कि गांव में पानी की टंकी रखी गई थी वह सफेद हाथी बनी हुई है। गांव के हैंडपंप भी खराब पड़े हुए हैं। गांव में विद्युतीकरण के लिए विद्युत विभाग की अधिकारी युवा कर्मचारी कोई भी प्रक्रिया नहीं कर रहे हैं जबकि विद्युतीकरण का आदेश भी हो चुका है वह नया नाप-जोख की जा चुकी है। इसके बाद दूध अभी तक गांव में एक भी विद्युत पोल नहीं पहुंचा है। बैठक के दौरान प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष के अलावा समाजसेवी रामकृष्ण निषाद, दिनेश चंद्र, प्रसाद सिंह निषाद, वीर सिंह निषाद, अशोक कुमार, कृपा शंकर आदि मौजूद रहे।

# ज्वैलरी शॉप से लाखों के जेवर और तिजोरी उठा ले गए चोर

## कोतवाली के पढ़ीन गांव का मामला, पुलिस ने मौके का मुआयना कर शुरू की जांच-पड़ताल

कार्यालय संवाददाता, औरैया



दुकान का बिखरा सामान दिखाता पीड़ित। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पढ़ीन में बीती रात ध्रुव ज्वैलर्स के नाम से संचालित ज्वैलरी की दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के चांदी और सोने के जेवर पार कर दिए। जब सुबह घटना की जानकारी लोगों को हुई तो लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए जल्द ही घटना का खुलासा किये जाने का आश्वासन दिया है।

शहर के विधिचंद्र मोहल्ला निवासी ध्रुव सोनी की दुकान पढ़ीन गांव में है। वह रोज की तरह शाम लगभग 7 बजे दुकान बंद कर घर चले गए। देर रात चोरों ने सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया। चोरों ने बिजली के खंभे से दुकान की बिजली आपूर्ति काटी, ताकि सुरक्षा यंत्र काम न कर सकें। इसके बाद दुकान का शटर तोड़कर वे भीतर घुसे और लगभग 3 किलो चांदी तथा 30 ग्राम सोना व दुकान में रखी तिजोरी उठा ले गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि जिस स्थान पर चोरी हुई, उससे महज 10 से 15 मीटर की दूरी पर प्रशासन एवं ग्राम प्रधान द्वारा लगाया गया सीसीटीवी कैमरा मौजूद था। लेकिन ग्रामीणों के अनुसार, रात 12 बजकर 15 मिनट पर सीसीटीवी कैमरा बंद हो गया। इसके बाद ही चोरों ने मौके का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया। घटना से स्पष्ट होता है कि जनपद में चोरों के हौसले कितने बुलंद हैं। उन्होंने न केवल सुरक्षा तंत्र को चकमा दिया, बल्कि कैमरे की निगरानी से बचने

● **चोरी से पहले दुकान की बिजली काटी, सीसीटीवी कैमरा भी रहा बंद**

के लिए उसकी टाइमिंग तक को भांप रखा था। इससे यह भी संदेह पैदा होता है कि चोरों को किसी स्थानीय व्यक्ति या अंदरूनी जानकारी रखने वाले की मदद प्राप्त थी। घटना के बाद इलाके के व्यापारियों और आम नागरिकों में डर और आक्रोश व्याप्त है। उनका कहना है कि जब प्रशासनिक निगरानी के बावजूद चोर इस तरह की घटनाएं कर सकते हैं, तो आम जन की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं रह जाती। सूचना मिलते ही सीओ सिटी अशोक कुमार, सदर कोतवाल राज कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। सीओ अशोक कुमार ने बताया कि जल्द ही घटना का राजपाश किया जाएगा।

## पांच और मोरों की चली गई जान

**कंचौसी औरैया।** विकासखंड भाग्यनगर के अंतर्गत कंचौसी गांव में विगत 6 दिनों से बीमार व मृत मोरों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ग्रामीणों को आशंका है किसी अज्ञात बीमारी के कारण मोरे बीमार हो कर मर रही हैं।

शुक्रवार को बजरंग दल के जिला बलोपासना प्रमुख सत्यम गुप्ता की सूचना पर बीमार मोरों का इलाज करने के लिए पशुपालन विभाग की टीम कंचौसी गांव पहुंची। डॉक्टरों की टीम में डॉ दिनेश यादव एवं नीरज यादव ने बीमार मोरो का इलाज किया। इसके पश्चात वन विभाग से रेंजर राम कृष्ण राठौर व डिप्टी रेंजर विजय कुमार अपनी टीम के साथ कंचौसी गांव पहुंचे और घायल मोरों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कराया। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द जांच कराकर मौत की कारणों का पता लगाया जाए । इस दौरान प्रखंड संयोजक जयंत गुप्ता,सत्यम गुप्ता, सनी गुप्ता, वैभव,उत्तम,कुणाल,गोकुल, अक्षत, कन्हैया, आयुष आदि मौजूद रहे।

# तेज हवा व बारिश से 30 गांवों की बिजली आपूर्ति 12 घंटे रही बाधित

संवाददाता, कंचौसी (औरैया)

**अमृत विचार।** बारिश ने कंचौसी कस्बे में बिजली का संकट खड़ा कर दिया है। बारिश और हवा के कारण जगह-जगह लाइनों में बीती रात्रि फाल्ट होने से 30 से ज्यादा गांवों में 12 घंटे बिजली गुल रही। गुरुवार रात्रि 12 बजे के बाद अचानक मौसम के मिजाज में आए परिवर्तन के चलते आसमान में घटाएं छा गईं। कस्बा कंचौसी में बारिश और तेज हवाओं की वजह से असेनी पावर हाउस से जुड़े नौगवा फीडर और बिहारीपुर उपकेंद्र की बिजली लाइनों में जगह-जगह फाल्ट हो गए। जिससे पूरी बिजली आपूर्ति ध्वस्त हो गई। जिसके चलते बिहारीपुर, चमरौआ, कंचौसी बाजार, ढिकियापुर, जमौली, घसाका पुरवा, महिपाल पुरवा, नौगवां, अमरपुर, सुंदरपुर, रंजीतपुर, कनमऊ, हरतौली, सुखमपुर, चंद्रपुर, बिनपुरापुर, सहायपुर,सहित 30 गांवों की बिजली पूरी तरह से गुल हो गई। 12 घंटे से बिजली गुल होने से लोगों के मोबाइल चार्जिंग के अभाव में बंद हो गए। वहीं, लोगों को पानी के लिए भी भटकना पड़। शुक्रवार दोपहर 1 बजे बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी इस संबंध में जेई सतीश जयसवाल ने बताया तेज हवा और बारिश से जगह जगह फाल्ट होने से विद्युत आपूर्ति बाधित रही थी फाल्ट को दुरस्त कर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

## बारिश से किसान की 10 बीघा उर्द की कटी फसल भीगी



भीगी फसल दिखाता किसान।

**अछल्दा, औरैया।** विकास खंड क्षेत्र में दो दिन से हो रही लगातार तेज बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। गांव के किसान की 10 बीघा में उगाई गई उर्द की फसल काटकर खेत में पड़ी थी। लेकिन गुरुवार और शुक्रवार देर रात हुई तेज बारिश के चलते पूरी फसल भीग गई। गांव नगला उम्मेद के किसान सूबेदार राजपूत पुत्र मोतीलाल राजपूत का कहना है कि उर्द की फसल काटकर सूखने के लिए खेत में डाली गई थी, लेकिन मौसम की मार ने उसे भारी नुकसान पहुंचाया है। अब फसल का दाना खराब होने की आशंका है। खेत में जगह–जगह पानी भर गया है, जिससे फसल पलटने या सड़ने की संभावना बढ़ गई है। किसान ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कर मुआवजा दिलाने की मांग की है। क्षेत्र के अन्य किसानों ने भी मौसम की अनिश्चितता को लेकर चिंता जाहिर की है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज, महाविद्यालय में होगा योगाभ्यास

**फफूंद, औरैया।** मां आरके देवी महाविद्यालय टीकमपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षक व छात्र-छात्राएं योग करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार योग कार्यक्रम का विश्व कीर्तिमान स्थापित किए जाने के लिए महाविद्यालय में योग प्रशिक्षक स्वाती मिश्रा के दिशा निर्देशन में 21 जून शनिवार को प्रातः 7 बजे से सूर्य नमस्कार किया जाएगा।

महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. जय गोपाल पांडेय ने अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कर कीर्तिमान स्थापित करने में सहयोग करें।

# भागवत कथा में धूमधाम से मना गिरिराज उत्सव

संवाददाता, अछल्दा, औरैया



कथा सुनाते आचार्य अमरदीप अवस्थी।

**अमृत विचार।** विकास खंड के गांव खुमानपुर में चल रही छठवें दिन श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

कथा वाचक अमरदीप अवस्थी ने गोवर्धन लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि ब्रजवासी इंद्र को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ की तैयारी कर रहे थे। भगवान कृष्ण ने कहा कि आप इंद्र के लिए यज्ञ क्यों कर रहे हो। नंद बाबा ने कहा कि अगर हम इंद्र के लिए यज्ञ नहीं करेंगे तो इंद्र देवता वर्षा नहीं करेंगे। अगर इंद्र वर्षा नहीं करेंगे तो हमारे खेत में कुछ पैदा नहीं होगा। भगवान कृष्ण ने कहा इंद्र देव का यह कर्तव्य है कि भगवान ने उसे यह सेवा दी है। अगर तुम्हें यज्ञ करना है तो गिरिराज गोवर्धन के लिए करो। भगवन कृष्ण ने सभी ब्रजवासियों को गिरिराज के लिए यज्ञ करने के लिए मना लिया। गिरिराज गोवर्धन भगवान विष्णु स्वरूप है। भगवान कृष्ण ने गिरिराज के लिए यज्ञ करके यह सिद्ध किया। अगर भगवान को प्रसन्न कर लिया।

## युवक को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट

**अयाना।** थाना के मानपुर निवासी दुर्गेश ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि गुरुवार को हुई बारिश से उसके दरवाजे के सामने जलजमाव हो गया था। इसकर शुक्रवार सुबह सात बजे वह नाली में उतरकर कचड़ा हटा रहा था। कचड़ा हटाने के दौरान कुछ छींटे पड़ोसी के दीवार पर गिर गए। इससे नाराज पड़ोसी जातिसूचक गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी व उसके सहयोगियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इससे वह घायल हो गया। प्रभारी थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा मंडल महामंत्री बने कपिल गुप्ता

कार्यालय संवाददाता, औरैया



मनोनीत मंडल महामंत्री का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के अनुमोदन पर गुरुवार को देर रात्रि भारतीय जनता पार्टी के मंडल पदाधिकारियों की सूची जारी हुई। सूची क्रमांक 9 पर समाजसेवी कपिल गुप्ता को मंडल महामंत्री पद का दायित्व सौंपा गया हैं। जिससे समाजसेवी संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया।

शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे स्थानीय सुभाष चौक औरैया पर मंडल महामंत्री कपिल कुमार गुप्ता का प्रथम नगर आगमन होने पर ढोल नगाड़ों के साथ माल्यार्पण व मिष्ठान वितरण कर अभिनंदन किया गया। उसके बाद मंडल महामंत्री ने सर्व मनोकामना पूर्ण करने वाली फूलमती मैया के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। निज-निवास पहुंचने से पूर्व शहर व मोहल्ले के लोगों ने आतिशबाजी जलाकर व मिष्ठान वितरित कर हर्ष व्यक्त किया।

अभिनंदन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय पुरवार पोरवाल महासभा औरैया इकाई के जिलाध्यक्ष समाजसेवी शिवकुमार

● **सुभाष चौक पर समाजसेवी संगठनों ने किया स्वागत**

पुरवार, विचित्र पहल सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू), संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट, श्री गोपाल सेवा संस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष रमन पोरवाल राष्ट्रीय मंत्री विनय पुरवार, प्रांतीय उपाध्यक्ष आनन्द गुप्ता (डाबर), दिनेश पुरवार, गंगा समग्र के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता एडवोकेट, नितिन पुरवार, उमेश बिश्नोई, राघवेंद्र पोरवाल, विपिन पोरवाल (बंटू), आशीष पुरवार, चंदन, आदित्य बिश्नोई, बृजेंद्र पोरवाल, सिल्लू बिश्नोई, संजू पुरवार बृजेश पोरवाल ने हर्ष व्यक्त किया।

**फटकार** उप जिलाधिकारी व तहसीलदार सहित सभी संबंधित अधिकारी पुराने वादों को सूचीबद्ध कर शीघ्र निस्तारित करें

# रैंकिंग में सी श्रेणी आने का कारण बताएं जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** प्रदेश स्तर पर कार्यों की कि जाने वाली समीक्षा में जनपद की रैंकिंग निस्तारित मामलों/ संदर्भों में संतुष्टि प्रतिशत कम पाए जाने के कारण होने वाली गिरावट के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी अपनी कार्य शैली में सुधार लाते हुए समयबद्धता के साथ संतुष्टि पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। इससे जनपद की रैंकिंग ऊपर उठ सके। जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में जूम मीटिंग के माध्यम से कार्यों की समीक्षा के दौरान जल निगम, लोक निर्माण विभाग, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत तथा मनरेगा आदि के द्वारा निस्तारित मामलों में संतुष्टि प्रतिशत कम पाए जाने के कारण उपरोक्त निर्देश देते हुए कहा कि इसमें अतिशीघ्र सुधार लाते हुए संतुष्टि प्रतिशत बढ़ाना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस दौरान दिनांक 21 जून को डिफॉल्ट होने वाले प्रकरणों से संबंधित अधिकारियों को आगाह किया कि यह सभी संदर्भ आज ही प्रत्येक दशा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने प्रदेश स्तर पर सी श्रेणी में आने वाले विभागों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वह लिखित रूप में अवगत कराएं कि उनके कार्यों/ निस्तारण प्रक्रिया में किस कारण से सी श्रेणी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में आख्या स्पष्ट होनी चाहिए। जिससे संबंधित की जिम्मेदारी निर्धारित की जा सके। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि सभी संबंधितों को निर्देशित किया कि पुराने वादों को सूचीबद्ध करते हुए शीघ्रता के साथ निस्तारण करें जिससे लम्बित वादों की संख्या में कमी आए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आमजन को पात्रता के अनुरूप दिए जाने वाले पट्टों के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही कर शिविर आदि के माध्यम से पट्टा वितरण का कार्य समय से पूर्ण करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि राजस्व संबंधी मामलों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक रूप से शिथिलता न बरती जाए।

## शिविर में पात्रों को किया लाभांवित

● **औरैया।** जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशानुसार शासन की मंशानुरूप दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के लिए 20 को विकास खण्ड परिसर सहार में शिविर का आयोजन किया गया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने अवगत कराया कि शिविर में 51 दिव्यांगजनो के सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु तथा अन्य योजनाओं सम्बंधी आवेदन पत्र भर कर चिन्हित किया गया है 18 ट्राईसाइकिल, 02 जोड़ी बैशाखी, 03 एमआर किट 19 व्हीलचेयर 03 स्मार्ट कैन, 02 चश्मा, 05 कान की मशीन एवं 01 हाथ (आरटीफिसयल) आदि के आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के कर्मचारी एवं विकास खण्ड सहार के अधिकारी व कर्मचारी आदि मौजूद रहें।

## समाधान दिवस आज

**औरैया।** शासन के निर्देशानुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 21 जून को जनपद के सदर तहसील औरैया में जिलाधिकारी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारी सदर तहसील औरैया में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में समय से पहुंचना सुनिश्चित करें।

# स्कूल विलय के विरोध में उतरे ग्रामीण

संवाददाता, अटसू औरैया




विरोध-प्रदर्शन करते अभिभावक व ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के कम नामांकन वाले परिषदीय स्कूल को बन्द कर पास के स्कूल में मर्ज करने की नीति का अधिकांश गांवों में विरोध उठ रहा है। ग्रामीण इस पर कतई तैयार नहीं हो रहे है कि उनके गांव से विद्यालय को खत्म किया जाये। अजीतमल ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर के ग्रामीणों ने कड़ा विरोध-प्रदर्शन कर स्कूल बन्द न करने की मांग की है।

शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय महाराजपुर में विद्यालय मर्ज करने को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापका कल्पना द्वारा एक आकस्मिक एसएमसी की बैठक एसएमसी राकेश कुमार की अध्यक्षता में बुलायी गयी। बैठक में स्कूल को मर्ज करने के प्रस्ताव पर विद्यालय पहुंचे अभिभावकों ने कड़ा विरोध जताया तथा अभिभावकों ने सरकार की मर्ज करने की नीति पूर्णतया गलत बताते हुए असंतुष्ट दिखे। ग्रामीणों द्वारा विरोध जताते हुए कहा कि पहले सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में स्कूल खोला गया और बच्चों को पढ़ने की सुविधा दी गयी, लेकिन अब दूसरे गांव में जाकर के बच्चें पढ़ें ये कतई स्वीकार नहीं होगा, वहीं उन्होंने सरकार की नीति पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि पहले गांव-गांव में स्कूल खोले गये। जिसपर बिल्डिंग सहित कार्यों पर बहुत पैसा खर्च किया गया और अब उन्हें बन्द करना एक तरह से पैसे की बर्बादी है। इस अवसर पर विरोध जताने में राजेश कुमार, रज्जनबाबू, जगत सिंह, कृपाराम, राजेश कुमार, जवाहरलाल, देवेन्द्र सिंह, अनीता, लाल सिंह, सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहें।

● **बेसिक शिक्षा विभाग कम नामांकन वाले स्कूलों को कर रहा बंद**

## एक नजर

### लेजर शो से दिखाई जाएगी शहीदों की शौर्य गाथा

**अमृत विचार, लखनऊ :** देश सेवा में अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों के बलिदान और पराक्रम को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए डिजिटल व्यवस्था बनायी जाएगी। लखनऊ के कैन्टोनमेंट क्षेत्र स्थित स्मृतिका वॉर मेमोरियल में जल्द ही लेजर लाइट एंड साउंड शो की शुरुआत होगी। उप्र. राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड को इसकी जिम्मेदारी दी गयी है। इसका उद्देश्य देश के वीर सपूतों के अदम्य साहस और बलिदान को आधुनिक तकनीक से जन-जन तक पहुंचाना है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी।

# योग दिवस के लिए नगर विकास विभाग ने सजाए 100 पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योग के लिए सभी जरूरी सुविधाओं से युक्त हैं पार्क
- रोजाना स्थानीय लोग पार्कों में कर सकेंगे योग

**अमृत विचार :** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। नगर विकास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में 100 से अधिक योग पार्क विकसित किए हैं। इन पार्कों में योग और संबंधित गतिविधियों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। योग दिवस के बाद भी इसमें लोग रोजाना योग कर सकते हैं।

योग पार्कों का विकास आयुष मंत्रालय के तय मानकों के अनुरूप किया गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम- एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है। इस थीम के अंतर्गत नगर विकास विभाग ने पूरे प्रदेश में स्थानीय नगर निकायों के माध्यम से 100 से अधिक योग पार्क स्थापित किए हैं। जहां योग दिवस के बाद भी पूरे वर्ष योग एवं अन्य स्वास्थ्यवर्धक गतिविधियां



संचालित की जाएंगी।

नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात के मुताबिक, नगर निगम वाराणसी में शहीद उद्यान, बेनिया बाग पार्क, हरिश्चंद्र पार्क के साथ ही नमो घाट, अस्सी घाट और रविदास घाट पर भी योग किया जाएगा। इसी तरह नगर निगम आगरा में बल्केश्वर पार्क, सेंट्रल पार्क आवास विकास, कालिंदी पार्क और नगर निगम कार्यालय पार्क को योग पार्क के तौर पर विकसित किया गया है।

राजधानी लखनऊ में गुलाब पार्क, स्वर्ण जयंती पार्क, झंडे वाला पार्क, ईडी पार्क जैसे 9 योग पार्कों को विकसित किया गया है। इसी क्रम में कानपुर नगर निगम ने भी नानाराव पार्क, बुद्ध पार्क, संजय वन और परशुराम वाटिका को योग पार्क बनाया है। सबसे ज्यादा योग पार्क झांसी नगर निगम ने लगभग 12 योग पार्क व मथुरा-वृदांवन में लगभग 8 योग पार्क विकसित किये गये हैं। जबकि अयोध्या और फिरोजाबाद में 3-3, गाजियाबाद में 10 योग पार्क विकसित किये गये हैं। सभी जिलाधिकारियों, स्थानीय निकाय निदेशालय और नगर निगमों के आयुक्तों को निर्देश दिये हैं कि अंतर्राष्ट्रीय योग पार्कों में मूलभूत सुविधाओं जैसे स्वच्छ पेयजल, बैठने की व्यवस्था और योग प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त स्थान को सुनिश्चित करें।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से सभी जुड़ें : योगी



मुख्यमंत्री योगी ने कहा शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। योग भारत की विरासत है और प्रधानमंत्री मोदी ने 11 वर्ष पूर्व इसे वैश्विक मान्यता दिलाई। उन्होंने कहा गांव से लेकर नगर तक के लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का हिस्सा बनें। योग से जुड़कर स्वस्थ दिनचर्या की शुरुआत करें, क्योंकि कहा गया है कि धर्म के साधनों के लिए शरीर माध्यम है, इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना जरूरी है।

## सचिवालय में तैनात कंप्यूटर सहायक बर्खास्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** सचिवालय प्रशासन विभाग ने सचिवालय में कंप्यूटर सहायक के पद पर कार्यरत निधि सिंह को नौकरी दिलाने के नाम पर धन उगाही और अनधिकृत अनुपस्थिति के आरोपों के चलते शुक्रवार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। आरोपों की जांच में सहयोग नहीं करने पर एकपक्षीय जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। विशेष सचिव फूल चंद्र ने निधि सिंह को सेवा से पदच्युत किए जाने का आदेश जारी कर दिया है। इस मामले में वर्ष 2022 से विभागीय कार्यवाही शुरू की गई थी।

# घरेलू सेवाओं में युवाओं को दक्ष बनाएगा हुनर हाथ प्रोजेक्ट

## प्रदेश के 5 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होगी शुरुआत

- भोजन, सफाई, देखभाल जैसे कार्यों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा जल्द ही 'हुनर हाथ' पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत पांच जिलों में की जाएगी। इसका उद्देश्य कौशल के साथ रोजगार और समाज को विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराना है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम के समक्ष अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह द्वारा इस महत्वाकांक्षी पायलट प्रोजेक्ट के संबंध में विस्तार से प्रस्तुति दी गई। प्रिया सिंह ने बताया कि 'हुनर हाथ' के माध्यम से घरेलू जरूरतों की पूर्ति के लिए प्रशिक्षित युवाओं का एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया जाएगा, जिससे जनसामान्य को योग्य और कुशल सेवा प्रदाता सरलता से उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक चरण में इस योजना को पांच जिलों में लागू किया जाएगा, जहां चयनित युवाओं को घरेलू सहायकों के रूप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन युवाओं को भोजन पकाने, घर की साफ-सफाई, देखभाल सेवाएं, घरेलू उपकरणों का सामान्य रख-रखाव आदि घरेलू आवश्यकताओं से संबंधित विशिष्ट कौशल सिखाए जाएंगे। इस प्रशिक्षण में पब्लिक और प्राइवेट ट्रेनिंग पार्टनर के सहयोग से आवासीय एवं अनावासीय दोनों प्रकार की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि 'हुनर हाथ' योजना न केवल युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करेगी, बल्कि समाज की घरेलू स्तर की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी एक भरोसेमंद सेवा नेटवर्क तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं की जानकारी एक केंद्रीकृत 'हुनर हाथ' पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, जिससे कोई भी नागरिक अपनी आवश्यकतानुसार स्थानीय स्तर पर इन प्रशिक्षित युवाओं की सेवाएं प्राप्त कर सकेगा।



लखनऊ में पायलट प्रोजेक्ट हुनर हाथ का प्रस्तुतिकरण देखते कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम, अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह और मिशन निदेशक पुलकित खरे।

### योजना को मॉडल के तौर पर किया जाएगा स्थापित

प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने निर्देश दिए कि इस योजना में प्रशिक्षित युवाओं का डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जाए और पोर्टल पर सेवाओं को वर्गीकृत करते हुए जनसामान्य के लिए सुलभ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता, सुरक्षा एवं सेवा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि इस योजना को प्रदेश में एक मॉडल के रूप में स्थापित किया जा सके। बैठक में मिशन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए अपने सुझाव दिए।

## 30 को नर्सिंग शिक्षक सीखेंगे कार्य की बारीकियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** नर्सिंग शिक्षा के उत्तरोत्तर विकास के लिए उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा 30 जून को राइटिंग एजुकेशनल व लर्निंग आब्जेक्टिवस विषयक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में सभी नर्सिंग कॉलेज के शिक्षक हिस्सा लेंगे, इसमें विषय विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे।

यह जानकारी स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि बेहतर नर्सिंग शिक्षा के लिए शिक्षा की नई तकनीक पर शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए कार्यशाला में एरा नर्सिंग कॉलेज में पीडियाट्रिक नर्सिंग के विभागाध्यक्ष प्रो.एचसीएल रावत व्याख्यान देंगे। उन्होंने बताया कि हर नर्सिंग कॉलेज से छह शिक्षकों का इस वेबिनार में प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा।

## प्रदेश में धान की 70 प्रतिशत नर्सरी तैयार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य में 2.85 लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में धान की 70 प्रतिशत नर्सरी तैयार हो चुकी हैं। यह पिछले सीजन से 70 हजार हेक्टेयर अधिक है। जबकि 16 हजार हेक्टयर से अधिक में धान की बुवाई हो चुकी है। पिछले सीजन यह आंकड़ा साढ़े पांच हजार रहा था। मानसून की आमद के साथ प्रदेश में खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई रफ्तार पकड़ रही है। इस बार धान, मोटे अनाज से लेकर दलहन-तिलहन में भी पिछले सत्र के मुकाबले तेजी दिख रही है। ज्वार, बाजरा, मूंग, अरहर की बुवाई भी पिछले सीजन से ज्यादा रही है। 30 हजार हेक्टेयर में ज्वार और साढ़े पांच हजार हेक्टेयर में बाजरा बोया जा चुका है, जबकि 13 हजार हेक्टेयर से ज्यादा में अरहर की बुवाई हो चुकी है।

# औद्योगिक भूखंडों की होगी मेगा ई-नीलामी

## यूपीसीडा ने शुरू की तैयारी, नई औद्योगिक इकाइयों की होगी स्थापना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ई-नीलामी वाले 16 जिलों में कानपुर, उन्नाव, अमेठी व शाहजहांपुर शामिल

**अमृत विचार :** प्रदेश के 16 जिलों में 144 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए मेगा ई-नीलामी करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी का स्पष्ट निर्देश है कि प्रदेश में नए उद्यम लगाने के लिए इच्छुक उद्यमियों को औद्योगिक प्राधिकरणों द्वारा न केवल भूमि उपलब्ध करायी जाए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाए कि पारदर्शी तरीके से प्रक्रिया पूरी हो।

इस प्रक्रिया के जरिए मथुरा, मैनपुरी, शाहजहांपुर, हमीरपुर, जालौन, झांसी, फतेहपुर, कानपुर, बांदा, बागपत, उन्नाव, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, वाराणसी व अमेठी में औद्योगिक भूखंड आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। बागपत में चिह्नित 5097.10 वर्ग मीटर का भूखंड उप्र. औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन नीति (यूपीआईआईईपीपी-2022) के अंतर्गत इन्वेस्ट यूपी अनुमोदित मेगा प्रोजेक्ट के लिए आरक्षित है। इन सभी प्लॉट्स के रिजर्व प्राइस तय हैं। इनके लिए 5 जुलाई तक आवेदन किया जा सकता है। सभी आवेदनों में से पात्र आवेदनों को चिह्नित कर 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई योजना के अनुसार, सभी आवेदन की स्क्रीनिंग करने के बाद पात्र आवेदनकर्ताओं को 11 जुलाई को होने वाली मेगा ई-नीलामी में हिस्सा लेकर बोली लगाने का मौका मिलेगा। प्रपत्र डाउनलोड व पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सारी प्रक्रिया ऑनलाइन ही पूरी की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट और निवेश मित्र पोर्टल पर लॉगिन किया जा सकता है।

### अमेठी में होगी सर्वाधिक 33 भूखंड की नीलामी

यूपीसीडा द्वारा तैयार की गई मेगा ई-नीलामी प्रक्रिया में सर्वाधिक 33 भूखंड अमेठी में नीलामी के लिए उपलब्ध होंगे। इसमें आईआईडीसी बंथरा में 300 वर्ग मीटर के भूखंड सबसे छोटे हैं, जिसमें प्रत्येक की रिजर्व प्राइस 16.47 लाख रुपये है। यहां पर लेदर गुड्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना हो सकेगी। जबकि सबसे बड़ा भूखंड 13,197 वर्ग मीटर का है, जो कि कानपुर के मलवां में स्थित है, जिसकी रिजर्व प्राइस 3.74 करोड़ रुपये है और इसका उपयोग सामान्य केटेगरी के औद्योगिक इकाई लगाने में हो सकेगा। प्रक्रिया के जरिए मथुरा में 14, मैनपुरी में 11, शाहजहांपुर में 9, हमीरपुर में 9, जालौन में 8, झांसी में 4, पतेहपुर में 15, कानपुर में 9, बांदा में 3, उन्नाव में 7, सहारनपुर में 8, मुजफ्फरनगर में 4, हापुड़ में 7 तथा वाराणसी में 2 औद्योगिक भूखंड की ई-नीलामी प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा, जिससे नए औद्योगिक इकाइयों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा।

# निजीकरण पर सरकार को भेजी अंतरिम रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की

**अमृत विचार :** प्रदेश के 42 जिलों में ऊर्जा क्षेत्र के निजीकरण प्रस्ताव पर नियामक आयोग ने सरकार को जो अंतरिम रिपोर्ट भेजी है, उनमें कई वित्तीय खामियां मिलीं हैं। इसकी भनक लगते ही उपभोक्ता परिषद ने इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग उठाई है।

दरअसल, उप्र. विद्युत नियामक आयोग ने सरकार से प्राप्त निजीकरण के मसौदे पर बड़े पैमाने पर वित्तीय व संवैधानिक कर्मियों का खुलासा करते हुए एक भारी भरकम कर्मियों से संबंधित अपनी अंतरिम रिपोर्ट राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग को भेजी है। इसको लेकर उपभोक्ता परिषद ने कहा कि इस मसौदे को तैयार करने वाले सभी उच्च अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच बैठाकर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। परिषद के मुताबिक, जरूरत पड़ने ऐसे उच्च अधिकारियों को बर्खास्त किया जाए, जिनके द्वारा देश के बड़े निजी घरानो के हित में पूरा प्रस्ताव तैयार किया गया। इससे पहले उत्तर प्रदेश के 42 जिलों में निजीकरण के मसौदे पर राज्य सरकार ने सभी संवैधानिक व वित्तीय पहलुओं पर सलाह मांगी थी। इसके विरोध में लगातार उपभोक्ता परिषद विद्युत नियामक आयोग के सामने आधा दर्जन से ज्यादा लोग महत्व प्रस्ताव व आपत्तियां दाखिल की थीं।

## मंत्री और अधिकारियों में चल रहा झगड़ा : अखिलेश



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि एक उप मुख्यमंत्री ने लिखकर मुख्यमंत्री से शिकायत की है कि उनके विभाग के अधिकारी ने उन्हें ट्रांसफर लिस्ट नहीं दिखाई। अधिकारी अपने मन से काम करना चाहते हैं, मंत्री अपने मन से। मंत्री और अधिकारियों का झगड़ा चल रहा है।

सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में अलग झगड़ा चल रहा है। सीएमओ और डीएम के बीच लड़ाई में विधायकों में भी बंटवारा हो गया। शिक्षा विभाग, लोकनिर्माण विभाग समेत हर जगह ट्रांसफर का रेट है।

# दवा सप्लाई में गड़बड़ी के आरोपी पूर्व विधायक की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासन ने ईओडब्ल्यू से तीन माह में रिपोर्ट तलब की
- वर्ष 2012 में सीबीआई जांच में आर्थिक अनियमितता के मामले में पाए गए थे दोषी

**अमृत विचार :** प्रदेश के 37 जिलों में दवा सप्लाई में आर्थिक अनियमितता और बहराइच के पयागपुर में 500 बेड के अस्पताल बनवाने में धांधली के आरोपी सपा नेता व पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के खिलाफ मामलों में जांच होगी। शासन ने ईओडब्ल्यू को मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध जांच का निर्देश दिया है। शासन द्वारा ईओडब्ल्यू से तीन माह में रिपोर्ट तलब की गई है।

राज्य सरकार में प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री ने धांधली की शिकायत पर मुकेश श्रीवास्तव के विरुद्ध जांच कराए जाने का निर्णय लिया है। मालूम हो कि शिकायत पिछले वर्ष सितंबर माह में की गई थी। इससे पूर्व सीबीआइ ने वर्ष 2012 में पूर्व विधायक के विरुद्ध आर्थिक अनियमितता के मामले में जांच की थी और वह दोषी पाए गए थे। भ्रष्टाचार के मामले में विजिलेंस की खुली जांच में वह आय से अधिक संपत्ति के मामले में भी दोषी पाए गए थे और उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। वर्तमान में मुकेश श्रीवास्तव सपा में हैं। वह व उनकी पत्नी पूजा श्रीवास्तव एनआरएचएम घोटाले में आरोपी थे और दंपति को जेल जाना पड़ा था।

# छह लेन की एलिवेटेड रोड दिलाएगी जाम से मुक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2219 करोड़ की परियोजना मंजूर, लखनऊ से अयोध्या, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर व सीतापुर जाने वालों को मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** लखनऊ में पॉलिटेक्निक चौराहे से किसान पथ तक छह लेन की एलीवेटेड रोड बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस परियोजना से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं समेत बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर व सीतापुर की ओर जाने वाले वाहनों को जाम से मुक्ति मिलेगी। नौ किलोमीटर लंबा यह एलिवेटेड रोड 2219 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। इससे शहर के लगभग 30 लाख लोगों को फायदा होगा।

अयोध्या रोड पर छह लेन की एलीवेटेड रोड पालीटेक्निक चौराहे से उठेगा और किसान पथ से कनेक्ट होगा। इससे अयोध्या जाने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को पालीटेक्निक चौराहे से इंदिरा नहर तक जाम में फंसकर अपना समय नहीं खराब करना पड़ेगा। यही नहीं अयोध्या के अलावा, बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, सीतापुर जाने वाले हल्के व भारी वाहनों की गति बढ़ेगी और ईंधन कम खर्च होगा। एलीवेटेड रोड को पालीटेक्निक फ्लाईओवर से जोड़ा जाएगा और ऊपर से किसान पथ से जोड़ दिया जाएगा। अगर किसी को आउटर रिंग रोड पर जाना हो, वह इसका प्रयोग करके सीधे शहर के बाहर जा सकता है।

यही नहीं आगरा एक्सप्रेस वे, शहीद पथ के साथ ही सुलतानपुर, हरदोई, कानपुर, रायबरेली हाईवे से सीधे जुड़ेगा। इसके अलावा एलडीए द्वारा बनाए जा रहे ग्रीन कारिडोर से भी कनेक्ट हो सकेगा। कुल मिलाकर पुराने लखनऊ के साथ ही इंदिरा नगर, मुंशी पुलिया, आइआइएम रोड, इस्माइलगंज, गोमती नगर, खुर्रमनगर, एचएएल सहित 30 लाख की आबादी एलीवेटेड रोड से होकर अपने गंतव्य को सीधे जा सकेगी।

### हाईकोर्ट के पास जाम में नहीं फंसेगा ट्रैफिक

**अमृत विचार :** पूर्वांचल से आने वाला ट्रैफिक हाई कोर्ट के पास जाम में नहीं फंसेगा। वर्तमान में यहां सुबह व शाम पूरा नौ किमी. का पैच जाम से जूझता रहता है। लोग सीधे एलीवेटेड रोड का प्रयोग करते हुए पालीटेक्निक फ्लाईओवर, मुंशी पुलिया फ्लाईओवर होते हुए खुर्रमनगर, टेढ़ी पुलिया फ्लाईओवर, प्रस्तावित इंजीनियरिंग कालेज फ्लाईओवर, मड़ियांव फ्लाईओवर, आइआइएम फ्लाईओवर होते हुए सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ जाएगा। जो सवा घंटे इस 25 किमी. की दूरी तय करने में लगते हैं, अब 25 मिनट में दूरी तय हो सकेगी। एलीवेटेड रोड के नीचे भी जाम पूरी तरह से खत्म हो जाएग। हाईकोर्ट आने वाले लोगों को जहां राहत मिलेगी, वहीं लोहिया अस्पताल के साथ ही निजी अस्पताल जाने वाले लोगों को सहूलियत होगी।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :21 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी-07.18 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष** - आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोग नई जॉब की शुरुआत कर पायेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बना सकते हैं।

**वृष** - आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकांत में आपको समय नहीं बिताना चाहिए। सोचे हुए कार्य देरी से पूर्ण होंगे। सड़क पर चलते समय आपको सावधानी रखनी चाहिये। जो भी काम करें वो सोच-समझकर करें।

**मिथुन** - आज अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का वातावरण सकारात्मक रखने का प्रयास करें। व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। वैवाहिक जीवन अत्यन्त सुखमय रहेगा।

**कर्क** - आज आप महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक संबंध रहेंगे। पुराने लोन को चुकाने का अवसर मिलेगा। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

**सिंह** - आज आपको गैरकानूनी कार्यों से बचना चाहिए। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचारों का प्रभाव रहेगा। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें।

**कन्या** - आज व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से अधिक शेयर न करें। कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। अनावश्यक चिंता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। संतान के करियर को लेकर कुछ चिंता रहेगी। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं।

**तुला** - आज व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। सभी काम योजना बनाकर करेंगे तो आपको लाभ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे।

**वृश्चिक** - आज अपनी कार्यशैली में परिवर्तन करना उत्तम होगा। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानांतरण की चर्चा चल सकती है। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाये रखें।

**धनु** - आज विवाहेतर संबंधों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। रिश्तेदारों पर आपको अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं। सेहत को लेकर आप थोड़ा सतर्क रहें। किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

**मकर** - आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** - आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अचानक ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं। विचारों में सकारात्मकता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है।

**मीन** - आज नौकरीपेशा लोगों को सम्मान मिल सकता है। क्रोध और आडम्बर से आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं। आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम संबंधों को लेकर समस्या होगी। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 07.50 तक तत्पश्चात भरणी।


## वर्ग पहेली-8

**बाएं से दाएं**

3.1. सुरमा ,काजल 2. रसांजन।
4.1. जिसकी आवश्यकता हो 2. जिसकी तलाश हो।
5.1. नया उपजता हुआ पौधा, एक स्थान से दूसरे स्थान पर रोपने लायक छोटा पौधा
6.1. रक्त का संचरण करने वाली मोटी नाड़ी 2. महास्नायु 3. मांस तंतुओं के गुच्छे जो मांसपेशियों को हड्डी से जोड़ते हैं।
9.1. धागे से कपड़ा बनाना 2. सिलाई आदि के द्वारा कपड़े का रूप देना

**ऊपर से नीचे**

1.1. जानकार होने की अवस्था, गुण या भाव, भिज्ञता 2. ज्ञान, बोध, समझ 3. सूचना।
2. उल्लू।
3.1. बेकार, निरर्थक, सारहीन, ऊटपटांग, भद्दा 2. अप्रासंगिक 3. बेतहाशा।
6.1. कंगाल होने का भाव, दरिद्रता 2. गरीबी, निर्धनता, मुफ़लिसी।
7. सुंदर लगना, सुशोभित होना, अच्छा-भला मालूम होना, उचित लगना।
8.1. चावल को भूनकर बनाया गया कुरकुरा खाद्य 2. अरवा, मुरमुरा, फरवी।



### वर्ग पहेली -7 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | स | ■ | 2 कु | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 प | ल | टा | ना | ■ |
| 4 चा | ■ | ■ | बु | ■ | ■ | 5 नि |
| 6 क | ल | क | ला | ना | ■ | रु |
| चौ | ■ | ■ | ह | ■ | ■ | पा |
| बं | ■ | 7 झों | ट | ■ | ■ | धि |
| द | ■ | की | ■ | 8 गां | धि | क |

## सुडोकू -15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 7 | | 1 | | | |
| 5 | | 2 | | 8 | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | 6 | 3 |
| | 4 | | 3 | | | 9 | | 6 |
| | | 8 | 1 | | 6 | 5 | | |
| 6 | | 3 | | | 2 | | 1 | |
| 9 | 1 | | | 4 | | | 5 | |
| | | | | 6 | | 1 | | 8 |
| | | | 5 | | 3 | | 7 | |

### सुडोकू - 14 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 7 | 6 | 3 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 8 | 6 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 |
| 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 |

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापर:।
मन्त्रमूलबलेनान्यो य: प्रिय: प्रिय एव स: ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है; लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है ,वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

## संपादकीय

# शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय

वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इस संकट से निपटने के लिए वैश्विक और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर एक समन्वित और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। यूनेस्को द्वारा प्रकाशित वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या अब 27.2 करोड़ होने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान से 2.1 करोड़ अधिक है। निश्चित रूप से स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या बहुत बड़ी है, जिन्हें साक्षर और उच्च तकनीक के युग में जीवन-यापन करने में कठिनाई होगी। यह संकट स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों को प्रभावित करता है, तथा बच्चों के बड़े होने के साथ-साथ यह चुनौती भी बढ़ती जाती है। जीईएम दुनिया भर में शिक्षा में प्रगति, चुनौतियों और रुझानों का एक आधिकारिक और साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन है। इसका प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक शिक्षा रुझानों की निगरानी और विश्लेषण करना और शिक्षा प्रणालियों और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए सरकारों और हितधारकों को नीतिगत सिफारिशें प्रदान करना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वर्ष के अंत तक देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों के सापेक्ष 75 मिलियन से अधिक पिछड़ जाएंगे। हालांकि अगर सभी देश अपने लक्ष्य को पूरा कर लेते हैं तो वे 2030 तक स्कूल न जाने वाली अपनी आबादी में 16.5 करोड़ की कमी ला सकेंगे।

भारत में यह एक बड़ी समस्या है। सरकार ने पिछले दिनों लोकसभा में बताया था कि 1.17 मिलियन बच्चे स्कूल से बाहर हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारत का लक्ष्य 2030 तक 100 प्रतिशत नामांकन है। भारत वर्तमान में प्रतिकूल शिक्षण परिणामों और विद्यालयों की कमजोर नेतृत्व क्षमता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। भारत में वर्ष 2023-24 में स्कूल नामांकन में 1 करोड़ से अधिक की गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार नए नामांकन और उपस्थिति के आंकड़ों के कारण स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की संख्या में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि भारत में स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में कमी लाने के लिए समग्र शिक्षा अभियान व मध्याह्न भोजन योजना जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय सहायता को उन देशों की ओर निर्देशित किया जाना चाहिए जहां स्कूल न जाने वाली आबादी सबसे अधिक है। सबसे कमज़ोर समूहों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए तथा सरकारों को शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय बढ़ाना चाहिए।

# योग के प्रभावों के पीछे वैज्ञानिक आधार



डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

> योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज़ सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है।

योग प्राचीन भारतीय दर्शन की एक प्रणाली है जो मन, शरीर और आत्मा को एकीकृत करने का अभ्यास है। इसका शाब्दिक अर्थ है "जुड़ना" या "एकजुट होना", और यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग करता है। योग एक साइकोसोमेटिक स्पिरिचुअल यानी मनोदैहिक आध्यात्मिक पद्धति है।

आज विश्व के अनेक देशों में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसके माध्यम से सामूहिक योगाभ्यास के आयोजनों के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में इसके महत्व के विषय में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। भारत में लोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए योग और ध्यान का नियमित अभ्यास करते रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा के निर्वहन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में विश्व समुदाय से एक 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' को अपनाने की संकल्पना व्यक्त की थी। प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून, 2015 को किया गया था।

योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है जो मानसिक स्पष्टता और शांति को बढ़ावा देती है। योग वह अंतिम लक्ष्य है जहां व्यक्ति पूर्ण एकता और जागरूकता की स्थिति प्राप्त करता है। योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, तनाव और चिंता को कमी आने, एकाग्रता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ने आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति को बढ़ावा मिलने, भावनात्मक संतुलन और कल्याण में बढ़ावा होने जैसे लाभकारी स्थितियां सम्मिलित हैं। योग का अभ्यास किसी भी उम्र में और व्यक्ति शारीरिक

> योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है।

स्थिति के अनुसार किया जा सकता है। नियमित योगाभ्यास जीवन के सभी पहलुओं में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

प्राणायाम संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है, प्रथम प्राण जिसका मतलब जीवन ऊर्जा अथवा जीवन शक्ति से है, जबकि याम का तात्पर्य दीर्घायु होने से होता है। ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन यानी भावातीत ध्यान एक प्रकार का ध्यान है जिसमें व्यक्ति अपने मन को शांत करने के लिए एक मंत्र का जाप करते हुए अपनी चेतना को गहरे स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करता है। भावातीत ध्यान में व्यक्ति अपनी आंखें बंद कर बैठे हुए एक प्रमाणित शिक्षक की सहायता से एक मंत्र का जाप करता है। भावातीत ध्यान तनाव कम करने, चिंता को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और समग्र कल्याण में सुधार लाने जैसी स्थितियों में सहायक होता है। दुनिया के अनेक देशों में लाखों व्यक्तियों द्वारा किया जाने वाला यह अभ्यास एक सरल, प्रभावी और सहज तकनीक का प्रतीक बन गया है।

योगासन, प्राणायाम और भावातीत ध्यान के दौरान शारीरिक क्रियाएं: नॉर्थ अमेरिकन जर्नल ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के अंक 4 (2012) में प्रकाशित एक शोधपत्र के अनुसार योगाभ्यास के दौरान पेट में खिंचाव के कारण पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की कोशिकाएं नवीन/पुनर्जीवित हो जाती हैं, जिसके कारण एंज़ाइम संबंधी प्रक्रियाओं के माध्यम से पेरीफेरल टिशूज़, लीवर यानी यकृत और एडीपोज़ टिशूज़ में ग्लूकोज़ का उपयोग और चयापचय बढ़ सकता है। बेंगलुरु शहर के समीप स्थित 'स्वामी विवेकानंद योग शोध फाउंडेशन' द्वारा संपन्न शोध के अनुसार सक्रिय योगाभ्यास के पश्चात आराम करने की प्रक्रिया में न्युरोप्लास्टिसिटी की संभावना होती है। न्युरोप्लास्टिसिटी का मतलब व्यक्ति के अनुभवों, सीखने और चोटों के जवाब में उसका मस्तिष्क अपनी संरचना और कार्यों को बदल सकता है। इस प्रक्रिया में हाइपर-पिट्यूटरी-पैंक्रिएटिक एक्सिस में परिवर्तन आने की संभावना होती है। इसके अलावा योगाभ्यास के दौरान मांसपेशियों के ढीला पड़ने तथा उनमें रक्त प्रवाह बेहतर होने से इंसुलिन रिसेप्टर की अभिव्यक्ति बढ़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप पेशियों में ग्लूकोज़ का अंतर्ग्रहण बढ़ने के कारण रक्त में शर्करा का स्तर गिर जाता है। योग अभ्यास के पश्चात कोशिकाओं के स्तर पर हिपैटिक लाइपेज़ और लाइपोप्रोटीन लाइपेज़ के स्तरों में वृद्धि हो जाने से लिपिड के स्तरों में सुधार आ जाता है। जिसके कारण लाइपोप्रोटीन का चयापचय प्रभावित होने के परिणामस्वरूप एडीपोज़ टिशूज़ द्वारा ट्राइग्लिसराइड्स का अंतर्ग्रहण बढ़ जाता है।

योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज़ सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है। शोधों से पता चला है कि योगासनों द्वारा पैंक्रियाज के सीधे प्रेरित होने से उसमें इंसुलिन उत्पन्न करने की क्षमता पुनर्जीवित हो सकती है। प्राणायाम के दौरान फेफड़ों में होने वाली अनैच्छिक, स्वचालित प्रतिक्रियाएं श्वास को नियंत्रित करती हैं। ये प्रतिक्रियाएं फेफड़े और वायु मार्ग में मौजूद रिसेप्टरों द्वारा शुरू होती हैं जो विभिन्न प्रेरकों के माध्यम से श्वास की दर और गहराई को समायोजित करने के लिए केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को संकेत भेजते हैं। प्राणायाम के दौरान केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली की पारस्परिक क्रिया से शरीर में एक नई समस्थिति (होमियोस्टैसिस) पैदा होती है। भावातीत ध्यान यानी ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन के दौरान संभवत: एसेंडिंग (आरोही) रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम में बदलाव आता है, जिसके कारण मस्तिष्क के तने में मौजूद ऑटोनॉमिक केंद्रों के साथ पारस्परिक क्रिया होती है जो हृदय श्वसनी (कार्डियो रेस्पिरेटरी) और चयापचय (मेटाबॉलिज्म) के पैरामीटरों को प्रभावित करती हैं। रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम मस्तिष्क के तने में स्थित तंत्रिका मार्गों का एक नेटवर्क है जो चेतना, जागृति, ध्यान और संवेदी जानकारी को छानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क का यह हिस्सा यह निर्धारित करता है कि कौन सी जानकारी हमारे ध्यान में लानी है और किस जानकारी की अनदेखी करनी है। दीर्घकालिक भावातीत ध्यान से पड़ने वाले प्रभाव पर संपन्न एक अध्ययन से पता चला है कि इसके नियमित अभ्यास के परिणामस्वरूप मस्तिष्क के विभिन्न भागों जैसे कि दाहिने आर्बिटो फ्रंटल कॉर्टेक्स, दाएं थैलेमस और बाएं इनफीरियर टेंपोरल गाइरस में ग्रे मैटर की मात्रा काफी बढ़ जाती है। एक अन्य अध्ययन में अवसाद यानी डिप्रेशन से पीड़ित रोगियों द्वारा दो माह के सहज योग ध्यान के परिणामस्वरूप उनके इलेक्ट्रोसिफैलोग्राम यानी ईईजी के परीक्षणों में अल्फा क्रियाशीलता में वृद्धि देखी गई थी।

संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ यानी सीओपीडी से पीड़ित 22 रोगियों पर संपन्न एक अध्ययन में उनके द्वारा 6 सप्ताह तक सप्ताह में तीन दिन एक-एक घंटे योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया गया। जिसके परिणामस्वरूप उनके फेफड़ों के कार्य तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया।

21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने का औचित्य: 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने के पीछे कारण है कि यह दिन उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है। 21 जून के दिन को ग्रीष्म संक्रांति (समर सोल्सटाइस) भी कहते हैं। भारतीय परंपरा के अनुसार ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य का दक्षिणायन होना आध्यात्मिक सीढ़ियां को प्राप्त करने के लिए उपयुक्त होता है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए 21 जून को चयन किया गया।

## प्रसंगवश

# वेट-बल्ब तापमान और शुष्क-बल्ब तापमान

मानव एक वार्म-ब्लडेड जीव है, जिसके शरीर को निरंतर 37 डिग्री का तापमान मेंटेन करना पड़ता है। इवोल्यूशनरी नजरिये से ये एक मुश्किल बात है। इस तापमान को निरंतर मेंटेन करने के लिए रोज खाने की अनिवार्यता हो जाती है।

आजकल तो जोमैटो-स्विगी का युग है पर एक समय ऐसा भी था, जब खाना ढूंढना और जिंदा बचे रहना भी हमारे पूर्वजों के लिए बड़ी मुश्किल बात होती थी। उसके बावजूद प्रकृति ने यही तापमान हमारे लिए चुना, उसका कारण है-हमारा अपने आसपास फंगी-वायरस-बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्मजीवों से घिरा होना। 37 डिग्री तापमान पर ज्यादातर सूक्ष्म जीव न्यूट्रलाइज हो जाते हैं। जो नहीं होते, और बदमाशी दिखाएं -उनसे लड़ने के लिए शरीर सबसे पहले तापमान की सेटिंग बदल कर देखता है-आपको बुखार देकर!



विजय राज शर्मा
विज्ञान लेखक

अब अगर हमारे शरीर से बाहर का तापमान 37 डिग्री से ज्यादा हो जाए तो ये हमारे लिए चिंता की बात है। इस स्थिति में शरीर कितना भी कोशिश कर ले, खुद को ठंडा नहीं रख सकता। बायोलॉजिकल फंक्शन ठप होने लगते हैं। मौत भी हो सकती है।

अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा है, तो हम 40-45 डिग्री के तापमान में जिंदा क्यों हैं? वो इसलिए क्योंकि आजकल जो 40 डिग्री चल रहा है, वह ड्राई टेंपरेचर है, यानी बाहरी क्षेत्र का तापमान। जैसे मैंने कहा कि बॉडी पसीने के सहारे और दूसरे कुछ मेथड्स के सहारे अपना टेंपरेचर रेगुलेट करना जानती है। इसलिए बाहरी तापमान कुछ भी हो, मनुष्य का शरीर जिस तापमान को महसूस करता है, उसे वेट-बल्व टेंपरेचर कहते हैं।

यही हमारे काम की चीज है। वेट-बल्ब 25 डिग्री से नीचे हो तो अच्छा है। 26 से 31 के बीच हो तो खतरा है, पर जीने लायक है जी। 31 से जितना ऊपर, उतना ही तबियत खराब और 35 से ऊपर जाते ही-टॉय टॉय फिश अब फिलहाल ऐसी कोई ऑनलाइन संस्था या पोर्टल नहीं है, जो वेट-बल्ब का रियल टाइम अपडेट देती हो। इसलिए सारे एटमोस्फेरिक कंडीशन संज्ञान में लेकर ग्रोक से

> साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण-सबसे पहले तो एसी... आज हर घर मे 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही।

जून महीने में दिल्ली का वेट-बल्ब निकालने को कहा, जो कि "30-31 डिग्री" आया-मतलब रेड मार्क की दहलीज पर।

साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण-सबसे पहले तो एसी... आज हर घर में 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही। इसलिए आज आउटडोर एरिया गर्म से गर्म होते जा रहे हैं। उसके बाद पेड़ों का कटना, पॉल्यूशन बगैरह है ही। एक और बड़ा कारण-जुगाली करने वाले जानवर, जैसे गाय, भैंस, बकरी इत्यादि।

इन जीवों का डाइजेस्टिव सिस्टम अनेरोबिक होता है। अर्थात इनके पेट का खाना वो सूक्ष्म जीव ब्रेकडाउन करते हैं, जो ऑक्सीजन का इस्तेमाल नहीं करते। ऐसे जीवों द्वारा भोजन ब्रेकडाउन करने पर एंड प्रोडक्ट्स में से एक होती है-मीथेन-जो कार्बन डाइआक्साइड के मुक़ाबले 25 गुना गर्मी होल्ड करने में सक्षम होती है। आज विश्व में 5 अरब से ज्यादा जुगाली करने वाले जीवों की संख्या ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने का एक बड़ा कारण है। बताने की जरूरत नहीं कि इनमें से 90 प्रतिशत जीवों की जनसंख्या का एकमात्र कारण "मांस-उद्योग" है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इसी तरह चलता रहा तो अगले 50-70 सालों में भूमध्य रेखा से 30 डिग्री उत्तर और दक्षिण के बीच में पड़ने वाले क्षेत्रों में रहना असंभव हो जाएगा-अपना भारत भी इसी क्रॉस-सेक्शन में पड़ता है। ऐसा न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम आज से ही उठाना शुरू करें। हमारे वंशजों का पृथ्वी पर क्या भविष्य होगा, ये हमारा आज ही तय करेगा।

# सीरिया फिर अराजकता की ओर

गत दिसंबर की शुरुआत में जैसे ही बशर अल-असद की सत्ता का अंत हुआ तो उम्मीद जगी थी कि देश में लोकतंत्र और स्थायित्व आएगा। एक नए दौर की शुरुआत होगी। लेकिन अब साफ होता जा रहा है कि यह सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि एक और भयंकर संक्रमण काल का प्रवेश द्वार था। असद के जाने के बाद सीरिया में जो सत्ता का शून्य पैदा हुआ, वह तेजी से अराजकता में बदलता जा रहा है और इसी अराजकता की दरारों से झांक रहा है वही पुराना डरावना चेहरा-इस्लामिक स्टेट यानी आईएसआईएस।

सीरिया में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी अब नाम मात्र की रह गई है। उत्तर-पूर्वी सीरिया में अमेरिका ने अपने दो प्रमुख सैन्य अड्डों-अल-ओमर और ताल बायदर-से सैनिकों को हटा लिया है। अब इन ठिकानों पर न निगरानी कैमरे हैं, न गश्ती दस्ते। बस बची हैं सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एसडीएफ ) की कुछ छोटी टुकड़ियां, जो खुद को निहत्था और असहाय पा रही हैं। इन अड्डों पर कभी अमेरिका का स्पष्ट दबदबा था। इन्हीं से आईएसआईएस की कमर तोड़ी गई थी। अब जब ये लगभग खाली पड़े हैं, तो सवाल उठता है-क्या आईएसआईएस की वापसी का रास्ता खुद अमेरिका ने खोल दिया है?

यह सवाल अब और तीव्रता से पूछा जा रहा है-क्या अमेरिका ने एसडीएफ को बीच रास्ते में छोड़ दिया? वही एसडीएफ जिसे अमेरिका ने खड़ा किया था, प्रशिक्षित किया था और आईएसआईएस के खिलाफ सबसे आगे रखा था। एसडीएफ आज खुद को ठगा



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

> संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है।

हुआ महसूस कर रही है। इसके कमांडर मजलूम अब्दी का कहना है-हमने अमेरिका पर विश्वास किया, उनके निर्देशों पर युद्ध लड़ा, लेकिन अब वही अमेरिका हमें अधर में छोड़कर जा रहा है।

यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका पर ऐसा आरोप लगा हो। अफगानिस्तान, यूक्रेन और अब सीरिया-तीनों ही उदाहरण हैं जहां अमेरिका ने रणनीतिक जरूरत के समय साथ निभाया और फिर अपने हित सधते ही कदम पीछे खींच लिए। दुनिया अब सवाल कर रही है कि क्या अमेरिका सिर्फ तब तक साथ देता है, जब तक उसे राजनीतिक और सैन्य लाभ मिलता है?

सीरिया में अमेरिका की वापसी से जो खालीपन पैदा हुआ है, उसे भरने के लिए अब रूस, ईरान और तुर्की जैसे देश तैयार बैठे हैं। रूस असद शासन का पुराना समर्थक रहा है और अब वहां की स्थिति पर अपनी पकड़ और मजबूत कर रहा है। ईरान समर्थित मिलिशिया समूह भी अब फिर से उत्तर-पूर्वी सीरिया में सक्रिय होने लगे हैं।

वहीं तुर्की, जो शुरू से एसडीएफ को कुर्द विद्रोहियों के रूप में देखता है और लगातार उनकी गतिविधियों को सीमित करने की कोशिश में जुटा है। बहरहाल एसडीएफ तीन दिशाओं से प्रेशर में है-आईएसआईएस की वापसी, तुर्की का सैन्य दबाव और अमेरिका का साथ छोड़ना। ऐसे में यह सवाल लाजमी है कि क्या एसडीएफ इस सबके बीच अकेले टिक पाएगा?


इतिहास गवाह है कि जब-जब सुरक्षा बल किसी संकटग्रस्त क्षेत्र से हटे हैं, वहां चरमपंथी संगठनों ने अपनी जड़ें और मजबूत की हैं। सीरिया की वर्तमान स्थिति उसी दोहराव की ओर इशारा कर रही है। इस्लामिक स्टेट, जो कभी ख़त्म मान लिया गया था, अब फिर से दमिश्क, रक्का, हामा और डेर-एज़-ज़ोर जैसे शहरों में सक्रिय होता दिख रहा है। उसने सीरियाई शासन के पतन के बाद सरकारी हथियार डिपो से गोला-बारूद लूट लिए थे। एसडीएफ कमांडर अब्दी ने चेताया है कि आईएसआईएस अब फिर से हथियारों से लैस है और आतंक के पुराने नेटवर्क दोबारा सक्रिय किए जा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है। लेकिन सीरिया जैसे देशों में जब मानवीय संकट लौटता है, तो सिर्फ 'चिंता' जताई जाती है, कार्रवाई नहीं होती। वहां के आम नागरिक इसकी कीमत चुकाते हैं। बीते दो महीनों में ही सीरिया में 1 लाख से ज्यादा लोग फिर से विस्थापित हुए हैं। स्कूल बंद हैं, अस्पतालों में दवा नहीं है, बिजली और पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है।

## सोशल फोरम

# हमारे ही किए धरे का हासिल

हमारे आने के पहले भी दुनिया थी और हमारे जाने के बाद भी रहेगी। हमारे आने के पहले कालक्रम से असंख्य लोग आए और चले गए। उसी तरह हमारे जाने के बाद भी असंख्य लोग आएंगे और चले जाएंगे। यह भी स्पष्ट है कि जो दुनिया हम छोड़कर जाएंगे उससे बहुत भिन्न होगी जो हमें मिली थी। पहले आए-गए लोगों के साथ भी कम-ज़्यादा ऐसा ही हुआ होगा और आगे आने-जानेवालों के साथ भी ऐसा ही होगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

मतलब, दुनिया क्षण-प्रतिक्षण बदलती रही है, बदल रही है और बदलती रहेगी। इस बदलाव के पीछे मानव निर्मित कारण अहम हैं। असंख्य लोगों द्वारा जाने-अनजाने किए गए का प्रतिफल। हमारी समस्या यह है कि हम तनहा तनहा व्यक्ति के रूप में मनमाफ़िक बदलाव चाहते हैं। आपस में लड़ने-भिड़ने लगते हैं। आजकल लड़ने-भिड़ने का दौर कुछ ज़्यादा ही भयानक हो गया है। आगे और भी हो सकता है।

कारण क्या हो सकता है? दरअसल हम भूल जाते हैं कि किसी न किसी रूप में परस्पर भिन्न, दुनिया का हर व्यक्ति, मनमाफ़िक बदलाव चाहता है। आज हम जहां हैं, जो हैं, हममें से प्रत्येक के बदलाव की आकांक्षाओं और प्रयासों की भिन्न भिन्न दिशा का ही समंजित योग है। बदलाव की हमारी चाहत इस परिप्रेक्ष्य का कितना ध्यान रख पाती है ?

बदलाव की चाहत में मोटी-मोटी एकरूपता न हो, एकरूपता की कोशिश तक न हो, तो स्वाभाविक परिणति यही है। एकरूपता कैसे आ सकती है? उपाय तो है, कठिन भले हो। सही है कि हम परस्पर भिन्न हैं किन्तु एक चीज़ की संभावना हममें सामान्य है। मनुष्यता, इंसानियत। यानी सार्वभौम नैतिकता।

एक समस्या है। जो स्वभावत: नैतिक नहीं हैं, वे नैतिक बनने की बड़ी कड़ी शर्त रखते हैं। कहते हैं, मेरे अकेले के नैतिक बनने से क्या होगा? मैं अकेले बन भी गया तो अनैतिक लोग मेरा जीना हराम कर देंगे। कोई गारंटी दे दे कि अन्य लोग भी नैतिक बन जाएंगे तो मैं सबसे पहले नैतिक बनने को तैयार हूं। यह उनका शातिर बचाव है, जो उनके अनैतिक होने की सबसे कारगर पहचान है। कुछ मानवेतर प्राकृतिक आपदाओं को छोड़ दें तो बाकी सब इसी का परिणाम है।

-फेसबुक वॉल से

# सूचना के पेशेवर योद्धा बनाते हैं असल नैरेटिव

आज का युग सूचना का युद्धकाल है। किसी भी सरकार की नीतियां कितनी भी अच्छी क्यों न हों, जब तक वह अपने दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से जनता तक नहीं पहुंचा सकती, तब तक उसका असर अधूरा ही रहेगा। यही वजह है कि भारत सरकार की 'भारतीय सूचना सेवा' आज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

मोदी सरकार, जो स्वयं संचार के महत्व को गहराई से समझती है और जिसने मन की बात से लेकर माय गॉव, डिजिटल इंडिया, और वैश्विक मंचों तक भारतीय नैरेटिव को मजबूती से रखा है, उसे अब अपनी सबसे अहम संचार सेवा यानी सूचना सेवा को भी उतना ही पेशेवर और शक्तिशाली बनाना होगा। सूचना प्रसारण मंत्रालय के अधीन सूचना सेवा के अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है कि वे भारत सरकार की योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों को सही, प्रभावी और सामयिक ढंग से जनता और मीडिया के सामने प्रस्तुत करें। चाहे पीआईबी हो या दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो हो या न्यू मीडिया विंग, सभी की सफलता सूचना सेवा के माध्यम से तय होती है।

आज जब सोशल मीडिया पर मिनटों में अफ़वाहें फैलती हैं, जब फेक न्यूज़ और प्रोपेगेंडा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बन जाते हैं, तब सरकार का संचार और नैरेटिव केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

> मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना।

रह जाता, बल्कि यह रणनीतिक राष्ट्रकार्य बन चुका है। इस काम को अंजाम देने के लिए सिर्फ़ वही लोग सक्षम हैं जो मीडिया के पेशेवर हों-जिन्हें जनसंचार, ब्रांडिंग, डिजिटल माध्यम, और नैरेटिव बिल्डिंग की गहरी समझ हो।

आज से कई दशक पहले, भारतीय सूचना सेवा की कमान ऐसे ही पेशेवरों के हाथों में थी। उदाहरण के तौर पर खुशवंत सिंह, 'योजना' पत्रिका के संपादक रहे। कुलदीप नैयर, प्रधानमंत्री शास्त्री के प्रेस सलाहकार रहे। एचवाई शारदा प्रसाद, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रेस सलाहकार रहे हैं। इनमें से कोई भी भारतीय प्रशासनिक सेवा से नहीं था, लेकिन ये सब संचार के क्षेत्र में सिद्धहस्त पत्रकार, लेखक और रणनीतिकार थे, जो जनता की नब्ज और संचार के माध्यमों को बखूबी समझते थे। मोदी सरकार संचार और मीडिया की ताकत को समझती है। फिर चाहे वह राष्ट्रवाद के नैरेटिव की बात हो, 'न्यू इंडिया' की छवि निर्माण की, या वैश्विक मंचों पर भारत की स्थिति को मज़बूती से रखने की-हर जगह मीडिया ने सरकार की छवि गढ़ने में भूमिका निभाई है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना। ये दोनों ही काम सिर्फ वही व्यक्ति कर सकता है जो मीडिया की भाषा, मनोविज्ञान और उपकरणों को अच्छी तरह समझता हो।

मोदी सरकार ने हाल के वर्षों में विभिन्न मंत्रालयों में लैटरल एंट्री के ज़रिए नीति आयोग, पर्यावरण मंत्रालय, रेलवे, आयुष मंत्रालय में विशेषज्ञों की नियुक्ति की। इसका उद्देश्य यही था कि पेशेवरों के ज़रिए बेहतर नीति और कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। मेडिकल, इंजीनियरिंग, सांख्यिकी सेवा की तरह आईआईएस सेवा में केवल मीडिया अनुभवी प्रोफेशनल को ही प्रवेश की अनुमति हो। इस सेवा के ग्रुप बी के पेशेवर अधिकारियों के लिए विशेष प्रमोशन स्कीम लाई जाए, जिससे वे नीति निर्धारण स्तर तक पहुंच सकें। इसके अलावा एडिटोरियल थिंक टैंक की स्थापना हो, जिसमें सूचना मंत्रालय के अधीन अनुभवी पत्रकारों, रणनीतिकारों और भाषा विशेषज्ञों का थिंक टैंक बने, जो सभी मंत्रालयों को नैरेटिव बिल्डिंग में सहयोग करे। सभी अधिकारियों की संचार दक्षता (फैक्ट-चेकिंग, सोशल मीडिया रिस्पांस, विजुअल संचार आदि) का मूल्यांकन किया जाए और उसे प्रमोशन से जोड़ा जाए।

यूजीसी के अनुसार, देश में हर साल 40,000 से ज्यादा मीडिया प्रोफेशनल विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से निकलते हैं। इनमें आईआईएमसी, माखनलाल, जामिया, दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और अनेक केंद्रीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। यदि सरकार चाहे, तो इन प्रतिभाशाली लोगों का उपयोग करके अपने सूचना तंत्र को एक वैश्विक स्तर की शक्ति बना सकती है। यह सच है कि अब युद्ध सिर्फ बंदूक से नहीं, बल्कि सूचना के हथियार से लड़ा जाता है। भारत को इस युद्ध में जीतना है, तो उसे अपने संचार तंत्र में मीडिया प्रोफेशनल्स को महत्व देना होगा। इसी कड़ी में भारतीय सूचना सेवा को अब सिर्फ प्रशासनिक सेवा नहीं, बल्कि एक प्रोफेशनल मीडिया कॉर्प्स के रूप में पुनर्गठित करने की जरूरत है। यह केवल सुधार का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और छवि निर्माण का मामला है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### वन स्टाप सेंटर में किशोरी ने किया जान देने का प्रयास

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय स्थित वन स्टाप सेंटर में किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। कर्मचारियों ने पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह ने बताया कि कुरारा क्षेत्र की किशोरी बीते दिनों अपने प्रेमी के साथ गई थी। पुलिस ने उसे बुधवार को वन स्टाप सेंटर भेजा था। गुरुवार को अवसाद में किशोरी ने दुपट्टे से फंदा लगाने की प्रयास किया। कर्मियों ने उसे जिला अस्पताल भेजा। अब उसकी हालत ठीक है। न्यायालय बयान के लिए भेजा गया है।

### कार से जेवर और नकदी भरा पर्स ले गए टप्पेबाज

**मौदहा।** कस्बे के बड़े चौराहे पर खड़ी कार बाइक सवार नकदी और जेवरात से भरा पर्स ले उड़े। चंद्रमणि द्विवेदी ने बताया कि वह पत्नी अंजू द्विवेदी के साथ बांदा से आए थे। बड़े चौराहे पर कार खड़ी कर अजय गुप्ता की दुकान से सामान खरीदने लगे, तभी गाड़ी में रखा उनकी पत्नी का पर्स बाइक सवार ले गए। पर्स में लाखों रुपये के जेवरात और 50 हजार रुपये नकदी थी। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दंपति ने कोतवाली में तहरीर दी है।

### जलाला के चंद्रदेव आश्रम से पीतल के घंटे ले गए चोर

**सुमेरपुर।** गुरुवार की रात क्षेत्र के ग्राम जलाला में अज्ञात चोरों ने चंद्रदेव बाबा आश्रम के मंदिर से चार बड़े घंटे चोरी करके फरार हो गए। मंदिर के पुजारी ने घटना से पुलिस को अवगत कराया है। आश्रम के महंत राजेंद्र दास ने पुलिस को दी गई सूचना में अवगत कराया है कि गुरुवार की रात चोर आश्रम के मंदिर में लगे चार पीतल के घंटे चोरी कर ले गए हैं। इनकी कीमत हजारों रुपये है। पुलिस ने गांव पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच पड़ताल की है।

### नागा स्वामी रोटीराम की पुण्यतिथि आज मनेगी

**सुमेरपुर।** ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटी राम महाराज नागा स्वामी की पुण्यतिथि शनिवार को विरक्त आश्रम में सुबह 8 बजे से मनाई जाएगी। विरक्त आश्रम के महंत स्वामी जगन्नाथ महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन संत स्वामी रोटी राम महाराज नागा स्वामी की 41वीं पुण्यतिथि पर आश्रम में सुबह 8 बजे से हवन-पूजन होगा। उन्होंने भक्तों से आश्रम पहुंचने की अपील की है।

### घर में घुसकर अश्लीलता विरोध में कुल्हाड़ी मारी

**मौदहा।** क्षेत्र की एक महिला ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव का केशव पाल दिनदहाड़े उसके घर में कुल्हाड़ी लेकर घुस गया और उसे निर्वस्त्र कर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। जब उसने शोर मचाया तो उसका पुत्र बचाने आया। आरोपी ने कुल्हाड़ी से मां-बेटे पर हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस और उसके बाद पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

### ससुरालियों पर बाइक और दो लाख मांगने पर रिपोर्ट

**मौदहा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कम्हरिया निवासी नगीना बानो ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी छह साल पहले हुई थी। लेकिन ससुरालियों द्वारा दहेज में बाइक और दो लाख रुपये की मांग कर उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। उसी बात को लेकर बीते गुरुवार की सुबह पति शबील अहमद और ससुर लतीफ अहमद ने उसके साथ मारपीट की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट सहित दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भिड़ंत से दो डंपरों में लगी आग

## कानपुर-सागर हाईवे पर चंदौखी मोड़ के पास हुआ हादसा, दोनों तरफ लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


नेशनल हाईवे पर भिड़ंत के बाद जलते डंपर।


डंपर में लगी आग बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मी। अमृत विचार

- दोनों डंपरों के चालक, खलासी ने कूदकर बचाई अपनी जान
- आग से धूं-धूं कर जले डंपर दमकल जवानों ने काबू पाया

**अमृत विचार।** कानपुर-सागर हाईवे-34 पर शुक्रवार को तेज रफ्तार दो डंपरों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद दोनों डंपरों में आग लग गई। दोनों के चालक और खलासी ने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे के बाद हाईवे पर आवागमन ठप हो गया, जिससे दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल जवानों ने आग पर काबू पाया। क्रेन की मदद से दोनों डंपरों को सड़क किनारे कर यातायात बहाल किया गया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदौखी मोड़ के पास नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को कानपुर की ओर से आए तेज रफ्तार डंपर की कबरई से गिट्टी लोड कर जा रहे डंपर से सीधी भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों डंपरों में आग लग गई। दोनों डंपरों के चालक और खलासी ने कूदकर अपनी जान बचाई। डंपरों में आग की लपटें देखकर हाईवे पर वाहनों का आवागमन ठप हो गया और दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।

देखते ही देखते दोनों डंपर जलकर खाक हो गए। हादसे के बाद कानपुर नगर के नौबस्ता क्षेत्र के आवास विकास हंसपुरम निवासी एक डंपर का चालक अशोक पुत्र बिथमलाल और दूसरे डंपर का अज्ञात चालक मौके से फरार हो गए। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने क्रेन को बुलाकर जले दोनों डंपरों को हाईवे से हटवाकर सड़क किनारे खड़ा कराया। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने यातायात बहाल कराया।

### दबंग ने मां-बेटे को किया लहूलुहान

**हमीरपुर।** अकेला जान कर बुरी नीयत से घर में घुसे दबंग ने महिला और उसके पुत्र को डंडे से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर पीड़िता ने शुक्रवार को एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

सुमेरपुर थाना क्षेत्र के सुरौली गांव निवासी नीलम पत्नी पत्नी मदन सिंह ने एसपी को बताया कि 12 जून को घर सुनसान पाकर गांव का ही बीरु सिंह उसके घर में घुस गया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। उसने विरोध किया तो डंडे से उसकी पिटाई कर दी। शोरशराबा सुनकर उसका छोटा बेटा वैभव बचाने पहुंचा तो उसे भी दबंग ने पीट पीटकर लहूलुहान कर दिया और जान माल की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की, किन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने शुक्रवार को एसपी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

# युवक ने तमंचे से खुद गोली मारकर दी जान

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- काफी समय से गंभीर बीमारी से खासा परेशान था युवक
- गुरुवार को ही दिल्ली के एम्स अस्पताल से घर लौटा था

**अमृत विचार।** बीमारी से परेशान युवक ने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। युवक गुरुवार को ही दिल्ली के एम्स अस्पताल से इलाज कराकर वापस घर लौटा था। मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के साथ सीओ राजकुमार पाण्डेय और फील्ड यूनिट ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

चिकासी निवासी राजकुमार नायक ने बताया कि उसका बड़ा भाई प्रशांत नायक (44) पुत्र लक्ष्मी नारायण नायक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह कई साल से गंभीर बीमारी से पीड़ित था, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। प्रशांत गुरुवार को ही दिल्ली के एम्स अस्पताल से इलाज कराकर वापस लौटा था। शुक्रवार की सुबह वह अपने कमरे में चला गया। थोड़ी देर बाद गोली की आवाज सुनाई दी। परिवार के लोग दौड़े तो वह खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। उसने सीने में गोली मारी थी। वह अविवाहित था। सरीला पुलिस क्षेत्राधिकारी राजकुमार पांडेय ने बताया कि बीमारी से पीड़ित युवक ने तमंचे से अपने सीने में खुद को गोली मारकर खुदकुशी की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। चिकासी थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि मौके पर तमंचा बरामद किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# बेटे के हमले में घायल पिता ने इलाज के दौरान तोड़ दिया दम

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- मौदहा कस्बे में 14 जून को बेटे ने लाठी से किया था हमला
- पत्नी ने बेटे के खिलाफ तहरीर दी, पुलिस की तहकीकात शुरू


वृद्ध की मौत के बाद रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में छह दिन पूर्व पिता को लाठी से पीटकर बेदम करने पर गुरुवार को इलाज दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक की पत्नी ने बेटे के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।

कस्बे के पूर्वीतरौस निवासी हमीद खां उर्फ लल्लू पठान (61) पुत्र रमजानी की पिछली 14 जून की रात उसके पुत्र वहीद खां उर्फ राजू से किसी बात को लेकर तू-तू, मैं-मैं हो गई। इससे आक्रोशित पुत्र ने पिता पर लाठी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे पिता लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। झगड़े की जानकारी मिलते ही मोहल्ले के लोगों का हुजूम एकत्र हो गया। पड़ोसी उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में वृद्ध छह दिन जीवन और मौत से जूझता रहा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

वृद्ध लल्लू पठान के तीन पुत्र एक पुत्री है, जिसमें दो पुत्र सउदी अरब में रहते हैं। वहीं पुत्री की शादी हो चुकी है। आरोपी वहीद पिता के साथ ही रहता था। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि मां ने बेटे के खिलाफ तहरीर दी है। जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक ने दो बाइकों में मारी टक्कर, 6 युवक घायल

संवाददाता, बिवांर

- भस्मानंद इंटर कॉलेज के पास हादसा, एक कानपुर रेफर
- नमामि गंगे परियोजना में काम कर लौट रहे थे सभी युवक

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार ट्रक चालक ने दो बाइकों में टक्कर मार दी, जिसमें 6 युवक घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक युवक की हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के महेरा गांव निवासी सुकेंद्र, अतर सिंह, हरनाम, धर्मेंद्र, कल्याण, विवेक नमामि गंगे परियोजना में सुमेरपुर थाना क्षेत्र टेढ़ा गांव में मजदूरी का कार्य करते हैं। गुरुवार को शाम 7:30 बजे करीब दो बाइकों में सवार सभी युवक वापस अपने घर आ रहे थे। बरसात शुरू होने पर युवक अपनी बाइक को सड़क के किनारे खड़ी कर निवादा गांव के भस्मानंद इंटर कॉलेज के पास छत के नीचे खड़े हो गए। बरसात कम होने पर युवक बाइकों में बैठकर जा रहे थे, तभी हमीरपुर की तरफ से आए तेज रफ्तार ट्रक चालक ने पीछे से बाइकों में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार सभी युवक सड़क में गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना यूपी 112 को फोन किया। मौके पर आई पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। चार युवकों का उपचार कर छुट्टी कर दी गई है। धर्मेंद्र का उपचार जारी है, जबकि अतर सिंह की हालत नाजुक होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात ट्रक सहित चालक की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


शुक्रवार को ग्राम चौपाल में शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### ग्राम चौपाल में जॉबकार्ड और हैंडपंपों का छाया रहा मुद्दा

**कुरारा।** विकास खंड क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में मनरेगा जॉब कार्ड हैंडपंप मरम्मत का मुद्दा छाया रहा। जिसमें छह शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। विकासखंड क्षेत्र की उमराहट गांव में जेई एमआई राजेंद्र बाबू की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बाबूराम, राम आसरे ने हैंडपंप मरम्मत करने की शिकायत की। जिनको मौके पर ही सही कराया गया। ग्राम चौपाल में सचिव जमाल अहमद, ग्राम प्रधान अर्चना शुक्ला, कोटेदार आंगनबाड़ी आदि मौजूद रहे। वहीं भटपुरा गांव में ग्राम प्रधान सरोज क्रांती की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। जिसमें वीर सिंह, विमला, विजय कुमारी ने मनरेगा जॉब कार्ड बनवाने की शिकायत की। भूरा ने हैंडपंप रिबोर न होने से पानी समस्या उठाई। जिसको कार्य योजना में शामिल किया गया। सचिव मधु, आंगनबाड़ी, कोटेदार आदि मौजूद रहे।

### किसानों ने जिलाधिकारी को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**हमीरपुर।** जय जवान-जय किसान एसोसिएशन के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को दस सूत्री मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी घनश्याम मीना को सौंपा। एसोसिएशन अध्यक्ष गुलाब सिंह के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में कहा है कि प्रत्येक सरकारी खरीद केंद्र पर एमएसपी की दर सहित बैनर लगाए जाएं। इन केंद्रों के रजिस्टर की जांच कराने, किसानों के नाम और खसरा को खरीद रजिस्टर से मिलान कराने, अरहर खरीद केंद्र में प्रवेश पर्चियां सहित कुल हुई खरीद की जांच कराने को कहा है। ताकि किसानों को एमएसपी का लाभ दिलाने सहित दस सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस दौरान निर्मल सिंह, रामकुमार, देवी चरण आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### निजी बसों में दिल्ली से आ रहा टैक्स चोरी का माल

**सुमेरपुर।** दिल्ली से आने वाली प्राइवेट बसों से टैक्स चोरी करके प्रतिदिन लाखों रुपये का माल लाकर बाजारों में खपाया जा रहा है। यह सब कुछ अधिकारियों की नाक के नीचे प्रतिदिन हो रहा है। दिल्ली से आधा सैकड़ा बसें प्रतिदिन हमीरपुर, सुमेरपुर, मौदहा, कबरई, महोबा, जसपुरा, पैलानी, बांदा आती जाती है। इन सभी बसों में दिल्ली की बाजार से रेडीमेड, इलेक्ट्रॉनिक्स,दवाइयां के साथ अन्य सामान टैक्स की चोरी करके प्रतिदिन लाया जाता है। प्रतिमाह लाखों रुपए की टैक्स चोरी की जा रही है। शुक्रवार को कस्बे के लक्ष्मीबाई तिराहा के पास ऐसे ही नजारा कैमरे में कैद किया गया। यहां पर बस से इलेक्ट्रॉनिक सामान उतारा जा रहा था। यह सब कुछ वाणिज्य कर विभाग के नाक के नीचे हो रहा है। जबकि हाईवे पर मौजूद रहने वाला विभाग का सचल दल बसों में आने वाले सामान की चोरी को नहीं देख पा रहा है। इससे बस संचालकों के हौसले बुलंद है।और धड़ल्ले से टैक्स चोरी करके आने वाले सामान को निरंतर ला रहे हैं।

### ग्राम प्रधान पर छेड़छाड़ का आरोप, रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

**मौदहा।** मनरेगा योजना के तहत मजदूरी करने वाली महिला ने ग्राम प्रधान पर उसे पकड़ कर खींचने और सीने में हाथ लगाकर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपने पति के साथ मनरेगा योजना में मजदूरी करती है। लेकिन ग्राम प्रधान अब्दुल्ला खां की उस पर नजर खराब थी और वह अक्सर उसका पीछा करता था। महिला ने बताया कि बीते 17 जून को ग्राम प्रधान उसे और उसके पति को अलग अलग जगह काम पर भेज रहे थे। जिसका उसके पति ने विरोध किया तो ग्राम प्रधान गाली गलौज करने लगा और धक्का मुक्की करने लगा। महिला ने बताया कि जब वह अपने पति को बचाने लगी तो ग्राम प्रधान ने उसे पकड़ कर खींच लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हाईवे किनारे खड़े ट्रक हादसों को दे रहे न्योता

संवाददाता, सुमेरपुर

- सीमेंट फैक्ट्री के बाहर भारी वाहनों की लंबी कतार, फैक्ट्री प्रबंधन की मनमानी जारी


हाईवे के किनारे लगी लंबी कतार।

**अमृत विचार।** परिवहन विभाग की कार्यवाही के बाद भी हाईवे किनारे संचालित सीमेंट फैक्टरी के बाहर खड़े होने वाले भारी वाहन मनमानी कर उतारू है। यह खड़े वाहन हादसे का न्योता दे रहे हैं।

नेशनल हाईवे-34 में प्रेम नगर के समीप संचालित सीमेंट फैक्टरी में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक बाहर से कच्चा माल लेकर या माल लोड करने के लिए आते हैं। फैक्टरी प्रबंधन के पास बाहर से आने वाले ट्रकों को खड़ा करने के लिए कोई पार्किंग नहीं है। लिहाजा जब तक इन्हें प्रवेश नहीं मिल जाता है। तब तक यह हाईवे किनारे ही खड़े रहते। जबकि इस हाइवे में हादसों की भरमार है। तमाम हादसे फैक्टरी के आसपास हो चुके हैं।

प्रशासन के निर्देश पर परिवहन विभाग कई मर्तबा बाहर खड़े होने वाले वाहनों का चालान करके प्रबंधन को फटकार लगा चुका है। इसके बाद भी फैक्टरी प्रबंधन अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा है। इसी सप्ताह पीटीओ चंदन पांडे ने हाईवे पर खड़े होने वाले कई वाहनों का चालान किया था। इसके बाद भी शुक्रवार को एक दर्जन ट्रक हाईवे में खड़े हुए देखे गए।

# मौदहा में हाईवे किनारे खड़े ट्रक हटाने पहुंचे एआरटीओ-सीओ

संवाददाता, मौदहा

- एआरटीओ और ट्रैफिक सीओ ने लोगों को किया जागरूक
- लेन पर ट्रक खड़ा करने और पार्किंग लाइट जलाने पर जोर


हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाते एआरटीओ और ट्रैफिक सीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे पर आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एआरटीओ और यातायात क्षेत्राधिकारी ने जागरूकता अभियान चलाया। इसके साथ ही घटना स्थलों का निरीक्षण किया।

कस्बे के बाहर से निकले नेशनल हाईवे पर आएदिन होने वाले हादसों को देखते हुए एआरटीओ अभिषेक राय और यातायात सीओ शाहरुख खान ने विभिन्न स्थानों पर हुई घटनाओं के स्थानों को निरीक्षण किया। लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि ट्रकों को हाईवे किनारे न खड़े कर ट्रक लेन पर ही खड़ा करें। कहीं भी सड़क किनारे गाड़ियों को पार्क न करें। साथ ही बताया कि यदि गाड़ी कुछ समय के लिए हाईवे किनारे पर रोकना पड़ जाए तो गाड़ी के सभी इंडीकेटर जलते रहें, ताकि दूसरी गाड़ी के चालक को आसानी से आपकी गाड़ी नजर आ जाए। साथ ही सीट बेल्ट, हेलमेट सहित अन्य यातायात नियमों का भी पालन करें और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं। यातायात पुलिस हमेशा आपकी सेवा में मौजूद है।

## राहत संग आफत

रात भर बिजली गुल रहने से लोगों में दिखा खासा आक्रोश, सुबह शहरियों को पेयजल संकट से भी जूझना पड़ा

# रात भर हुई झमाझम बारिश, उमस भरी गर्मी से राहत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


सड़क पर भरे बारिश के पानी से गुजरती महिला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में गुरुवार की शाम से काले बादल छा गए। तेज हवाओं के साथ देर रात हुई झमाझम बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार को दिन भर बादल मंडराते रहे। जिले के तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई। जिससे अधिकतम तापमान 31 व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बारिश व तेज हवाओं के चलते बिजली गुल रहने से लोगों को नींद पूरी न होने के साथ सुबह पेयजल के संकट से जूझना पड़ा। जिससे लोगों में आक्रोश दिखाई दिया।

मुख्यालय सहित जिले भर में गुरुवार शाम ढलते ही तेज हवा के साथ आसमान में काले बादल छा गए। गरज-चमक के साथ ठंडी हवाओं से मौसम खुशनुमा हो गया। देर रात शुरू हुई तेज बारिश शुक्रवार की सुबह तक होती रही। जिससे तापमान में गिरावट आई है और लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिली। शुक्रवार की दोपहर हल्की सूरज की रोशनी से लोगों उमस भरी गर्मी महसूस हुई। शाम ढलते ही पुनः मौसम ने करवट ली। आसमान में बादलों ने फिर से डेरा डालना शुरू कर दिया। जबकि बारिश से कई इलाकों में जलभराव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ा है। वहीं तेज हवाओं और बारिश के चलते कई जगह बिजली के फाल्ट होने से रात में करीब 3 बजे बिजली आई। जिसके चलते लोगों की नींद पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद दिन में बिजली की आंख मिचौली चलती रही। सुबह बिजली न आने से लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ा, जिससे लोगों में बिजली विभाग के प्रति आक्रोश दिखाई दिया।

### बारिश से कच्चा घर ढहा, गृहस्थी हो गई बर्बाद


बारिश से गिरा कच्चा घर।

**सुमेरपुर।** गुरुवार को देर शाम हुई झमाझम बारिश के चलते सुरौली बुजुर्ग के मजरा बड़ा कछार में कच्चा मकान ढह जाने से गृहस्थी तहस नहस हो गई। जिससे गृहस्वामी को 50 हजार से अधिक की क्षति होने का अनुमान है। गुरुवार को देर शाम हुई जोरदार बारिश के चलते बड़ा कछार निवासी बलवीर का कच्चा मकान ढह गया। उनके पुत्र अनिल ने बताया कि घटना के समय पिता अंदर लेटे हुए थे। वह बाल बाल बच गए। मकान ढह जाने से करीब 50 हजार रुपये से ज्यादा का गृहस्थी का सामान बर्बाद हो गया। घटना से गांव के लेखपाल को अवगत कराया गया है।

### दो दिन की बारिश से कंडौर गांव के रास्ते पर जलभराव

**कुरारा।** विकास खंड क्षेत्र के कंडौर गांव में दो दिन से रिमझिम बारिश से आम रास्ते पर जलभराव हो गया है, जिससे ग्रामीणों को कीचड़ युक्त पानी से गुजरकर आना जाना करना पड़ रहा है। गांव के त्यागी सिंह, रामपाल, सिपाही लाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत से जलनिकासी के लिए बनाई गई नालियां बेकार साबित हो रही हैं। कई बार ग्राम प्रधान और सचिव से शिकायत करने के बाद भी जलभराव की समस्या का निदान नहीं हो सका। इस बरसाती मौसम में विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं को कीचड़ युक्त पानी से आना-जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से जलभराव की समस्या का निदान कराने की मांग की है।

# बरसात होते ही गुल हो गई बत्ती

संवाददाता, मौदहा

- दिन भर बिजली नहीं आने से पानी के लिए जूझते रहे लोग


मौदहा में नाले की सफाई करते कर्मचारी।

**अमृत विचार।** काफी समय से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच गुरुवार को हुई झमाझम बारिश से जहां मौसम सुहावना हो गया। लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं जगह जगह हुए फाल्टों के चलते सारी रात बिजली गुल रही। वहीं बिजली न मिलने से सुबह पेयजल समस्या खड़ी हो गई।

जून के महीने में क्षेत्र भीषण गर्मी की चपेट में आ गया था और भीषण गर्मी के चलते मौसम विभाग और स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को दोपहर में घरों से नहीं निकलने की एडवाइजरी जारी की थी। इसी बीच गुरुवार की शाम तेज हवाओं और गरज के साथ हुई झमाझम बारिश के बीच जहां मौसम सुहावना हो गया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं जगह जगह हुए फाल्टों के चलते सारी रात बिजली गुल रही। इतना ही नहीं कस्बे के कुछ मोहल्लों में ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के कारण शुक्रवार को दिन में भी बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसके चलते कस्बे में पेयजल आपूर्ति न होने के कारण पेयजल समस्या खड़ी हो गई। हालांकि बिजली विभाग की ओर से लगातार काम कर आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जा रही हैं।

### झमाझम बारिश से खिल उठे किसानों के चेहरे

**पौथिया।** गुरुवार शाम करीब चार बजे तक उमस भरी गर्मी लोग झेलते रहे। इसके बाद बादलों का आना जाना जारी रहा। इसके बाद उमड़ घुमड़ कर आए बादलों ने शाम छह बजे डेरा जमा लिया। वहीं बारिश के चलते नालों की साफ सफाई कराई गई। शुक्रवार सुबह नौ बजे तक झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। वहीं कई गांवों में नालियां चोक के कारण गलियां उफना गई और जलभराव की स्थिति बनी रही। किसान धीरेंद्र, जगदीश सचान, धर्मेंद्र सचान, राम सजीवन ने बताया यह पानी खेती के लिए रामबाण है। अब मानसून आ गया है खेतों की जुताई कर तिल आदि की फसल बोई जाएगी। वहीं बारिश के चलते जगह जगह जलभराव हो गया। साथ ही मुख्य नाला जाम हो गया। जिस पर सफाई कर्मियों द्वारा नाले की सफाई कराकर जल निकासी की व्यवस्था की गई।

# योग दिवस आज, स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता महोबा


योगाभ्यास करते लोग। अमृत विचार

● योग सप्ताह के छठवें दिन प्रशिक्षकों ने कराया योगाभ्यास

**अमृत विचार।** 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग के अंतर्गत शनिवार को योग दिवस मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। यहां सामूहिक रूप से योगाभ्यास में शामिल होने के लिए योगाभ्यासियों से अपील की गई है।

इससे पूर्व शुक्रवार को योग सप्ताह के छठवें दिन जैन मंदिर कंठेश्वर पहाड़ पर योग सप्ताह का आयोजन किया गया। जहां पर योग प्रशिक्षकों द्वारा कामन योग प्रोटोकाल का लोगों को अभ्यास कराया। योग सप्ताह के दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास की विधि, लाभ और योग करते समय बरतने वाली सावधानियों से अवगत कराया।

जैन मंदिर में आयोजित योग सप्ताह में प्रशिक्षक सचिन गुप्ता और नीरेंद्र सिंह द्वारा उपस्थित लोगों को योगाभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने पद्मासन, वज्रासन, शवासन, सर्वांगासन सहित तमाम योगासन अपनी देखरेख में करवाए। योग प्रशिक्षक ने योगा करते समय सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि खाली पेट योगाभ्यास करना चाहिए। साथ ही सही जगह का चुनाव करते हुए आरामदायक कपड़े पहनकर योगा करें। कहा कि योग शुरू करने से पहले वार्मअप करना अति आवश्यक है और श्वास पर ध्यान देते हुए शरीर को अधिक तनाव न देना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी लोगों से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील भी की।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी ममता वर्मा, डॉ. रामकिशोर, डॉ. विकास कुमार, डॉ. आदित्य मोहन अवस्थी, योग सहायक गिरीश कुमारी एवं उमेश त्रिपाठी समाजसेवी शिवकुमार गोस्वामी, शरद तिवारी, दाऊद्ध, डॉ. आरके परमार, ग्राम विकास अधिकारी नितिन कुमार परिहार, प्रधानाध्यापक दयाराम वर्मा, प्रधानाध्यापक कालूराम प्रजापति, शिक्षक नंदराम यादव, शिक्षक मानसिंह कुशवाहा के अलावा जनसमूह ने यौगिक क्रियाओं का लाभ उठाया। राजेश कुमार, यशपाल सिंह एवं जीतेन्द्र कुमार का विशेष सहयोग रहा। योगाभ्यास के बाद योग प्रेमियों द्वारा सफ़ाई अभियान चलाकर जैन मंदिर के पास साफ सफाई की गई साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर पौध रोपित कर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग का संदेश दिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के कार्यक्रम में शनिवार को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सामूहिक रूप से योगाभ्यास में शामिल होने के लिए योगाभ्यासियों से अपील की गई।

# पहाड़ पर काम करते गिरा श्रमिक, मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● आस-पास के पहाड़ों पर काम कर रहे श्रमिकों ने काम बंद किया

● सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डहर्रा स्थित पहाड़ नंबर-2 का मामला


अस्पताल परिसर में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डहर्रा स्थित पहाड़ नंबर 2 में काम कर रहा श्रमिक फिसलकर खाई में गिर गया, इससे उसकी मौत हो गई, जिससे पहाड़ पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में पहाड़ मालिक ने पहाड़ पर काम बंद करा दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गृह स्वामी की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

सदर कोतवाली के ग्राम डहर्रा पत्थर मंडी में दो नंबर पहाड़ में खनन का कार्य हो रहा है। पहाड़ में काम कर रहे श्रमिक विंदा (40) पुत्र दुर्गा निवासी गांधी नगर कबरई काम करता था] सुबह रिमझिम बारिश हो रही थी जिससे काम करते समय श्रमिक का पैर फिसल गया और श्रमिक नीचे आ गिरा। घटना स्थल पर उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। गृहस्वामी की मौत हो जाने से अब मां अपने छोटे-छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर खासी चिंतित है।

## एक नजर

### 115 बच्चों की जांची सेहत

**जैतपुर महोबा।** मुख्यचिकित्साधिकारी आशाराम के निर्देश पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ अम्बुज गुप्ता की देखरेख मे सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र जैतपुर के अधीक्षक डॉ पवन राजपूत के द्वारा गठित स्वास्थ टीम बी ने 115 बच्चों की सेहत जांची। आंगनबाडी बमनौरा केन्द्र में 64 और हीरापुरवा में 51 बच्चो का स्वास्थ परीक्षण किया गया। इस मौके पर डॉ. पीएन शर्मा, फार्मासिस्ट अमित गंगेले, एफ एच डब्ल्यू संगीता, आंगनबाडी नीलम राजा, रजनी राजा मौजूद रही।

### दस दिन बाद भी हमलावर पुलिस की पकड़ से दूर

**महोबा।** थाना खन्ना अंतर्गत ग्राम सिरसी में एक ही परिवार के दबंगों ने महिला को बुरी तरह लाठी डंडों से हमला कर दिया था। रिपोर्ट दर्ज होने के दस दिन बाद भी हमलावर पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पीड़िता ने एसपी से कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित नीलू तिवारी ने बताया कि दबंगों के डर से उनकी मां गोमती ने गांव तक छोड़ दिया है। दबंग आपराधिक मामलों में फंसाने की आए दिन धमकी देते रहते है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के एसआई राजेश कुमार चौरसिया ने नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाली अंतर्गत एक गांव निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को नरेंद्र कुमार पुत्र श्रवण निवासी चितरागोकुलपुर बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

## खरेला कस्बे का मामला : मकान गिराने गए प्रशासनिक अमले को मानव शृंखला बनाकर महिलाओं ने रोका

# 32 साल का कब्जा, 2 घंटे विरोध के बाद जमींदोज

कार्यालय संवाददाता, महोबा


मानव शृंखला बनाकर बुलडोजर रोकतीं महिलाएं। अमृत विचार



मकान गिराता बुलडोजर। अमृत विचार

### मकान बनता रहा और चुप रहे जिम्मेदार

■ पीड़ित परिवार ने तीन दशक पहले मकान बनाया था। कई बार अतिक्रमण अभियान भी चलाए गए, लेकिन उसके मकान को कभी भी अवैध बताकर नहीं गिराया गया। जिससे उसने वर्ष 2020 में मकान का और निर्माण करा लिया। मकान में धुलाई सेंटर खोल दिया, इसके लिए बिजली विभाग से कनेक्शन भी ले लिया। उधर नगर पंचायत में मकान बनवाने के बाद गृहकर भी जमा करने लगा। यदि मकान अवैध था, तो नगर पंचायत ने निर्माण कार्य क्यों नहीं रोका।

### बिना नोटिस दिए मकान गिराने का आरोप

■ अतिक्रमण अभियान चलाने से पहले कब्जाधारकों को प्रशासन द्वारा नोटिस दिया जाता है। नोटिस की सीमा समाप्त होने पर अतिक्रमण चलाया जाता है, लेकिन चरखरी प्रशासन पर आरोप है कि पीड़ित को न तो कोई नोटिस दिया और न ही अपने घर का सामान हटाने के लिए समय दिया। अचानक बुलडोजर लेकर पहुंचे प्रशासनिक हमले ने मकान पर बुलडोजर चलवा दिया। एक-एक रुपया जोड़कर जिन्दगी भर की कमाई से बनाए गए मकान को गिरता देख गृहस्वामी की पत्नी शकुंतला देवी बेहोश हो गई। 15 मिनट बाद होश में आई।

**अमृत विचार।** कस्बा खरेला में मुख्य मार्ग पर बने कथित 32 साल पुराने मकान पर बुलडोजर चलाने पहुंचे प्रशासनिक अमले को करीब दो घंटे भारी विरोध का सामना करना पड़ा। आरोप है कि मकान के आगे मानव शृंखला बनाकर परिवार की महिलाओं और नाबालिगों के खड़े हो जाने पर एसडीएम ने बुलडोजर चढ़ाने का आदेश दे दिया। इसके बाद मौजूद पुलिस फोर्स ने महिलाओं को हटाकर मकान को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया। मकान गिर जाने से अब परिवार के लोगों के सामने बारिश में आशियाने की समस्या खड़ी हो गई है।

कस्बा खरेला निवासी रामेश्वर सिंह (60) अपने परिवार के साथ तीन दशक से अधिक समय से मकान में रह रहा था। और धुलाई सेंटर भी चला रहा था, जिसके लिए उसने बिजली विभाग से कनेशन भी ले रखा था। शुक्रवार को अचानक भारी पुलिस फोर्स के साथ बुलडोजर लेकर पहुंची प्रशासनिक टीम 32 साल पुराने मकान को अवैध बताकर बुलडोजर चलाने लगी, तभी परिवार की महिलाओं का प्रशासन को भारी विरोध झेलना पड़ा। मकान को बचाने के लिए महिलाएं मकान के आगे मानव शृंखला बनाकर खड़ी हो गईं। और मकान के तरफ बढ़ रहे बुलडोजर को रोक दिया। करीब दो घंटे के भारी विरोध के बाद प्रशासनिक टीम ने मकान पर बुलडोजर चलाकर धराशाई कर दिया।

पीड़ित के परिजनों ने आरोप लगाया कि उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ. प्रदीप कुमार ने महिलाओं को धमकाते हुए कहा कि इन पर बुल्डोजर चढ़ा दो, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है (अमृत विचार वीडियो की पुष्टी नहीं करता)। उसी समय एक युवक द्वारा वीडियो बनाने पर एसडीएम और पुलिस कर्मियों ने उसकी पिटाई कर दी। बाद में पुलिस युवक को थाने ले गई। परिजनों का आरोप है कि प्रशासन ने कोई नोटिस नहीं दिया और मकान को अवैध बताते हुए बुलडोजर चला दिया। जिससे पीड़ित परिवार अब बारिश के मौसम में सिर छिपाने के लिए इधर उधर भटक रहा है। प्रशासनिक टीम ने तहसीलदार चरखारी, कानूनगों लेखपाल और नगर पंचायत खरेला की टीम के अलावा महिला थाना प्रभारी सुषमा चौधरी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचीं थीं।

**व्यवधान डालने की कोशिश की:** मामले में उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह प्रायोजित था कि शासकीय कार्य में कैसे व्यवधान पैदा किया जाए। जब उन्हें सूचित था, तो महिलाओं और बच्चियों को लाने की क्या जरूरत थी। मकान नगर पंचायत की जमीन पर बना हुआ था। इनको पूर्व में कई बार नोटिस दिया गया है। महिलाओं को आगे करके सरकारी कार्य में व्यवधान पैदा कर रहे थे।

# राज्यमंत्री ने गौशालाओं का निर्माण कराने के दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● विकास भवन सभागार में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की

**अमृत विचार।** नगर विकास, शहरी समग्र विकास एंव नगरीय रोजगार के राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला विकास कार्यों, कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर गौशाला में वृक्षारोपण कराया जाए और गौशालाओं का निर्माण कार्य कराया जाये। सभी गौशालाओं में हरा चारा पानी भूसा की व्यवस्था की जाए। दैवीय आपदा से पीड़ित लोगों को तत्काल राहत दी जाए।

प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री ने जल निगम के अधिशासी अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि हर घर नल योजना के तहत खोदी गई पाइप लाइन से जो रोड क्षतिग्रस्त हुए है, उन रोडो का तत्काल मरम्मत कार्य कराया जाए। जिन गांवो में पानी नहीं पहुंच रहा हैं वहां पानी पहुंचाने क लिए निर्देश दिए। उन्होंने कैम्प लगाकर फैमिली आईडी बनाने के भी निर्देश दिए। कहा कि पर्यटन विभाग के जो भी निर्माणाधीन कार्य हैं उन्हें जल्द से जल्द पूरा कराएं। उन्होंने विद्युत विभाग के एक्सईएन को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द जर्ज़र तारों एवं पोलों की मरम्मत की जाये। उन्होंने जिला पंचायती राज अधिकारी को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गांवो में निरंतर साफ .सफाई कराने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री नें रैंकिंग वाले विभागों के आधिकारिओं को रैंकिंग में सुधार के लिए निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जितने भी विरासत के मामले हैं उनको तुरंत निस्तारित कराएं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा की कटी हुयी पुलियों की मरम्मत तथा क्षतिग्रस्त पुलियों का नया निर्माण कराया जाये तथा सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सप्ताह में एक बार एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने क निर्देश दिए। उन्होने सभी हेल्थ एटीएम चालू कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व राम प्रकाश, एडीएम नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम आदि मौजूद रहे।

# चंद्रावल नदी को बचाने आगे आए ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, महोबा


चंद्रावल नदी के लिए श्रमदान करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बुंदेलखंड की सात नदियों में एक नदी चंद्रावल शामिल है। चंद्रावल नदी धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खोती नजर आ रही है। करीब तीस किलोमीटर के भू-भाग तक फैली इस नदी के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। पानी तो कहीं बचा नहीं अब नदी के निशान भी धूमिल होने लगे हैं। डीएम गजल भारद्वाज की प्रेरणा से ग्रामीणों के मन में जल अभियान को लेकर जागरूकता बढी है।

ग्राम बगरौन से निकली चंद्रावल नदी को बचाने के लिए ग्राम बगरौन के ग्रामीणों ने श्रमदान के लिए मुहिम चलाई है। नदी के पुनरुद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विकास खंड चरखारी की ग्राम पंचायत बगरौन में चंद्रावल नदी का जीर्णोद्धार जन सहभागिता के माध्यम कराया गया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी नीतेंद्र सिंह सेंगर, ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार यादव ग्राम सचिव रोहित गुप्ता, रोजगार सेवक अरविंद कुमार, तकनीकी सहायक ओम प्रकाश एंव ग्रामीणों द्वारा बड़ी संख्याण्में महिलाओं एवं पुरुषों की सहभागिता रहीं इस अभियान में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर नदी खुदाई में हिस्सेदारी की, और खुदाई का कार्य किया। शहर के कीरतसागर तालाब के उफनाने पर इसका पानी चंद्रावल नदी में जाता था। पूरे साल यह नदी पानी से लबरेज रहती थी। चांदो गांव से निकलते हुए यह नदी जिले के विभिन्न गांवों से गुजर कर हमीरपुर जिले की बेतवा नदी में मिल जाती है। नदी प्रेमनगर, महराजपुरा, डांग, आदि से होते हुए जल की धारा चंद्रावल बांध में मिल जाती है।

# 20 जून से 10 जुलाई तक किया जाएगा खाद्यान वितरण

**महोबा।** शासन के निर्देश पर माह जून 2025 में राशन कार्ड धारकों को निःशुल्क खाद्यान का वितरण 20 जून से 10 जुलाई के मध्य किया जाएगा।

जिलापूर्ति अधिकारी राजीव तिवारी ने बताया कि अन्तोदय कार्डधारकों को 14 किलो ग्राम गेहूं व 21 किलो ग्राम चावल कुल 35 किलो ग्राम प्रति राशनकार्ड तथा पात्र ग्रहस्थी कार्ड धारकों को उनके कार्ड से संबद्ध प्रत्येक यूनिट पर 02 किलोग्राम गेहूं तथा 03 किलोग्राम चावल कुल 05 किलोग्राम का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को अप्रेल मई व जून 2025 के सापेक्ष चीनी का वितरण 18 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से किया जाएगा।

# अपराधों में संलिप्त आरोपियों को करें गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता महोबा

● एसपी की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा बैठक


बैठक में निर्देश देते एसपी प्रबल प्रताप सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन स्थित सभागार में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयेजन किया। समीक्षा गोष्ठी में एसपी ने कानून व्यवस्था, जन शिकायतों एवं त्योहारों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।

सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित शाखा प्रभारियों को उनके त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण करने के साथ प्रत्येक थाना स्तर पर नियमित सैनिक सम्मेलन आयोजित कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए।

अपराध समीक्षा गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने जिले में घटित घटनाओं की गहन समीक्षा की, जिसमें गंभीर अपराधों की विवेचना, अपराध नियंत्रण, अपराधियों के विरुद्ध प्रचलित कार्रवाई, गुमशुदा की बरामदगी के लिए किये जा रहे प्रयास, बीट पुलिसिंग, मिशन शक्ति, अभियोजन की स्थिति, यातायात प्रबंधन, जनसुनवाई व्यवस्था एवं अन्य प्रचलित अभियानों की बिन्दुवार गहन समीक्षा की गई। उन्होंने महिला एवं बाल अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध त्वरित गिरफ्तारी और न्यायालय में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने और महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट प्रणाली एवं मिशन शक्ति की नियमित समीक्षा कर महिला सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाए जाने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि नगर निकायों व परिवहन विभाग से समन्वय कर यातायात नियमन को व्यवस्थित किया जाए। ब्रेथ एनालाइजर, आईटीएमएस एवं अन्य तकनीकि उपकरणों के माध्यम से नियम उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर ट्रैफिक सुधार के लिए ब्लू प्रिंट तैयार किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठकें आयोजित की जाएं साथ ही जुलूसों के मार्ग का पूर्व भ्रमण कर संभावित विवादित स्थानों पर सतर्कता बरतते हुए धर्मगुरुओं और नागरिकों से समन्वय बनाए रखे। उन्होंने प्रमुख स्थानों, बाजारों, चौराहों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढाए जाने और पुराने कैमरों का रख रखाव एवं अपग्रेडेशन सुनिश्चित की भी बात कही।

## जागरूकता शिविर — शहर के आल्हा चौक में लगाया शिविर, लोगों को उनके अधिकार बताए

# कांग्रेस ने शिविर लगाकर दी कानूनी सलाह और जानकारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा



लोगों को कानूनी जानकारी देने के लिए खड़े अधिवक्ता व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के आल्हा चौक में कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कानूनी सलाह शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर उपस्थित लोगों को अधिवक्ताओं द्वारा कानूनी जानकारी मुहैया कराते हुए सलाह दी गई। शिविर में अधिवक्ताओं ने कानूनी जानकारी देते हुए लोगों को कानूनी अधिकारों और उनके समाधान के प्रति जागरूक किया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर व संगठन सृजन के अंतर्गत शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आल्हा चौक महोबा में कानूनी सलाह शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिवक्ता संजय सिंह ने बताया कि कानूनी सलाह शिविर कानूनी सहायता प्राप्त करने का एक तरीका है, जहां लोगों को मुफ्त कानूनी सलाह और सहायता प्रदान की जाती है। ये शिविर आमतौर पर कानूनी सेवा प्राधिकरणों व गैर सरकारी संगठनों द्वारा आयोजित किए जाते हैं, और इसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों के साथ-साथ उनके समाधान के बारे में जागरूक करना है।

अधिवक्ता बलदेव प्रसाद रैकवार ने कहा कि कानूनी सलाह शिविरों का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करना और उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करना है। बताया कि गरीब वर्ग के लोगों को मुकदमों की पैरवी करने के लिए सरकार की तरफ से निःशुल्क अधिवक्ता की व्यवस्था की जाती है।

इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया, अधिवक्ता संदीप पांडेय, एडवोकेट अजय कोहली, वीरेंद्र माझी, वृंदावन कुशवाह, अरविंद द्विवेदी, मुकेश सक्सेना, लखन रैकवार, हरगोविंद सिंह, संतोष चौरसिया, शंभू प्रजापति, संतोष प्रजापति सहित तमाम अधिवक्ता और कांग्रेसी मौजूद रहे।

# ईश्वर की लीलाओं की कोई सीमा नहीं

संवाददाता जैतपुर महोबा

**अमृत विचार।** गल्ला मंडी प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन संकट मोचन पीठाधीश्वर सोनू महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्त प्रह्लाद और ध्रुव की जीवनगाथा से परिचित कराया। उनके भावपूर्ण वर्णन ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया और वातावरण पूरी तरह भक्ति में रंग गया। महाराज ने कहा कि ईश्वर की लीलाओं की कोई सीमा नहीं है।ष् उन्होंने बताया कि जब.जब धर्म पर संकट आता है, भगवान स्वयं अवतार लेकर अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। हिरण्यकश्यप जैसे अत्याचारी के सामने बालक प्रह्लाद ने विष्णु भक्ति की लौ जलाए रखी।

शोध निदेशालय
Directorate of Research
महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly
Phone No. : 0581-4022293 E-mail : director.dor@mjpru.ac.in
महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
Ph.D. Admission Notice
A++ NAAC
Applications are invited for the admission to Doctor of Philosophy (Ph.D.) full time / part time and D.Sc./D.Litt. in various subjects from 18 June 2025. Only online applications are acceptable. Online application form and detailed instructions are available on www.mjpru.ac.in and https://mjprudor.ac.in.
REGISTRAR

# वैकल्पिक रास्ता तक ठीक से नहीं बनाया, आवागमन में दिक्कत

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)



गुरुवार देर शाम मुआयना करने पहुंचे विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और एसडीएम सौरभ यादव। अमृत विचार



रात में लोगों को हुई इस तरह दिक्कत। अमृत विचार

- जम्होरा नाला का मामला, रोज लापरवाही आ रही सामने

**अमृत विचार।** मऊ परदवां संपर्क मार्ग पर लगभग दो करोड़ 41 लाख की लागत से निर्माणाधीन जम्होरा नाला लघु सेतु के निर्माण कार्य में हर प्रकार से लापरवाही बरते जाने की बातें सामने आ रही हैं। ठेकेदार ने न तो वैकल्पिक रास्ता ठीक से बनाया और न बरसात के मद्देनजर पानी के निकासी की कोई व्यवस्था की।

जम्होरा नाले में निर्माणाधीन लघु सेतु का स्लैब ढहने के बाद से यह निर्माण चर्चा का विषय बना हुआ है। रोजाना नई बातें सामने आ रही हैं। पुल के पास काली मिट्टी होने से जरा सी बरसात में यह चिपचिपी और दलदली हो जाती है। इससे निकलने में भारी दिक्कत होती है। समाजसेवी पप्पू बरहा ने बताया कि गुरुवार को हुई बारिश के चलते वैकल्पिक सड़क का काफी हिस्सा पानी में बह गया। देर शाम छह बजे से शुक्रवार दोपहर तक आवागमन बाधित रहा। लोग इस और उस पार काफी देर तक खड़े रहे। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों ने वैकल्पिक रास्ते पर दिन भर जेसीबी चलाकर रास्ता बनवाया और पानी के निकासी के लिए बीच के पाइप लगाए। इस दौरान दानीधर द्विवेदी, दीपक द्विवेदी, लवकुश पांडेय, समय लाल निषाद, बलराम पाल, रामगोपाल पाल और ऋषियन दर्शन के लिए आए एडवोकेट शशिकांत शुक्ला सहित बहुत से लोग घंटों इंतजार में खड़े रहे। गौरतलब है कि मऊ क्षेत्र के अंतर्गत बरहा कोटरा और घुरेहटा के बीच जम्होरा नाला में पीडब्ल्यूडी के तहत निर्माणाधीन लघु सेतु की स्लैब मंगलवार रात को रखी गई थी और सुबह होते ही ढह गई। इससे हड़कंप मच गया था। गुरुवार की सुबह जहां पीडब्लूडी टीम और एसडीएम मऊ सौरभ यादव मौके पर पहुंचे थे। वहीं देर शाम मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी के साथ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एसडीएम सौरभ यादव ने मौका मुआयना किया था।

**जूते हाथ में लेकर जैसेतैसे लौटे लोग :** गुरुवार शाम को निरीक्षण के लिए मौके पर पहुंची पीडब्ल्यूडी की टीम को लौटते समय दिक्कत हुई। बताया जाता है कि देर शाम बूंदाबांदी होने के बाद जम्होरा के बरसाती नाले में पानी भर गया। वैकल्पिक रास्ते में जमकर कीचड़ हो गया। इससे पीडब्ल्यूडी की टीम को गाड़ी को निकलवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### विधायक कर चुके शिकायत

मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने 27 मई को लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता को लिखे पत्र में लघु सेतुओं के निर्माण कार्य में अनियमितता की बात कही थी। बताया था कि लोनिवि द्वारा तीन लघु सेतुओं में मानक के विपरीत कार्य हो रहा है।

### जम्होरा नाला क्यों है महत्वपूर्ण

जम्होरा नाला मऊ परदवां संपर्क मार्ग पर अंतिम छोर पर है, जिससे होकर प्रयागराज और कौशांबी के लोग आते जाते हैं। इसी रास्ते से होकर प्रसिद्ध ऋषियन धाम और बरियारी के हनुमानजी मंदिर के दर्शन के लिए भी लोगों का आवागमन है। जम्होरा नाला के पास पाली, कुरिया, कनभय, परदवां, घुरेहटा, मेड़ेलाल का पुरवा आदि गांव पड़ते हैं। बीस हजार से ज्यादा आबादी इस नाले में पानी भर जाने से परेशान होती है।

# पौधरोपण में प्रगति न करने पर विभागों को दें नोटिस

## मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक कर मातहतों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट



बैठक में समीक्षा करतीं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रत्यूष कुमार कटियार को निर्देश दिए कि जिन विभागों ने पौधरोपण में प्रगति नहीं की है, उनको नोटिस जारी किया जाए। सीडीओ ने शुक्रवार को जिला गंगा समिति/जिला पर्यावरण समिति एवं जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में विभागों की समीक्षा की।

सीडीओ ने सभी संबंधित विभागों से कहा कि वित्तीय वर्ष 2024 में पौधारोपण कराकर जियो टैगिंग नहीं कराई है, तो तत्काल करा दें। इस वर्ष के लक्ष्य का माइक्रोप्लान बनाकर प्लांटेशन कराया जाए। शनिवार तक वन विभाग को कार्ययोजना उपलब्ध करा दें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्रनारायण सिंह से कहा कि वन विभाग से संपर्क करके ग्राम पंचायतों के नजदीकी नर्सरी से पौधों के उठान कराने की व्यवस्था करें। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी बायोमेडिकल वेस्ट के लिए निजी अस्पतालों को नोटिस देने के बाद भी अनुपालन नहीं कर रहे तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें। अधिशासी अधिकारियों को बड़े व्यापारियों की दुकानों पर पॉलिथीन जब्ती के लिए छापामारी करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी को निर्देश दिए कि पुलघाट में बने विसर्जन कुंड पर इस संबंध में लिखवाया भी जाए। सुंदर घाट बाईपास रेलवे पुल के किनारे ठीक से सफाई कराएं। उन्होंने नोडल अधिकारियों से को निर्देशित किया कि आश्रमों में जाकर जन जागरूकता का कार्यक्रम कराएं और उसकी फोटोग्राफ सहित रिपोर्ट भी भेजी जाए। बैठक में डीएफओ ने बताया कि जिले को 72 लाख 33 हजार 520 पौधों के रोपने का लक्ष्य दिया गया है। बैठक में उप जिलाधिकारी मानिकपुर मोहम्मद जसीम, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केशरवानी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा आदि मौजूद रहे।

### कक्षा कक्षों के निर्माण की तकनीकी जांच कराएं

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति, निपुण भारत संबंधी टास्क फोर्स, मध्याह्न भोजन की टास्क फोर्स की बैठक ली। उन्होंने बीएसए बीके शर्मा से कहा कि सभी पत्राचार ई– ऑफिस प्रणाली से किए जाएं। खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत शेष कामों को पूरा कराएं और कार्ययोजना 25 जून तक उपलब्ध कराएं। अतिरिक्त कक्षा कक्षों के निर्माण की तकनीकी जांच कराई जाए।

# मानिकपुर में तेजी से फलफूल रहा डंपिंग का काला कारोबार

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** कस्बे में पुराने जल संस्थान के ऑफिस के पास बड़े पैमाने पर बालू, ईंट और गिट्टी के अवैध कारोबार पनप रहा है। लोग अपना नाम छिपाते हुए आरोप लगाते हैं कि इनके पास न तो डंपिंग का लाइसेंस है और न कमर्शियल ट्रैक्टर ट्राली का।

लोगों का आरोप है कि कस्बे में इस समय अवैध डंपिंग का कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। इसमें विभागीय लोगों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता। इन कालाबाजारियों के चलते लोगों को सही दाम पर बालू नहीं मिल पा रही। राजस्व की भी क्षति हो रही है। बताया जाता है कि बिना कमर्शियल टैक्टर ट्राली के ये लोग दिनभर गिट्टी बालू बेचते हैं। 70 फिट की ट्राली में 100 फिट बताकर बेचा जा रहा है। कम समय में ज्यादा मुनाफा कमाने की लत से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। बताया जाता है कि यह सिंडीकेट खदानों से बालू लेकर आने वाले ट्रकों को रास्ते में ही रोककर बालू खरीद कर फिर मनमाने रेट पर जरूरतमंदों को बेचते हैं। खदानों से आने वाले ट्रक इन लोगों के कारण उपभोक्ता तक पहुंच ही नहीं पाते, जिससे जरूरतमंद को अनाप शनाप रेट पर बालू मजबूरी में खरीदनी पड़ती है। लोगों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देने का अनुरोध किया

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# गैरकानूनी ढंग से बंद किया गया निगम का बस अड्डा!

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्यालय में ट्रैफिक चौराहे के पास स्थित रोडवेज के बस अड्डे को समाप्त कराए जाने को लेकर रोडवेज कर्मियों में आक्रोश बरकरार है। शुक्रवार को रोडवेज कर्मचारी संघ, रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद और यूपी रोडवेज इंपलाइज यूनियन के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से मंडलायुक्त अजीत कुमार और आरएम बांदा संदीप अग्रवाल को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन दिया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी नगरपालिका कर्वी ने बिना परिवहन निगम का पक्ष सुने मुख्यालय में सन् 1972 से संचालित बस स्टेशन को समाप्त कर दिया।

ज्ञापन में बताया कि नगरपालिका ने उप्र राजकीय रोडवेज से बस स्टैंड स्थापना के लिए अनुबंध किया था। अनावश्यक बढ़ाए गए किराये को कम करने के लिए एडीएम कोर्ट में छह से मुकदमा भी विचाराधीन है। पालिका से दो बड़े कमरे, एक बड़ा हाल और मैदान किराये पर लिया गया था पर वर्तमान में उसके कब्जे में मात्र एक ही कमरा था। बताया कि 6 जून को ईओ और एसडीएम ने पुलिस प्रशासन के साथ बस स्टेशन पहुंचकर पूछतांछ कक्ष में जबरन ताला और अस्थायी बस स्टैंड समाप्ति की सूचना का बोर्ड लगवा दिया।

प्रशासन के बोर्ड से स्पष्ट है कि उसकी मंशा कर्वी फेयर स्टापेज को समाप्त करने की है। ज्ञापन में सीएम से मांग की है कि जनसुविधा के मद्देनजर मुख्यालय में नगर पालिका के किराये पर चल रहे बस स्टेशन को पुनः आवंटित कराया जाए या फिर बसों के लिए कोई वैकल्पिक स्थान दिया जाए। ज्ञापन में रविशंकर शर्मा, रामबाबू यादव, जीएस त्रिवेदी, इरशाद अली, आरके वर्मा, ओपी गुप्ता कर्मचारी नेताओं के नाम हैं।



कमिश्नर अजीत कुमार को ज्ञापन सौंपते रोडवेज कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधि।

# वाहन दुर्घटना में खलासी की मौत पर चालक पर मुकदमा

**कालपी।** दो सप्ताह पहले जोल्हूपुर मोड - कदौरा मार्ग में डंपरों के आमने-सामने की भिड़ंत में क्लीनर की मौत की घटना को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा डंपर के चालक के खिलाफ कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त मामले को लेकर वादी नरेंद्र कुमार निवासी कानपुर देहात ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी का पुत्र राम योजित डंपर में में खलासी था। दिनांक 6 जून 2025 की सुबह करीब 6 बजे डंपर से कदौरा जा रहा था। जोल्हुपुर - हमीरपुर मार्ग में रामपुर के पास जैसे ही डंपर पहुंचा। तभी विपरीत दिशा से तेजी एवं लापरवाही से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दिया। डंपरों की जोरदार भिड़ंत से प्रार्थी के पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि चालक को चोट लगी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# योग करने से तन और मन रहते हैं स्वस्थ

संवाददाता कालपी, जालौन

- एसडीएम, पालिकाध्यक्ष ईओ, बीईओ तथा चिकित्सक योगासन में रहे शामिल

**अमृत विचार।** शुक्रवार को यमुना नदी कालपी के तट में स्थित बिहारी धाम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पहले राजयोगिनी रजनी पाल की मौजूदगी में भक्तों तथा नागरिकों को योगाभ्यास कराया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव, अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पूर्णिमा चटर्जी द्वारा प्रमुख रूप से हिस्सा लिया।

निर्धारित समय के मुताबिक 20 जून को सुबह 6 बजे से सुवह भारी संख्या में नागरिक योगाभ्यास करने के लिये यमुना के तट पर एकत्रित हो गये। बारिश के मौसम की वजह से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बाके बिहारी मंदिर के परिसर में शुरू हुआ। एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने कहा कि योग क्रियाओं के माध्यम से जटिल से जटिल रोगों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय योग शिविर में योग शिक्षिका रजनी पाल ने मंडूक आसन, भुजंगासन, ऊष्ट्रासन , उज्जायी, प्राणायाम, कपाल भॉति प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम आदि योगासन कराया। पालिकाध्यक्ष अरबिंद यादव ने बताया कि आगामी 21 जून को कालपी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम एवं भव्य तरीके से मनाया जायेगा।

# बिजली गिरने से पिता की मौत, पुत्र झुलसा

**चित्रकूट।** बिजली गिरने से श्रमिक पिता-पुत्र गंभीर रूप से झुलस गए। पिता की मौत हो गई, जबकि पुत्र का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार असोह गांव निवासी मंगल (35) पुत्र कमतू अपने बेटे श्याम के साथ बनकट में किसी के घर में काम कर रहे थे। शुक्रवार को बारिश के बीच बिजली गिरने से मंगल की मौके पर मौत हो गई। श्याम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**परखी व्यवस्था** महिला हेल्प डेस्क से लेकर सीसीटीएनएस तक की व्यवस्था देखी

# थाने के कैमरे 24 घंटे चालू रखें : एसपी

कार्यालय संवाददाता, उरई



थाने में निरीक्षण करते एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार व मौजूद एएसपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक ने अचानक थाना गोहन का निरीक्षण करने पहुंच गये। इससे थाने में हड़कंप मच गया। उन्होंने थाना भवन, मेस और बैरकों का घूम घूम कर जायजा लिया ।

पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार बीती गुरुवार की देर रात गोहन थाना का निरीक्षण करने पहुंचे। उनके अचानक थाने पहुंचते ही थाने में अफरा तफरी मच गई। इस दौरान एसपी ने मालखाना और कार्यालय के महत्वपूर्ण रजिस्टरों की जांच की। इनमें अपराध, त्योहार, भूमि विवाद, महिला उत्पीड़न, हत्या बलवा और गुमशुदा रजिस्टर की उन्होंने गहनता से जांच पड़ताल की। एसपी ने महिला हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मियों से बातचीत की और कहा कि उन्हें किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल बात करें। साथ ही उन्होंने शिकायतकर्ताओं से फोन पर संपर्क कर पुलिस कार्रवाई का फीडबैक लिया। कंप्यूटर और सीसीटीएनएस कक्ष के निरीक्षण में कर्मचारियों को सभी फॉर्म की समय पर फीडिंग के निर्देश दिए। पंजीकरण, गिरफ्तारी, संपत्ति जब्ती और केस डायरी की नियमित अपडेट पर जोर दिया। थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे चालू रखने के आदेश दिए। एक्सीडेंट की घटनाओं की डिटेल फोटो सहित ऐप पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। डायल 112 पर मिली शिकायतों पर की गई कार्रवाई की समय पर फीडिंग सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को थाना परिसर की साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालय के रजिस्टरों का व्यवस्थित रख-रखाव, कंप्यूटर उपकरणों और शस्त्रागार में रखे हथियारों की उचित देखभाल करने को कहा। इस मौके पर एएसपी प्रदीप कुमार वर्मा,थाना इंचार्ज सतीश कुशवाहा आदि लोग रहे।

# चूल्हे की चिंगारी से लगी आग से गृहस्थी राख

संवाददाता, जालौन

- जालौन के ग्राम जगनेवा का मामला, 25 हजार रुपये नकद भी जलकर राख

**अमृत विचार।** चूल्हे के कंडे से निकली चिंगारी से घर में आग लग गई। इससे खाने पीने समेत घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। आग से घर में रखे 25 हजार रुपये नकद भी जल गए। पीड़िता ने एसडीएम को पत्र देकर आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र ग्राम जगनेवा निवासी गुड्डी देवी पत्नी श्याम सुंदर ने गुरुवार की रात चूल्हे पर खाना बनाया। चूल्हे को ठंडा करने के बाद भी अंदर से वह सुलगता रहा। खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए। रात में किसी समय घर में बिल्ली आ गई बिल्ली के कूदने से चूल्हे के पास ही रखा कंडों का ढेर चूल्हे में चला गया और धीरे धीरे कंडों ने आग पकड़ ली। कुछ देर बाद धुआं उठने पर जब परिवार के लोगों ने सामान को जलता हुआ देखा तो शोर मचाया, जब तक ग्रामीण पहुंचते और आग पर काबू पाते तब तक वहां रखा अनाज समेत गृहस्थी का सामान और 25000 रुपये नकद जलकर राख हो गए। इससे परिवार के पालन-पोषण में भी संकट हो गया। पीड़ित महिला ने आग लगने की घटना को लेकर एसडीएम को पत्र दिया है। जिसमें महिला ने बताया कि आग लगने से उसका घर गृहस्थी का सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका है। पीड़िता ने एसडीएम से उसे आर्थिक मदद दिलाने की गुहार लगाई है।

## सार-संक्षेप



जल जीवन मिशन की समीक्षा करते संयुक्त सचिव रंजीत सिंह, साथ में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और अन्य अधिकारी।

### जल जीवन के तहत कराए गए काफी अच्छे काम : रंजीत सिंह

**चित्रकूट।** जिले में जल जीवन मिशन के कामों को लेकर उठ रहे सवालिया निशानों के बीच संयुक्त सचिव खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय / सेंट्रल नोडल अधिकारी डा. रंजीत सिंह ने शनिवार को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में यह कहकर जिम्मेदारों की सराहना की कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत काफी अच्छे कार्य कराए गए हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि जनमानस के हितों को ध्यान में रखकर काम करें कि ये धरातल पर दिखाई दें। उन्होंने बैठक में बताया कि उन्होंने दो वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों का निरीक्षण किया। गांवों में लोगों से पेयजल के बारे में जानकारी की, जिसमें गांववासियों ने बताया कि पानी की उपलब्धता रहती है। बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं नेशनल वॉश एक्सपर्ट जेजेएम सुभाष कुमार चौधरी मौजूद रहे। संयुक्त सचिव ने चांदी बांगर, सिलौटा व रैपुरा पेयजल योजना आदि की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। गांवों में बैठक कर लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि बचे कामों की समय–समय पर समीक्षा करें और पूरा कराएं, कमियों को दूर कराया जाए। जिलाधिकारी ने संयुक्त सचिव को आश्वस्त किया कि शासन की मंशा के अनुरूप जल जीवन मिशन के काम गुणवत्तापूर्ण कराए जाएंगे। डीएम ने संयुक्त सचिव एवं सीडीओ ने नेशनल वाश एक्स्पर्ट को स्मृति चिह्न भेंट किया। बैठक का संचालन अभियंता जल निगम एके भारती ने किया। इस मौके पर चीफ इंजीनियर जल निगम झांसी राजेश कुमार, एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव आदि अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### नवांगतुक डीआईओएस का स्वागत

**चित्रकूट।** राजकीय शिक्षक संघ उप्र के प्रांतीय अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद पांडेय की अगुवाई में शिक्षकों ने शुक्रवार को नवागुंतुक जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर हरिजन का स्वागत किया। डीआईओएस ने शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया और पठनपाठन को बेहतर बनाने की प्रेरणा दी। इस दौरान रामकेश कुशवाहा, कमला साहू, शारदा प्रसाद गुप्त, कैलाश चंद्र शुक्ल, विश्वनाथ पांडेय, अनिल कुमार, डा. प्रदीप नारायण शुक्ल, रश्मि बाजपेयी, प्रज्ञा पाठक, रेखा त्रिपाठी, गुड़िया देवी, डा. रवेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, अलख निरंजन, विनोद कुमार, धर्मेंद्र सिंह, प्रकाश सिंह पटेल , सूर्य भूषण पांडेय, अचल सिंह, चंद्र भान सिंह आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म व धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**मऊ (चित्रकूट)।** अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को पकड़ा। थानांतर्गत एक गांव निवासी ने इस संबंध में कोतवाली कर्वी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी से बसंतलाल पुत्र देवीदयाल ने दुष्कर्म किया जिससे वह गर्भवती हो गई एवं किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

### डंपर ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, चालक घायल

**मऊ (चित्रकूट)।** शुक्रवार सुबह लगभग पांच बजे कर्वी की ओर से आ रहे डंफर ने मऊ के शिवपुर तिराहे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग के बीचों बीच खड़े ट्रक को टक्कर मार दी। डंफर चालक रमेश श्रीवास (35) पुत्र देवीदयाल निवासी कोलगदहिया बुरी तरह घायल हो गया। इसे मऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक गुरुवार की दोपहर में खराब हो गया था और राष्ट्रीय राजमार्ग के बीचों बीच ही खड़ा रह गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर फुंका

**कालपी जालौन ।** बीती रात हुई जोरदार बारिश तथा आकाशीय बिजली की चपेट में आकर आर्य कन्या पाठशाला में स्थापित 4 सौ केवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर फुंक गया। इसके चलते 170 घरों की बिजली गुल हो गई। वहीं नमी की वजह से सब स्टेशन में किला घाट फीडर की मशीन का सीटी उपकरण क्षतिग्रस्त हो गया। 19–20 जून की रात में बारिश होने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर तक चलता रहा। नगर के बीचों बीच आर्य कन्या पाठशाला के पीछे स्थापित 400 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिर गई। इससे ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। इस वजह से राम चबूतरा समेत कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। विभागीय सूत्रों के मुताबिक ट्रांसफार्मर फुंकने से 170 उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। अवर अभियंता जितेंद्र कुमार ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए विभाग के द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह 8 :00 बजे विद्युत सब स्टेशन कालपी में एक फीडर की इनकमिंग मशीन की सीटी ब्लास्ट हो गई।

### शटर खोलते समय करंट लगने से युवक की मौत

**उरई।** एट कस्बे में दुकान की शटर खोलते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एट कस्बा के मोहल्ला भगत सिंह नगर निवासी सत्यम शिवहरे 25 वर्ष पुत्र अखिलेश शिवहरे प्रतिदिन की तरह शुक्रवार सुबह दुकान खोलने के लिए गया था। जैसे ही उसने शटर उठाने का प्रयास किया। तभी उसे करंट लगा और वह मौके पर ही गिरकर बेहोश हो गया। दुकानदार को गिरते देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने खबर उसके परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और उसे उठाकर कस्बा में बने प्राइवेट अस्पताल ले गए। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

**उरई।** सड़क हादसे में घायल हुए तीन लोगों में एक की मौत हो गई जबकि दो लोगों को उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया। जिला महोबा के ग्राम गौरहरी थाना चरखारी निवासी 20 वर्षीय अमित कुमार अपने दोस्त अभिषेक व आशीष के साथ मुंडन कार्यक्रम में ग्राम कछवा गया था। वहां से तीनों बाइक से वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक राठ क्षेत्र के सरसई गांव के पास पहुंची तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी राठ भेजकर परिजनों को सूचना दी। वहां से मेडिकल कालेज भेजा गया जहां डाक्टर ने अमित को मृत घोषित कर दिया। जबकि अभिषेक व आशीष को मेडिकल कालेज झांसी रेफर किया गया है।

### दहेज के लिये ससुरालियों ने बहू को छत से फेंका

**उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तिलक नगर में दहेज की खातिर ससुरालियों द्वारा पुत्र वधू को छत से फेंके जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने पति समेत ससुरालियों पर आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत पुलिस से की है। वहीं महिला का छत से गिरने का वीडियो भी वायरल हो रहा है हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। शहर के मोहल्ला तिलक नगर निवासी महिला आमना का छत से गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं श्याम नगर निवासी महिला के पिता ने मामले को लेकर बताया कि उसने अपनी बेटी का विवाह आरिफ पुत्र रहमतुल्लाह से किया था। उसकी पुत्री के पहले विवाह से तीन सन्तानें थीं, और शादी के पहले यह तय हुआ था कि बच्चों व उनकी बेटी की देखरेख आरिफ करेगा। लेकिन आरिफ ने दो बच्चो को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। साथ ही उसकी बेटी को भी दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। गुरुवार को उसके ससुरालियों ने मारपीट करते हुए उसे छत से फेंक दिया। जिससे उसकी पुत्री को गम्भीर चोटे आईं हैं और वह अस्पताल में भर्ती है। पीड़िता के पिता ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

### बिजली विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर काटे कनेक्शन

**जालौन।** बिजली विभाग की टीम ने नगर में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान टीम के लोगों ने बिजली का बिल जमा न करने वालों केकनेक्शन काटे। एसडीओ बिजली राम सुधार के नेतृत्व में अवर अभियंता नवीन कंजोलिया, विनोद कुमार, जितेंद्र, उपेंद्र व संदीप की टीम ने नगर में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान बिल में दर्शायी गई रीडिंग व मीटर रीडिंग का मिलान किया गया, जिससे यदि मीटर रीडर द्वारा रीडिंग स्टोर की जा रही हो तो उसका पता चल सके। टीम ने मीटर से पोल तक जाने वाली केबिल को बारीकी से देखा। टेप पुराने मिलने पर उन पर सील लगाने के निर्देश दिए। टीम ने बिजली का बिल जमा न करने पर कोंच चौराहे पर संचालित अली हसन की वेल्डिंग की दुकान, मोहल्ला तोपखाना में संचालित नजीरा स्पेयर पार्ट्स दुकान, भारत बंगरा रोड, कांजी हाउस के पास संचालित मिठाई की दुकान, औरैया मार्ग स्थित अस्पताल का बिल जमा न होने पर उनके कनेक्शन काट दिये।

# गिरावट थमी, तीन दिन बाद बाजार गुलजार

## सेंसेक्स में आया 1,046 अंक का उछाल, निफ्टी ने फिर किया 25,000 के अंक को पार

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,046 अंकों का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 25,000 के पार पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से शुक्रवार को बाजार में तेजी आई।

कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के बीच विदेश से बड़े पैमाने पर सकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों को समर्थन मिला। बीएसई का सेंसेक्स 1,046.30 अंक उछलकर 82,408.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.62 अंक बढ़ा था। वहीं एनएसई का निफ्टी 319.15 अंक चढ़कर 25,112.40 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,463 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1,484 शेयरों में गिरावट आई और 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस सप्ताह सेंसेक्स में 1,289.57 अंक यानी 1.58 प्रतिशत की तेजी आई और निफ्टी 393.8 अंक यानी 0.59 प्रतिशत चढ़ा।



- वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से तेजी आई
- प.एशिया में तनाव कम व विदेशी पूंजी की लिवाली से समर्थन मिला

जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि ईरान के साथ अमेरिका की बातचीत होने की उम्मीद से प. एशिया में तनाव कम होने और सैन्य कार्रवाई का जोखिम कम होने से शेयर बाजार में तेजी आई। इस घटनाक्रम से कच्चे तेल की कीमतों में सुधार हुआ, जिससे घरेलू बाजारों को लाभ मिला और विदेशी निवेशकों की धारण मजबूत हुई। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, इटरनल (पूर्व में जोमैटो) और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर मारुति का शेयर गिरकर बंद हुआ। बीएसई मिडकैप सूचकांक 1.20 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 0.55 प्रतिशत चढ़ा। क्षेत्रवार देखा जाए तो सभी सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान दूरसंचार में 2.73 प्रतिशत, रियल्टी में 2.22 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी में 1.42 प्रतिशत, पूंजीगत सामान में 1.17 प्रतिशत, बैंक में 1.15 प्रतिशत, सोच-विचार कर खरीदी जाने वाली वस्तुओं में 1.12 प्रतिशत और धातु में 1.10 प्रतिशत की तेजी आई।

### एफआईआई ने 934.62 करोड़ के खरीदे शेयर

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि ईरान-इजराइल संघर्ष में नरमी आने के संकेत मिलने वाली खबरों के बाद बाजार की धारणा में सुधार हुआ। अमेरिका ने किसी कार्रवाई में देरी का संकेत दिया, जिससे कच्चे तेल की कीमतें घटीं। इसके अलावा, एफआईआई की लगातार खरीदारी ने बाजार और समर्थन दिया। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़कर बंद हुए, जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार में बढ़त का रुख था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.93 प्रतिशत गिरकर 77.33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 934.62 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भी 605.97 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की लिवाली की। बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 82.79 अंक नुकसान में रहा था, जबकि एनएसई निफ्टी में 18.80 अंक की गिरावट आई थी।

# क्रेडिट रिस्क : समझ और सावधानियां

शेयर बाजार में निवेश करते समय कई प्रकार के जोखिम सामने आते हैं, जिनमें से एक प्रमुख जोखिम क्रेडिट रिस्क है। क्रेडिट रिस्क का तात्पर्य उस संभावना से है जब कोई कंपनी या संस्था, जिसके सिक्योरिटीज में आपने निवेश किया है, समय पर ब्याज या मूलधन लौटाने में असफल हो जाती है। यह जोखिम खासकर डिबेंचर, बॉण्ड या अन्य डेट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश के समय सामने आता है। कंपनियों की वित्तीय स्थिति, बाजार की अनिश्चितता और नियामक नीतियों के बदलाव इस जोखिम को प्रभावित कर सकते हैं।



### क्या है क्रेडिट रिस्क

- क्रेडिट रिस्क वह जोखिम है, जिसमें उधार लेने वाली कंपनी या संस्था अपने ऋण दायित्वों को समय पर पूरा नहीं कर पाती। जब कोई निवेशक किसी कंपनी के बॉण्ड या डिबेंचर में पैसा लगाता है, तो उसे उम्मीद होती है कि उसे समय पर ब्याज और मूलधन मिलेगा, लेकिन यदि कंपनी दिवालिया हो जाए या वित्तीय संकट में आ जाए, तो भुगतान में चूक हो सकती है।

### निवेशकों के लिए संभावित लाभ

- **उच्च रिटर्न की संभावना :** उच्च क्रेडिट रिस्क वाले बॉन्ड्स आमतौर पर अधिक ब्याज दर (कूपन रेट) प्रदान करते हैं।
- **डायवर्सिफिकेशन :** जोखिम समझकर निवेश करने से पोर्टफोलियो में विविधता आती है, जिससे संभावित रिटर्न बढ़ सकते हैं।
- **कम कीमत पर प्रवेश :** बाजार में अस्थिरता के समय कम रेटिंग वाली सिक्योरिटीज सस्ते में मिलती हैं, जिनमें सुधार की संभावना हो सकती है।

### मुख्य जोखिम

- **पूंजी हानि :** अगर कंपनी डिफॉल्ट कर जाए तो मूलधन डूब सकता है।
- **रेटिंग में गिरावट :** रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेटिंग कम करने से सिक्योरिटी का बाजार मूल्य गिर सकता है।
- **तरलता संकट :** कम रेटिंग वाले बॉन्ड्स को बाजार में बेचना मुश्किल हो सकता है।

# अनिश्चितता को कम करेगा मौद्रिक उपायों का पैकेज, वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की हाल की बैठक में कहा था कि मौद्रिक नीति के रुख को तटस्थ करने से उभरती घरेलू और वैश्विक आर्थिक स्थितियों के जवाब में नीति दर में कटौती, रोक या वृद्धि के लिए जरूरी लचीलापन मिलेगा।

चार-छह जून को हुई एमपीसी की बैठक के शुक्रवार को जारी ब्योरे से यह जानकारी सामने आई है। एमपीसी ने इस बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती करने का फैसला किया था। इस तरह रेपो दर में इस साल फरवरी से लेकर अबतक कुल कटौती बढ़कर एक प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने मौद्रिक नीति के रुख को भी उदार से संशोधित कर तटस्थ करने का फैसला किया था। बैठक के ब्योरे के मुताबिक, छह-सदस्यीय एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक में मल्होत्रा ने कहा, मौद्रिक उपायों का यह पैकेज अनिश्चितता के समय में कुछ निश्चितता प्रदान करेगा और इससे वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। समिति के 6 में से 5 सदस्यों ने रेपो दर में 0.50% की कटौती के पक्ष में मत दिया जबकि बाहरी सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने 0.25% की कटौती का सुझाव दिया था।



# 8 बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 0.7 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** देश के 8 प्रमुख बुनियादी उद्योग की वृद्धि दर मई 2025 में घटकर 0.7% रह गई, जो पिछले नौ महीनों में सबसे कम है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछली सबसे कम वृद्धि दर अगस्त, 2024 में थी, जब इन ढांचागत क्षेत्रों के उत्पादन में 1.5% की गिरावट आई थी।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल मई में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर 6.9% थी। अप्रैल में इन प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के उत्पादन में 1% की वृद्धि दर्ज की गई थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि चार प्रमुख क्षेत्रों- कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक एवं बिजली के उत्पादन में मई के दौरान गिरावट दर्ज की गई। रिफाइनरी उत्पादों और सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर सकारात्मक रही। साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में 8 प्रमुख क्षेत्रों में कुल 0.8% की वृद्धि दर्ज की गई है।

# प. एशिया संघर्ष का भारत पर प्रभाव सीमित

**कोलकाता, एजेंसी**

- रेटिंग एजेंसी के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ रही मुद्रास्फीति

साख तय करने वाली एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा है कि प. एशिया में जारी संघर्ष का फिलहाल भारत की कंपनियों के वैश्विक व्यापार पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि अगर अनिश्चितताएं बढ़ती हैं, तो कुछ क्षेत्रों पर इसका असर पड़ सकता है। अनिश्चितताओं ने वैश्विक कच्चे तेल के बाजारों को प्रभावित किया है।

एक सप्ताह में ब्रेंट क्रूड 73 से 76 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहा है। अप्रैल और मई के दौरान, ब्रेंट क्रूड 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ था। तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में और उछाल आ सकता है। इससे तेल उत्पादक कंपनियों को फायदा होगा और रिफाइनरी कंपनियों के मार्जिन में कमी आएगी। क्रिसिल ने कहा कि संघर्ष में शामिल दो देशों, इजराइल और ईरान के साथ भारत का सीधा व्यापार कुल व्यापार का एक प्रतिशत से भी कम है। ईरान को भारत का मुख्य निर्यात बासमती चावल है, जबकि इजराइल के साथ व्यापार अधिक विविधतापूर्ण है। पश्चिम एशिया में अनिश्चितताओं के बढ़ने से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान आने की संभावना है। विशेष रसायन, पेंट, विमानन और टायर जैसे कुछ अन्य क्षेत्र इसका प्रभाव महसूस कर सकते हैं।

### ईरान-इज़राइल संघर्ष के प्रभाव का आकलन करेगी सरकार

**नई दिल्ली।** भारत के विदेशी व्यापार पर ईरान-इजराइल संघर्ष के प्रभाव का आकलन करने और संबंधित मुद्दों का समाधान निकालने के मकसद से वाणिज्य मंत्रालय पोत परिवहन, निर्यातकों, कंटेनर कंपनियों और अन्य विभागों सहित हितधारकों के साथ बैठक करेगा। अधिकारी ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल करेंगे। हम मालभाड़े से जुड़े मुद्दे उठाएंगे। बर्थवाल ने पहले कहा था कि भारत, स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है। निर्यातकों ने कहा कि अगर युद्ध और बढ़ता है तो इससे विश्व व्यापार पर असर पड़ेगा और हवाई तथा समुद्री माल ढुलाई की दरें बढ़ जाएंगी।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### उपमुख्यमंत्री और विधायक को मारने की मिली धमकी

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस विधायक राकेश कालिया को सोशल मीडिया पर अप्रत्यक्ष रूप से दी गई जान से मारने की धमकी की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने कुख्यात गैंगस्टर अमरीश राणा की गिरफ्तारी पर फेसबुक पर पोस्ट साझा की थी। उसने लिखा, लोग फिर से तलवार मांग रहे हैं। अन्य व्यक्ति ने जवाब दिया, इसका इस्तेमाल एक राजनेता पर होगा। पूछे जाने पर कि किस अपराध के लिए? तो व्यक्ति ने कहा, केवल उपमुख्यमंत्री और विधायक राकेश कालिया ही जानेंगे। शिकायतकर्ता अरुण ने हरोली थाने में मामला दर्ज कराया है।

#### सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक महिला नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमाटोला और कलपर गांव के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। छोटेबेठिया क्षेत्र के कोटरी नदी के किनारे आमाटोला और कलपर गांव के जंगल में नक्सलियों की सूचना पर अभियान चलाया गया था।

#### मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सभी गिरफ्तारियां इंफाल पश्चिम, टेंग्नौपाल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों से की गईं।


# सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसीयू के बेंगलुरु परिसर के उद्घाटन के दौरान की सरकार की सराहना

**बेंगलुरु, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जनता के सामने आने वाले स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान देने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के समग्र दृष्टिकोण के लिए उनकी सराहना की।

शाह ने अदिचुन्चानागिरी विवि (एसीयू) के बेंगलुरु परिसर का उद्घाटन करने के बाद कहा, प्रधानमंत्री ने गुजरात में कहा था कि गरीबी का सबसे बड़ा मुद्दा बीमारी और इलाज का खर्च है, प्रशासन को गरीबों की बीमारी के इलाज का इंतजाम करना होता है। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराकर इस सपने को पूरा किया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट, योग दिवस, मिशन इंद्रधनुष और पोषण अभियान, आयुष्मान भारत, भारतीय जन औषधि परियोजना तथा 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाने जैसी पहल की। शाह ने कहा कि देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के प्रयास हुए हैं। 2014 में देश में 7 एम्स थे, आज 23 हैं, वहीं मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है। 2014 में 51,000 एमबीबीएस सीट थीं, आज 1,18,000 है, पीजी सीट की संख्या पहले 31,000 थी, जो आज 74,000 है। केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी तथा रेल राज्य मंत्री मंत्री वी सोमन्ना तथा अदिचुन्चानागिरी मठ के निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी मौजूद थे।



बेंगलुरु के कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य।

### सहकारिता की असमान वृद्धि को समान रूप देने की मंशा

**मुंबई।** केंद्रीय सहकारिता मंत्री शाह ने कहा कि देश में सहकारिता क्षेत्र में वृद्धि असमान रही है और सरकार का इरादा इसे समान रूप देने का है। शाह ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) के सम्मेलन में कहा कि सहकारिता क्षेत्र केवल देश के पश्चिमी भागों में ही स्थिर रहा जबकि उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में यह कमजोर रहा। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद इस क्षेत्र की वृद्धि को एकसमान रूप देना है। सहकारी क्षेत्र सीमित पूंजी के साथ अधिक लाभ प्रदान करके अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। शाह ने कहा कि हम देश में सभी स्तरों पर सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करके इसकी प्रगति करेंगे। शाह ने कहा कि जीडीपी देश की वृद्धि का एकमात्र मापदंड नहीं है। सहकारी क्षेत्र कम पूंजी में अधिक लाभ और रोजगार के अवसर प्रदान करके वृद्धि एवं अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।

# चुनौती न मिलने पर चुनावी वीडियो कर दें नष्ट : ईसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आयोग ने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को दिया निर्देश
- डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने की आशंका जताई

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने अपने इलेक्ट्रॉनिक डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए किए जाने की आशंका पर अपने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि 45 दिन में चुनाव को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती तो वे सीसीटीवी कैमरा, वेबकास्टिंग और चुनाव प्रक्रिया के वीडियो फुटेज को नष्ट कर दें।

30 मई को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि उसने चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई रिकॉर्डिंग उपकरणों के साथ ही फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी और वेबकास्टिंग के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को रिकॉर्ड करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि हालांकि चुनावी कानून के तहत इस तरह की रिकॉर्डिंग अनिवार्य नहीं होती, लेकिन आयोग चुनावी प्रक्रिया के कई चरणों के दौरान आंतरिक प्रबंधन उपकरण के रूप में उनका उपयोग करता है। आयोग ने कहा, सोशल मीडिया पर गलत सूचना और दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए इस रिकॉर्डिंग का हाल ही में दुरुपयोग किया गया है। ऐसी सामग्री का चुनिंदा तरीके से और संदर्भ से परे उपयोग किया गया है। सभी प्रक्रियाओं की फोटोग्राफी 45 दिन के लिए संरक्षित की जाएगी।

# वकील को समन भेजकर ईडी ने पूछा अपने मुवक्किल को क्या सलाह दी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एससीएओआरए ने सीजेआई से किया स्वत: संज्ञान लेने का आग्रह

सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) ने सीजेआई बीआर गवई से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप वेणुगोपाल को ईडी के समन पर स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। वेणुगोपाल को यह समन एक मुवक्किल को दी गई कानूनी सलाह के संबंध में जारी किया गया है।

एसोसिएशन ने चिंता जताई है कि इस तरह की कार्रवाई से कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। मुवक्किलों को दी गई पेशेवर राय के लिए अधिवक्ताओं को समन भेजना कानूनी प्रणाली के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करता है। ईडी ने 18 जून को वेणुगोपाल को समन जारी किया था, जिसमें रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की पूर्व चेयरपर्सन डॉ. रश्मि सलूजा को दिए गए कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजनाओं के संबंध में मेसर्स केयर हेल्थ इंश्योरेंस को उनकी कानूनी सलाह से संबंधित दस्तावेज की जानकारी मांगी गई थी। समन में सीएचआईएल, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज या उनकी संबद्ध संस्थाओं की ओर से कानूनी सेवाओं के लिए किए भुगतान का विवरण मांगा गया है। वेणुगोपाल को 27 जून को मुंबई में ईडी के सहायक निदेशक के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

# भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि लोग सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह टिप्पणी गृह मंत्री अमित शाह के एक कथित बयान के एक दिन बाद की। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी एक्स पर पोस्ट कर की है। राहुल गांधी ने कहा, आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। देश की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है। हमें हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है।



### बारिश बनी मुसीबत



झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में भारी बारिश के बाद जलभराव होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस दौरान हुए जलभराव के बीच लोगों को नाव के जरिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। एजेंसी

# एअर इंडिया ने 4 अंतर्राष्ट्रीय समेत 8 उड़ानें कीं रद्द

**मुंबई, एजेंसी**

एअर इंडिया ने रखरखाव और परिचालन संबंधी कारणों से चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित आठ उड़ान शुक्रवार को रद्द कर दीं। एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाने के लिए उसकी टीम वैकल्पिक व्यवस्था कर रही हैं।

विमानन कंपनी ने कहा कि उसने यात्रियों को टिकट रद्द कराने पर पूरा पैसा लौटाने या पूरक व्यवस्था की पेशकश भी की है। जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द किया गया है, उनमें दुबई से चेन्नई के लिए एआई906, दिल्ली से मेलबर्न के लिए एआई308, मेलबर्न से दिल्ली के लिए एआई309 और दुबई से हैदराबाद के लिए एआई2204 शामिल हैं। एअर इंडिया ने कहा कि चार घरेलू उड़ानें - पुणे से दिल्ली के लिए एआई874, अहमदाबाद से दिल्ली के लिए एआई456, हैदराबाद से मुंबई के लिए एआई-2872 और चेन्नई से मुंबई के लिए एआई571 - रद्द कर दी गई हैं।



### विमान हादसा

#### 220 की शिनाख्त, 202 शव परिजनों को सौंपे गए

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के एक सप्ताह से अधिक समय बाद अब तक डीएनए मिलान के जरिये 220 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 202 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री और राज्य सरकार के प्रवक्ता ऋषिकेश पटेल ने एक्स पर कहा कि इन 202 लोगों में 160 भारतीय, 7 पुर्तगाली, 34 ब्रिटिश और एक कनाडाई नागरिक के शव हैं। 15 मृतकों के शवों को हवाई मार्ग से उनके मूल स्थानों को भेज दिया गया है, वहीं 187 लोगों की पार्थिव देह को सड़क मार्ग से भेजा गया।

#### गड़बड़ी का पता लगने पर मदुरै जा रहा विमान चेन्नई लौटा

**चेन्नई।** मदुरै जा रहे निजी विमानन कंपनी के विमान में शुक्रवार को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद उसे वापस यहां लाया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों और कंपनी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आधे घंटे की उड़ान के बाद पायलट को गड़बड़ी का पता चला और उसने चेन्नई वापस आने की अनुमति मांगी। विमान में 68 यात्री थे। विमान यहां सुरक्षित उतरा और सभी यात्रियों को उचित सुरक्षा उपायों के साथ विमान से उतार लिया गया।

# पश्चिम बंगाल में कार-ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत

**पुरुलिया (बंगाल)।** प. बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह ट्रक और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के बलरामपुर पुलिस थाने के अंतर्गत नामशोल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई।

बलरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी सौम्यदीप मलिक ने बताया, राजमार्ग पर एसयूवी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार पहिया वाहन में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गयी। हादसे में जान गंवाने वाले लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। वे पुरुलिया में बड़ाबाजार पुलिस थाना क्षेत्र के तहत अदाबना गांव से पड़ोसी झारखंड राज्य के नीमडीह पुलिस थाना क्षेत्र के तिलेटांड में जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एसयूवी के परखच्चे उड़ गए। लोग और आपात कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे।

# द्रमुक नेता दयानिधि ने भाई कलानिधि पर लगाया वित्तीय अपराध का आरोप

**चेन्नई, एजेंसी**

- दयानिधि ने कहा- सन टीवी एवं कंपनियों की शेयरधारिता को बहाल करें या कानूनी कार्रवाई को तैयार रहें

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता एवं लोकसभा सदस्य दयानिधि मारन ने अपने भाई कलानिधि मारन पर वित्तीय अपराध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह सन टीवी एवं संबंधित कंपनियों की पूरी शेयरधारिता को उनकी मूल स्थिति में बहाल करें या कानूनी एवं नियामक की कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें।

दयानिधि मारन ने कानूनी नोटिस में आरोप लगाया है, कलानिधि और आपके सहयोगियों ने अपने पेशेवर दायित्वों का जानबूझकर दुरुपयोग कर कई सुनियोजित और समन्वित वित्तीय अपराध किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के कृत्य उच्चतम स्तर के सफेदपोश अपराध हैं और इनसे संबंधित कंपनियों के वैध हितधारकों को अपूरणीय नुकसान हुआ है। यह कानूनी नोटिस कलानिधि मारन एवं उनकी पत्नी कावेरी कलानिधि और छह अन्य लोगों को भेजा गया। नोटिस के अनुसार, ये लोग कलानिधि और उनकी पत्नी के करीबी हैं। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा, लेखों में दिए बयान गलत, भ्रामक, अटकलबाजी वाले, मानहानिकारक हैं और तथ्यों या कानून द्वारा समर्थित नहीं हैं।



शुभमन गिल।

# जायसवाल के शतक से चाय तक दो विकेट पर 215 रन बने

## पहले टेस्ट मैच के पहले दिन भारत की शानदार शुरुआत, कप्तान शुभमन गिल 89 रन बनाकर क्रीज पर डटे

लीड्स, एजेंसी

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी



भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शानदार शतक और कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन चाय ब्रेक तक दो विकेट पर 215 रन बना लिए। दोनों बल्लेबाज एक दूसरे से अलग अंदाज में खेले लेकिन दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए नाबाद 123 रन की साझेदारी निभा ली है। जायसवाल (नाबाद 100 रन) ने अपना पांचवां शतक पूरा करने के लिए 144 गेंद में 16 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि गिल 74 गेंद में 58 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। गिल ने 56 गेंद में अपना आठवां अर्धशतक बनाया। यह भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का पहला अर्धशतक है। भारत ने दूसरे सत्र में एक भी विकेट नहीं गंवाया। लंच से तुंरत पहले केएल राहुल (42 रन) और पदार्पण करने वाले बी साई सुदर्शन के विकेट गिरे। सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके। जायसवाल ने संयमित होकर बल्लेबाजी की, विशेषकर ऑफ स्टंप के बाहर जबकि वह सामान्यतः गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। हाल में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते बाएं हाथ के इस 23 वर्षीय बल्लेबाज ने जो गलतियां की थीं, उन्हें इस पारी में नहीं दोहराया। हालांकि कुछ मदद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भी की जो सही लाइन और लेंथ पाने में संघर्ष करते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने के पूरे मौके मिले। इस सयंमित पारी के दौरान भी जायसवाल ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए। उन्होंने तेज गेंदबाज जोश टंग की गेंद पर एक बेहतरीन ऑफ-ड्राइव शॉट लगाया और इसी गेंदबाज की गेंद पर एक शानदार छक्का जड़ा। वहीं गिल बल्लेबाजी की सामान्य रणनीति पर अडिग रहे, उन्होंने ऑन-साइड पर और ऑफ-साइड पर शानदार शॉट लगाए। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने क्रिस वोक्स की गेंद पर ऑफ-ड्राइव के बाद एक और शॉट लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जायसवाल ने जल्द ही ब्रायडन कार्स की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया और हवा में उछलकर इसका जश्न मनाया। इससे पहले उन्होंने इस गेंदबाज पर प्वाइंट और कवर पर लगातार चौके लगाए। सुबह के सत्र में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (42 रन) और जायसवाल ने इंग्लैंड के आक्रमण का डटकर सामना करते हुए पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत कराई। पर पहले सत्र के अंतिम क्षण में राहुल के आउट होने के बाद पदार्पण कर रहे सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके।

### इंग्लैंड ने पिच को देखकर गेंदबाजी का किया फैसला

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने हेंडिग्ले की पिच को देखकर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यह पिच पिछले एक दशक में बल्लेबाजों के लिए मददगार बन गई है और इसकी झलक पहले ही सत्र में दिखी। तेज गेंदबाजों के लिए पिच में 'मूवमेंट' और स्विंग दिख रहा था। लेकिन भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने सुबह अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की कमी दिख रही थी जिससे वे भारतीय बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके। इंग्लैंड के गेंदबाज स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और क्रिस वोक्स ने राहुल और जायसवाल को बहुत ज्यादा फुल लेंथ गेंदबाजी की जिससे उन्होंने कुछ आसान 'सिंगल' रन चुराए।

**209** कैच लेकर जो रूट अब पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के टेस्ट क्रिकेट में 210 कैच के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक कैच दूर हैं।

**101** रन
**159** गेंद
**16** चौके
**01** छक्का
यशस्वी जायसवाल।

### विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की याद में भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों ने मौन रखा

**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों और मैदानी अंपायरों ने यहां पहले टेस्ट से पूर्व अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा। 14 जून को एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 241 यात्री और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई थी। भारत के उपकप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को मीडिया से कहा था विमान (दुर्घटना) में जो कुछ हुआ, उससे पूरा भारत निराश है, लेकिन हम अपनी तरफ से सिर्फ यही कर सकते हैं कि हम भारत को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं।



## एक नजर



नॉटिंघम ओपन के पांचवें दिन मैग्डा लिनेट के खिलाफ एक्शन में क्लारा टॉसन। ● एजेंसी

### बुब्लिक ने सिनर को हराकर हाले ओपन में किया उलटफेर

**बर्लिन :** कजाकिस्तान के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक ने हाले ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को हराकर टूर्नामेंट अगले दौर में जगह बना ली है। गत चैंपियन सिनर गुरुवार को कजाकिस्तान के बुब्लिक से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। अगस्त 2023 के बाद रैंकिंग के हिसाब से सिनर की यह बहुत बड़ी हार है। अगस्त 2024 के बाद से यह पहली बार है जब सिनर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी से हारे हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ को भी ग्रास-कोर्ट सीजन के अपने पहले मैच में आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, बर्लिन ओपन में उन्हें चीन की वांग जिन्यू से 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

### होटल प्लानर टूर पर सप्तक तलवार 18वें स्थान पर

**प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस) :** भारत के सप्तक तलवार ने होटल प्लानर टूर के गोल्फ टूर्नामेंट के पहले राउंड में अंडर 69 का कार्ड खेला और पहले दिन के बाद वह संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। तलवार ने अपना राउंड पहले नौ होल से शुरू किया जिसमें उन्होंने एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कीं। बैक नाइन में उन्होंने 11वें तथा 14वें होल पर शॉट लगाकर दिन का अंत एक अंडर पर किया। मैक्स कैनेडी ने 10 अंडर 60 का स्कोर बनाकर कोर्स रिकार्ड बनाया।

### अजितेष संधू मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ में 13वें स्थान पर

**मराकेश :** भारत के अजितेष संधू मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन बोगीरहित प्रदर्शन करके चार अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त 13वें स्थान पर हैं। संधू ने पहले नौ होल में सिर्फ एक बर्डी लगाया लेकिन इसके बाद चार बर्डी लगाए। भारत के आठ गोल्फर इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं जिनमे से करणदीप कोचर संयुक्त 26वें, खालिन जोशी संयुक्त 32वें और अर्जुन शर्मा संयुक्त 63वें स्थान पर हैं। राहिल गंगजी संयुक्त 78वें, एस चिक्कारंगप्पा और अमन राज संयुक्त 93वें और पुखराज सिंह गिल संयुक्त 106वें स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद थाईलैंड के वारान्यु रत्तनाफिबूंकिज ने बढत बना ली है।

### बोटाफोगो ने यूरोपीय चैंपियन पीएसजी को हराया

**पासाडेना (अमेरिका) :** बोटाफोगो ने क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में चैंपियंस लीग विजेता पेरिस सेंट जर्मन (पीएसजी) को 1-0 से हराकर उलटफेर किया। पीएसजी की टीम पहली बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने के बाद उत्साह से भरी थी और उसने क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से पराजित करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। लेकिन गुरुवार की रात को खेले गए मैच में दक्षिण अमेरिकी चैंपियन बोटाफोगो के सामने उसकी एक नहीं चली।

## राहुल के साथ खेलना बहुत सुकून देने वाला है : नायर

लीड्स, एजेंसी



लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बचपन के साथी केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी से उन्हें सहज रहने में मदद मिली और वह आठ साल बाद मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला करुण के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका है। वह कई साल पहले टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे।

नायर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी किए गए वीडियो में कहा मैं चीजों को बहुत सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं, हमेशा सकारात्मक चीजों के बारे में सोचता हूं, मन में कुछ लक्ष्य रखता हूं, चीजों की कल्पना करता हूं और जो कल्पना करता हूं उस पर पूरा विश्वास रखता हूं। उन्होंने कहा राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना भी बहुत सुकून देने वाला है। हम बचपन से एक दूसरे के साथ खेलते रहे हैं। करुण और राहुल दोनों की उम्र 33 साल है। वे एक साथ आयु वर्ग क्रिकेट खेल चुके हैं और तब से घनिष्ठ मित्र हैं। उन्होंने कहा जीवन अपना एक चक्र पूरा कर चुका है, क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापसी कर रहा हूं। मैं लंबे समय तक टीम से बाहर रहा और इसे मैं आत्मसात करता हूं। उन्हें 2017 में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने कहा टीम से बाहर होने के बाद जब मैं अगली सुबह उठा तो मेरे मन में पहला विचार यही आया कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे प्रेरित करती रही।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण

**नयी दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत ने शुक्रवार को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया। आज यहां आयोजित एक समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर कंगना रनौत ने 27 सितंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया गया।

इस अवसर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल भारत की खेल शक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि पैरा खिलाड़ियों के अदम्य साहस, जज़्बे और जुझारूपन का महोत्सव है।

## भारी पड़ सकती है अनुभवहीनता

लीड्स, एजेंसी



मैथ्यू हेडन।

● **मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ ने कहा भारतीय टीम को इंग्लैंड की पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा**

अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है और उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा। हेडन ने आईसीसी से कहा मुझे लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा।

शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा कड़ी अग्नि परीक्षा होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए यहां की परिस्थितियां पूरी तरह से विपरीत होती हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है और ऐसे में जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ पड़ेगा। स्मिथ ने कहा इंग्लैंड अपने घरेलू मैदानों पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करता है।

### लाबुशेन टीम से और स्मिथ पहले टेस्ट से बाहर

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) :** पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है जबकि स्टीव स्मिथ भी चोटिन होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से होने वाली श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि स्मिथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर रहेंगे, क्योंकि पिछले सप्ताहांत लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्हें उंगली में चोट लगी थी। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए फिट होने की उम्मीद है। बल्लेबाज सैम कोंस्टास और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को स्मिथ और मार्नस लाबुशेन की जगह टीम में शामिल किया गया है।

## भारतीय तीरंदाजों ने नौ पदक जीते

सिंगापुर, एजेंसी



● **जूनियर तीरंदाजी के एशिया कप में भारतीय टीम को रजत पदक से करना पड़ा संतोष**

भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था, लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे।

भारतीय खिलाड़ी जिस तरह से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व तीरंदाज खाली हाथ लौटे। क्वालिफिकेशन राउंड के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम फाइनल में जापान के खिलाफ आसानी से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही। चौधरी और वैष्णवी पवार की चौथी वरीयता प्राप्त टीम इंडोनेशिया के खिलाफ पूरे मुकाबले में गलतियां करती रही। यदि रिकर्व वर्ग के परिणाम निराशाजनक थे, तो कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत प्रदान की।

## मेसी ने फ्री किक पर गोल करके इंटर मियामी को जीत दिलाई

**अटलांटा (अमेरिका) :** स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया, जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की।

इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है।

इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।



इंटर मियामी के लियोनेल मेस्सी (दाएं) अटलांटा में इंटर मियामी और एफसी पोर्टो के बीच क्लब विश्व कप ग्रुप ए फुटबॉल मैच में दूसरा गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

## डोपिंग में भारत में पॉजीटिव मामलों की दर सबसे ज्यादा

**नई दिल्ली :** भारत में डोपिंग की समस्या एक बार फिर सामने आ गई, जब विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के 2023 के परीक्षण आंकड़ों में भारत 5,000 या इससे अधिक नमूनों का विश्लेषण करने वाले देशों में शीर्ष पर रहा। हालांकि खेल मंत्रालय ने युद्धस्तर पर इससे निपटने और वाडा की आपत्तियों के समाधान के बाद संशोधित डोपिंग रोधी अधिनियम जल्दी लाने का वादा किया है।

प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन में पॉजीटिव पाए जाने की भारत की दर 3.8 प्रतिशत रही और 5606 नमूनों से 214 प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष (एएएफ) मिले। नमूनों की संख्या 2022 से काफी अधिक थी जब 3865 परीक्षणों की 3.2 प्रतिशत एएएफ दर थी। इन 5606 टेस्ट में से 2748 प्रतिस्पर्धा के दौरान किये गए। भारत के पॉजीटिव नतीजों की दर चीन (28197 नमूने, 0.2 प्रतिशत एएएफ दर), अमेरिका (6798 नमूने, 1.0 प्रतिशत एएएफ दर), फ्रांस (11368 नमूने, 0.9 प्रतिशत एएएफ दर) और रूस (10395 नमूने, 1.0 एएएफ दर) से अधिक है। भारत के 214 के मुकाबले एएएफ में फ्रांस (105), रूस (99), अमेरिका (66), चीन (60) और जर्मनी (57) पीछे रहे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा डोपिंग किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है।

## जीत के साथ विदा लेना चाहेगी भारतीय हॉकी टीमें

प्रो लीग

● **विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का टूट चुका है सपना**

● **शनिवार और रविवार को तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी**

एंटवर्प, एजेंसी

एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार छह हार के बाद अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का सपना टूट ही चुका है लिहाजा भारतीय हॉकी टीम अब बेल्जियम के खिलाफ बाकी दो मैचों में जीत दर्ज करके प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश में होगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार और रविवार को दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी।

इस साल की शुरुआत में भुवनेश्वर चरण में अच्छे प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरुष टीम काफी उम्मीदों के साथ यूरोप गई थी, लेकिन अभी तक एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। इन पराजयों के बाद टीम तीसरे से आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि कुल नौ टीमें ही तालिका में हैं। प्रो लीग के विजेता को अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। नीदरलैंड के खिलाफ भारत को 1.2 और 2.3 से पराजय मिली जबकि अर्जेंटीना ने उसे 3.2 और 2.1 से और आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 3.2 से हराया। ऐसा नहीं है कि भारतीय टीम ने यूरोप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की आदत का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा है।



भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)


### महिला टीम भी लगातार चार मैच हारी

**एंटवर्प :** भारतीय महिला टीम को भी लंदन में लगातार चार मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसे आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 2.1 से जबकि अर्जेंटीना ने 4.1 और 2.0 से हराया। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हालांकि टीम ने तेज रफ्तार आक्रामक हॉकी खेली लेकिन पेनल्टी कॉर्नर कमजोर रहा। महिला टीम भी शनिवार और रविवार को बेल्जियम से खेलेगी तो उसकी नजरें यूरोप चरण में पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी। भारतीय महिला टीम इस समय नौ टीमों में सातवें स्थान पर है।

### खिलाड़ियों को प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता

**नई दिल्ली :** भारतीय हॉकी को आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25,000 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता (आउट आफ पॉकेट अलाउंस) देने को मंजूरी दी है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बृहस्पतिवार को हुई 156वीं बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया गया। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था जिसे मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरूष और 40 महिला) को प्रतिमाह 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट' भत्ता (ओपीए) दिया जाएगा।

## योग का अनूठा संगम



भारत के साथ-साथ दुनियाभर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आगरा में शुक्रवार को ताजमहल के पीछे दशहरा घाट पर योग करती महिलाएं। एजेंसी

# तकनीक बढ़ी तो बढ़ा साइबर क्राइम

कुछ हट के

साइबर अपराध एक सामान्य शब्द है जो कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों के माध्यम से आपराधिक गतिविधियों का वर्णन करता है। साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले, कई अन्य शामिल हैं। अपराधी, पीड़ित और तकनीकी अवसंरचना दुनिया भर में फैली हुई है। व्यक्तिगत और उद्यम स्तर पर सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ, साइबर अपराध कई रूप लेता है और लगातार विकसित होता रहता है। साइबर अपराध व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा है और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और रिकॉर्ड से समझौता हो सकता है। आगे बढ़ती तकनीक से अधिक लोग मानक संचालन के लिए डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क पर निर्भर होते है। ऐसे में साइबर अपराध का खतरा भी बढ़ता है, जिससे इससे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।



### ऐसे करें साइबर अपराधों से बचाव

- **ईमेल सुरक्षा समाधान** : ईमेल खाते साइबर हमलावरों के लिए सॉफ्ट टार्गेट होते हैं , इसलिए ईमेल एन्क्रिप्शन, स्पैम फिल्टर और एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना चाहिए, जो ईमेल सामग्री को अवरोधन से बचाती है।
- **पासवर्ड प्रबंधक** : साइबर अपराधी अक्सर पासवर्ड पर हमला करते हैं। इसलिए मजबूत पासवर्ड जरूरी है जो अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है।

**सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण** : सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण उपयोगकर्ताओं को साइबर हमलों के खतरे को बेहतर ढंग से पहचानने, उनसे बचने और उन्हें कम करने के तरीके के बारे में शिक्षित करने में मदद करना है।

### अपराध के प्रकार और उदाहरण

- **सोशल मीडिया धोखाधड़ी** : काल्पनिक ऑनलाइन स्टोर, कैटफिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग हमले या प्रतिरूपण घोटाले शामिल हैं। सोशल मीडिया धोखाधड़ी अक्सर उपयोगकर्ता के भरोसे, भोलेपन और व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन साझा करने की प्रवृत्ति का फायदा उठाती है।
- **ईमेल घोटाले** : भ्रामक योजनाएं जो कई रूप लेती हैं। नकली ईमेल प्राप्तकर्ताओं को गुमराह करते हैं, जबकि सोशल इंजीनियरिंग तकनीकें लोगों को क्रेडिट कार्ड नंबर जैसी जानकारी का खुलासा करने या हमलावर को पैसे ट्रांसफर करने के लिए धोखा देती हैं।
- **बैंकिंग धोखाधड़ी** : धोखाधड़ी वाली गतिविधियां जो वित्तीय संस्थानों या उनके ग्राहकों और हितधारकों को लक्षित करती हैं। उदाहरणों में क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, एटीएम स्किमिंग और ऑनलाइन बैंकिंग घोटाले शामिल हैं।
- **ई-कॉमर्स धोखाधड़ी** : ऑनलाइन शॉपिंग तकनीक की कमजोरियों और नुकसानों का फायदा उठाने वाले विस्तृत उपभोक्ता घोटाले, जैसे कि कृत्रिम या मनगढ़ंत ऑनलाइन स्टोर, नकली विक्रेता खाते या क्रेडिट कार्ड की जानकारी की चोरी। ईकॉमर्स धोखाधड़ी के मामलों में उपभोक्ताओं और ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं दोनों को वित्तीय नुकसान होता है।

## एक नजर

### असाध्य रोगियों को जीवन समाप्त करने की अनुमति संबंधी विधेयक का समर्थन

**लंदन।** ब्रिटेन के सांसदों ने शुक्रवार को संसद में ऐतिहासिक मतदान के माध्यम से एक विधेयक का समर्थन किया, जिसके तहत इंग्लैंड और वेल्स में असाध्य रूप से बीमार वयस्कों को अपना जीवन समाप्त करने का विकल्प चुनने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बनने के और करीब पहुंच गया है। संसद सदस्यों ने बहस के बाद असाध्य रूप से बीमार वयस्कों (जीवन का अंत) विधेयक पर मतदान किया। इसके पक्ष में 314 और विपक्ष में 291 मत पड़े। यह विधेयक अब 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' के पास जाएगा, जो नीति में संशोधन कर सकता है या विलंब कर सकता है, हालांकि वह निचले सदन के फैसले को पलट नहीं सकता।

### नाइजर में 34 सैनिकों की हत्या की, 14 घायल

**डकार (सेनेगल)।** माली और बुर्किना फासो से लगी सीमा के पास पश्चिमी नाइजर में सशस्त्र लोगों ने 34 सैनिकों की हत्या कर दी और 14 अन्य को घायल कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह हमला बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे बानीबांगौ में हुआ। हमलावर आठ वाहनों और 200 से अधिक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। सरकार ने कहा कि सुरक्षाबलों ने दर्जनों हमलावरों को मार गिराया है। अन्य हमलावरों को खोजने के लिए जमीन और हवा से तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

### एर्दोआन ने मिसाइल उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया

**अंकारा।** इजराइल-ईरान युद्ध के और भीषण होने के बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा है कि वह देश की प्रतिरोधक क्षमताओं को मजबूत करने की योजना बना रहे हैं ताकि कोई भी देश हमला करने की हिम्मत न कर सके। एर्दोआन ने इस सप्ताह मध्यम और लंबी दूरी की मिसाइलों के उत्पादन को बढ़ाने की योजना की घोषणा की। तुर्किये के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, एर्दोआन ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से टेलीफोन पर हुई बातचीत में ईरान-इजराइल युद्ध पर चर्चा की। उन्होंने मर्ज से कहा कि ईरान से संबंधित परमाणु मुद्दे का समाधान केवल बातचीत के जरिए हो सकता है।

# हमलों के बीच इजराइल और ईरान संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू

## ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला करने का विचार कर रहा अमेरिका

- दोनों देशों ने एक दूसरे पर बरसाए बम

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को भी दोनों देशों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर युद्ध में सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं जबकि दूसरी ओर संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू होते दिख रहे हैं। ट्रंप इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला किया जाए जो एक पहाड़ के नीचे स्थित है और इसे व्यापक रूप से पहुंच से बाहर बताया जाता है लेकिन अमेरिका के बंकर बस्टर बम उसे नष्ट कर सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि वह अगले दो सप्ताह के भीतर यह निर्णय लेंगे कि ईरान पर हमला करना है या नहीं। उन्हें अब भी इस बात की 'पर्याप्त' संभावना दिखती है कि वार्ता के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और इजराइल की मांगें पूरी हो सकती हैं। ईरान के विदेश मंत्री ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों तथा यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक के साथ बैठक के लिए जिनेवा जा रहे हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी विदेशमंत्री रुबियो व दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की और ऐसे समझौते की संभावना पर चर्चा की जिससे संघर्ष कम हो सकता है। इजराइल ने कहा कि उसने ईरान में हवाई हमले किए, जिसमें 60 से अधिक विमानों ने मिसाइलों के निर्माण से जुड़े औद्योगिक स्थलों को निशाना बनाया।



इजराइल के बीरशेबा में ईरान से दागी गई मिसाइल की चपेट में आने के बाद एक इमारत से उठता धुआं।

### इजराइल के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थान पर भी हमला

**रेहोवोत (इजराइल)।** इजराइल वर्षों से ईरान के परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाता रहा है ताकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ने से रोका जा सके लेकिन अब दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष में इजराइल के वैज्ञानिक भी निशाने पर आ गए हैं। दोनों ओर से जारी हमलों के बीच ईरान की मिसाइल ने इजराइल के ऐसे प्रमुख शोध संस्थान पर हमला किया है जो जीवन विज्ञान और भौतिकी समेत विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अपने काम के लिए जाना जाता है। वीजमैन विज्ञान संस्थान पर रविवार तड़के हुए हमले में हालांकि किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन इससे परिसर में स्थित कई प्रयोगशालाओं को भारी क्षति पहुंची है जिससे वर्षों से जारी शोध कार्य प्रभावित हुए हैं और इजराइली वैज्ञानिकों को यह भयावह संदेश गया है कि ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष में अब वे एवं उनके शोध कार्य भी निशाने पर आ गए हैं।

### हवाई, जमीनी व समुद्री मार्ग से अपने-अपने देश लौट रहे हैं विदेशी

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर के देश इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने पर दोनों देशों से हवाई, जमीनी और समुद्री मार्ग से अपने नागरिकों को निकाल रहे हैं। दोनों देशों के कई दिनों से किए जा रहे हमलों और बदले की कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है जिससे वाणिज्यिक उड़ानें बुरी तरह बाधित हुई हैं और लोग इस क्षेत्र से आसानी से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। कुछ सरकारें अपने नागरिकों को सड़क मार्ग से उन देशों तक पहुंचाने के लिए भूमि सीमाओं का इस्तेमाल कर रही हैं, जहां हवाई अड्डे खुले हैं। पिछले हफ्ते संघर्ष शुरू होने के बाद से हजारों विदेशी पहले ही अपने-अपने देश लौट चुके हैं। बुल्गारिया ने तेहरान से अपने सभी राजनयिकों को अजरबैजान की राजधानी बाकू भेज दिया है। बुल्गारिया के प्रधानमंत्री रोजन झेलयाझकोव ने कहा, हम दूतावास बंद नहीं कर रहे हैं लेकिन खतरा टलने तक इसे बाकू स्थानांतरित कर रहे हैं।

# सीमा पार कर ताइवान में घुसे चीन के लड़ाकू विमान

- चीन के 74 लड़ाकू विमानों में से 61 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया

ताइपे (ताइवान), एजेंसी



चीन ने गुरुवार देर रात और शुक्रवार सुबह ताइवान की ओर 74 लड़ाकू विमान भेजे, जिनमें से 61 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य में मध्य रेखा को पार किया। यह चीन और ताइवान के बीच अनौपचारिक विभाजन रेखा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह के बीच इतने सारे विमान क्यों भेजे गए। उसने बताया कि विमानों को दो अलग-अलग किस्तों में भेजा गया।

चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और वह इस तरह की तैनाती का इस्तेमाल स्वशासित द्वीप को घेरने और संभवतः उस पर हमले की धमकी देने के लिए करता है। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को ब्रिटिश रॉयल नेवी के अपतटीय गश्ती जहाज 'एचएमएस स्पी' के एकदिन पहले ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरने की पुष्टि करते हुए उसका स्वागत किया था। मंत्रालय ने कहा, एक बार फिर यह जलडमरूमध्य के अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के दर्जे की पुष्टि करता है। ताइपे में ब्रिटेन के प्रतिनिधित्व कार्यालय ने एक बयान में कहा कि स्पी ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत प्रदत्त अधिकारों के अनुसार ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन किया था।

चीन ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जन मुक्ति सेना (पीएलए) की पूर्वी थियेटर कमान ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की और सुरक्षा तथा प्रभावी ढंग से इसका जवाब देने के लिए सैनिकों को संगठित किया। पूर्वी थियेटर कमान ने एक बयान में कहा कि ब्रिटिश जहाज की कार्रवाई ने जानबूझकर स्थिति को बिगाड़ा और ताइवान जलडमरूमध्य की शांति एवं स्थिरता को कमजोर किया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चीन द्वारा ताइवान में बड़ी संख्या में भेजे गए इन विमानों का संबंध ब्रिटिश जहाज के ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन से है या नहीं।

# तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा कार्बन बजट

नई दिल्ली, एजेंसी



- वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री से. तक सीमित रखने का लक्ष्य, वैज्ञानिकों के अंतर्राष्ट्रीय समूह ने जताई चिंता

वैज्ञानिकों के एक अंतर्राष्ट्रीय समूह के अनुसार, अगर दुनिया में वर्तमान दर से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन होता रहा, तो वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का कार्बन बजट तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा। कार्बन बजट से तात्पर्य कार्बन डाइऑक्साइड की कुल मात्रा से है जिसे ग्रह उत्सर्जित कर सकता है। फिलहाल तापमान एक निश्चित सीमा से नीचे रहने की अच्छी संभावना है।

2015 में हुए पेरिस जलवायु सम्मेलन में कार्बन उत्सर्जन की सीमा 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने पर सहमति व्यक्त की गई थी। कार्बन बजट पार करने का मतलब यह नहीं है कि 1.5 डिग्री की सीमा तुरंत पार हो जाएगी। इसका मतलब है कि अगर उत्सर्जन में भारी कटौती नहीं की गई तो दुनिया बहुत जल्द कार्बन बजट पार कर जाएगी। अर्थ सिस्टम साइंस डेटा पत्रिका में प्रकाशित नवीनतम वैश्विक जलवायु परिवर्तन संकेतक अध्ययन में यह भी पाया कि यदि कार्बन उत्सर्जन वर्तमान स्तर पर रहा तो 2048 तक 2 डिग्री सेल्सियस का कार्बन बजट पार हो सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि मानवीय गतिविधियों के कारण पिछले एक दशक में हर साल लगभग 53 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में छोड़ा गया है।

# साइबर अपराध में दोषी 85 चीनी नागरिकों को किया निर्वासित

**कोलंबो।** श्रीलंका में साइबर अपराध के मामले में दोषी पाए गए 85 चीनी नागरिकों को देश से निर्वासित कर दिया गया है। कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मध्य प्रांत के कुंदसाले कस्बे में साइबर अपराध गतिविधियों में लिप्त 22 महिलाओं समेत 130 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इन सभी को टेलडेनिया की मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 200 से अधिक मोबाइल फोन, 100 से ज्यादा लैपटॉप और अन्य सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण जब्त किए गए। अदालत के आदेशानुसार, जब्त उपकरणों को कोलंबो स्थित चीनी दूतावास को सौंपा जाएगा। कुल 130 आरोपियों में से 122 को अदालत के आदेश के बाद आव्रजन हिरासत केंद्र में भेजा गया था।

# कीव पर मिसाइल हमले के बाद रूस पर अधिक दबाव बनाने की अपील

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा- इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला

कीव, एजेंसी



यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि कीव के नौ मंजिला अपार्टमेंट पर रूसी मिसाइल हमला इस बात का संकेत है कि युद्धविराम के लिए मास्को पर अधिक दबाव डाले जाने की जरूरत है। कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मंगलवार सुबह कीव पर ड्रोन और मिसाइल से किया गया हमला इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला है।

इस हमले में 28 लोग मारे गए और 142 अन्य घायल हो गए। जेलेंस्की ने राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्रेई यरमक और आंतरिक मंत्री इगोर के साथ गुरुवार सुबह कीव के सोलोमिंस्की जिले में स्थिति इमारत का दौरा किया और वहां हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जेलेंस्की ने कहा यह हमला दुनिया को यह दिखाता है कि कि रूस युद्धविराम को स्वीकार नहीं करता और हत्या का विकल्प चुनता है। उन्होंने साथ ही रूस पर दबाव डालने के लिए तैयार यूक्रेन के सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं जो 24 फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़ा हमला है।

### यूक्रेन के दो शहरों में ड्रोन हमले, एक व्यक्ति की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किये, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने रात में ड्रोन से हमले किये, जिसमें दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा और उत्तरपूर्वी शहर खारकीव को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि 20 से अधिक ड्रोन हमलों में 17 और 12 वर्ष की दो लड़कियों सहित कम से कम 24 नागरिक घायल हो गए।

# ट्रंप को लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड सैनिकों पर नियंत्रण की अनुमति

**एंजिलिस।** अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति ट्रंप को आव्रजन संबंधी मामलों में छापेमारी को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद लॉस एंजिलिस में तैनात किए गए नेशनल गार्ड के सैनिकों पर नियंत्रण बनाए रखने की अनुमति दे दी। इस निर्णय ने अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश के इस फैसले पर रोक लगा दी है कि कैलिफोर्निया के गवर्नर के विरोध के बावजूद सैनिकों को सक्रिय करके ट्रंप ने गैर कानूनी कार्य किया था। यह 1965 के बाद से पहली बार है जब गवर्नर की अनुमति के बिना किसी राष्ट्रपति ने नेशनल गार्ड को तैनात किया है। नाइंथ यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने सर्वसम्मति से निष्कर्ष निकाला कि ट्रंप ने गार्ड पर नियंत्रण को संघीय मामला बनाकर अधिकार का संभवतः विधिसम्मत इस्तेमाल किया था।

# पाकिस्तान में धर्मांतरण के विरोध के बाद तीन हिंदू बहनों को कराया मुक्त

कराची, एजेंसी

- पुलिस ने चारों को सिंध प्रांत के हैदराबाद से कराया मुक्त

पाकिस्तान पुलिस ने सिंध प्रांत में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की तीन लड़कियों और उनके चचेरे भाई को मुक्त करा लिया है। तीनों लड़कियों और उनके भाई का जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था जिसका हिंदू समुदाय की ओर से विरोध किए जाने पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। हिंदू समुदाय ने 16, 19 और 22 वर्ष की तीन बहनों तथा उनके 13 वर्षीय चचेरे भाई की माताओं की अपील पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिन्होंने दावा किया कि उन्हें जबरन इस्लाम कबूल करवाया गया।

पुलिस ने चारों को हैदराबाद से मुक्त कराया। एसएसपी गुलाम नबी कीरियो ने कहा, हमने उनका धर्मांतरण कराने वाले संदिग्ध को भी गिरफ्तार कर लिया है। कीरियो ने बताया कि तीनों बहनें और उनका चचेरा भाई बुधवार सुबह बिना किसी को बताए घर से चले गए थे। कुछ घंटों बाद उनके वीडियो सामने आए, जिसमें चारों यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि उन्होंने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म अपनाया है। कीरियों के मुताबिक वीडियो में तीनों बहनें और चचेरा भाई अपने परिवार पर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप लगाते सुनाई दे रहे थे। इस घटना के बाद उनकी माताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की और कहा कि लड़का सिर्फ 13 साल का है और उसे धर्म की भी समझ नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हिंदू पंचायत और कुछ निर्वाचित नेताओं ने पुलिस से कार्रवाई करने का आग्रह किया।

# मुनीर ने अमेरिका में क्षेत्रीय शांति के प्रति प्रतिबद्धता जताई

पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने अमेरिका में हुईं मुलाकातों के दौरान क्षेत्रीय शांति व स्थिरता और नियमों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जताई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस ने एक बयान में कहा कि मुनीर ने अमेरिकी ट्रंप के साथ मुलाकात के बाद वाशिंगटन डीसी में वरिष्ठ स्कॉलर, विश्लेषकों, नीति विशेषज्ञों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक वार्ता की। मुनीर अमेरिकी वैचारिक समूहों और सामरिक मामलों के संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत से प्रमुख क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर पाकिस्तान के सैद्धांतिक रुख को स्पष्ट करने व पाकिस्तान के सामरिक दृष्टिकोण की समझ को बढ़ाने का अवसर मिला।

**चिंताजनक** — चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट की वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा, 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 % बढ़े

# 2024 के संघर्षों में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल विभिन्न जगहों पर संघर्षों के दौरान बच्चों के खिलाफ हिंसा अभूतपूर्व स्तरों पर पहुंच गई। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा अपराध गाजा और वेस्ट बैंक, कांगो, सोमालिया, नाइजीरिया और हैती में हुए हैं। गुरुवार देर रात जारी चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट नामक वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की तुलना में 2024 में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 प्रतिशत बढ़े हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की इस रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में अपराधों में 21 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि 2024 में बच्चों को निरंतर जारी रही शत्रुता व अंधाधुंध हमलों का खामियाजा भुगतना पड़ा। वे युद्ध विराम और शांति समझौतों की अवहेलना और गहराते मानवीय संकटों से प्रभावित हुए। उन्होंने युद्ध की रणनीतियों का जिक्र किया जिसमें बच्चों पर हमले, आबादी वाले क्षेत्रों में तेजी से विनाशकारी और विस्फोटक हथियारों की तैनाती, और लड़ाई के लिए बच्चों का व्यवस्थित शोषण शामिल है। संयुक्त राष्ट्र ने बच्चों के खिलाफ 41,370 घोर अपराधों की पुष्टि की है, इनमें से 36,221 अपराध 2024 में और 5,149 उससे पहले किए गए थे, लेकिन ये पिछले साल सत्यापित किए गए। इन अपराधों में बच्चों की हत्या, उन्हें अपंग बनाना, अपहरण, यौन हिंसा, स्कूलों और अस्पतालों पर हमला और युवाओं को मानवीय सहायता तक पहुंच से वंचित करना शामिल है। इजराइली सेना को दूसरे वर्ष भी बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाले देशों की काली सूची में रखा है।

### बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध : गुतारेस

गुतारेस ने कहा कि वह कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों और इजराइल में बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध हैं और अपराधों में वृद्धि, विशेष रूप से इजराइली बलों द्वारा मारे गए बच्चों की बड़ी संख्या बहुत चिंता की बात है। उन्होंने एक बार फिर इजराइल से अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने की अपील की। बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा, स्कूलों और अस्पतालों की सुरक्षा, हमलों में लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर करने तथा नागरिकों को अत्यधिक नुकसान से बचाने की आवश्यकता का अनुपालन करने की बात कही है। संरा ने कांगो में, पिछले साल 3,418 बच्चों के खिलाफ़ 4,043 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी है। सोमालिया में 1,992 बच्चों के खिलाफ 2,568, नाइजीरिया में 1,037 बच्चों के खिलाफ 2,436, हैती में 1,373 बच्चों के खिलाफ 2,269 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी गई है।